समर्पण

प्रद्युम्न-चरित

(आदि कालिक हिन्दी काव्य)

रचयिता:—कवि सधारु

प्राक्कथन लेखक

डा० माताप्रसाद गुप्त, एम० ए०, डी० लिट्०

रीडर, हिन्दी विभाग,

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

*

सम्पादक

पं० चैनसुखदास न्यायतीर्थ

कस्तूरचंद कासलीवाल शास्त्री एम० ए०,

—:**:—

प्रकाशक

केशरलाल बख्शी

मंत्री प्रबन्धकारिणी कमेटी

दि० जैन अ० क्षेत्र श्री महावीरजी

महावीर भवन, सवाई मानसिंह हाईवे

जयपुर

प्राप्ति स्थान:—
जैन साहित्य शोध संस्थान
मंत्री कार्यालय
महावीर भवन सवाई मानसिंह हाईवे
जयपुर

प्रथम संस्करण : जनवरी १९६०
मूल्य ४)

मुद्रक:—
अजन्ता प्रिन्टर्स,
जयपुर

प्रकाशकीय

हिन्दी भाषा की प्राचीन रचना 'प्रद्युम्नचरित' को पाठकों के हाथों में देते हुये मुझे प्रसन्नता हो रही है। इस ग्रंथ की हस्तलिखित प्रति सर्व प्रथम हमें ४-५ वर्ष पूर्व जयपुर के बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्रभण्डार की सूची बनाते समय प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात् शास्त्रभण्डार कामा (भरतपुर) में भी इस ग्रंथ की एक प्रति मिल गयी। क्षेत्र की प्र० का० कमेटी ने ग्रंथ की उपयोगिता को देखते हुये इसके प्रकाशन का निश्चय कर लिया।

प्रद्युम्न चरित दि० जैन अ० क्षेत्र श्रीमहावीरजी की ओर से संचालित जैन साहित्य शोध-संस्थान का आठवां प्रकाशन है। इस पुस्तक के पूर्व क्षेत्र की ओर से राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूची के ३ भाग, प्रशस्ति संग्रह, सर्वार्थ सिद्धिसार आदि खोज पूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। इन पुस्तकों के प्रकाशन से भारतीय साहित्य एव विशेषतः जैन साहित्य की कितनी सेवा हो सकी है इसका तो विद्वान एवं रिसर्च स्कालर्स ही अनुमान लगा सकते हैं लेकिन अपभ्रंश एवं हिन्दी साहित्य के इतिहास से सम्बन्धित पुस्तकें जिनका अभी ५-७ वर्षों में ही प्रकाशन हुआ है उनमें जैन विद्वानों द्वारा लिखी हुई पुस्तकों का उल्लेख देखकर तथा हमारे यहां साहित्य शोध-संस्थान के कार्यालय में आने वाले खोज प्रेमी विद्वानों की संख्या को देखते हुये हम यह कह सकते हैं कि क्षेत्र की ओर से जो ग्रंथ सूचियां, प्रशस्ति संग्रह एवं अनुपलब्ध साहित्य से सम्बन्धित लेख आदि प्रकाशित हुये हैं उनसे साहित्यिक जगत् को पर्याप्त लाभ पहुंचा है।

यद्यपि हमारा प्रमुख ध्यान राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रंथ सूचियां तैयार करवाकर उन्हें प्रकाशित कराने की ओर है लेकिन हम चाहते हैं कि ग्रंथ सूची प्रकाशन के साथ साथ भण्डारों में उपलब्ध होने वाली अज्ञात एवं महत्वपूर्ण सामग्री का भी प्रकाशन होता रहे। अब तक साहित्य शोध संस्थान की ओर से राजस्थान के ७० से भी अधिक ग्रंथ भण्डारों की सूचियां तैयार की जा चुकी हैं तथा उनमें उपलब्ध अज्ञात एवं महत्वपूर्ण रचनाओं का या तो परिचय लिया जा चुका है अथवा उनकी पूरी प्रतिलिपियां उतार कर संग्रह कर लिया गया है। ये प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत एवं हिन्दी भाषा की रचनायें हैं। इन भण्डारों में हमें अपभ्रंश एवं हिन्दी की सबसे अधिक सामग्री मिलती है। अपभ्रंश का विशाल

साहित्य जो हमें प्राप्त हुआ है उसका अधिकांश भाग जयपुर, अजमेर एवं नागौर के भण्डारों में उपलब्ध हुआ है। इस प्रकार हिन्दी की १३–१४ वीं शताब्दी तक की प्राचीनतम रचनायें भी हमें इन्हीं भण्डारों में उपलब्ध हुई हैं। संवत् १३५४ में निबद्ध रल्ह कवि कृत जिनदत्त चौपई इनमें उल्लेखनीय रचना है जो अभी १ वर्ष पूर्व ही कासलीवालजी को जयपुर के पाटोदी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध हुई थी।

हम राजस्थान के सभी ग्रंथ भण्डारों की चाहे वह छोटा हो या बड़ा ग्रंथ सूची प्रकाशित कराना चाहते हैं। इससे इन भण्डारों में उपलब्ध विशाल साहित्य तो प्रकाश में आ ही सकेगा किन्तु ये भंडार भी व्यवस्थित हो जावेंगे तथा उनकी वास्तविक संख्या का पता लग जावेगा। किन्तु हमारे सीमित आर्थिक साधनों को देखते हुये इस कार्य में कितना समय लगेगा यह कहा नहीं जा सकता। फिर भी हम इस कार्य को कम से कम समय में पूर्ण करना चाहते हैं। यदि साहित्यिक यज्ञ के इस मुख्य कार्य में हमें समाज के विद्वानों एवं दानी सज्जनों का सहयोग मिल जावे तो हम इस ग्रंथ सूची प्रकाशन के सारे कार्य को ५–७ वर्ष में ही समाप्त करना चाहते हैं।

ग्रंथ सूची का चतुर्थ भाग जिसमें करीब ६ हजार हस्तलिखित ग्रंथों का विवरण रहेगा प्रायः तैयार है तथा उसे शीघ्र ही प्रकाशनार्थ प्रेस में दिया जाने वाला है इसके अतिरिक्त १३ वीं शताब्दी की हिन्दी रचना जिनदत्त चौपई का भी सम्पादन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है और आशा की जाती है उसे भी हम इसी वर्ष पाठकों के हाथों में दे सकेंगे।

अन्त में प्रद्युम्न चरित के सम्पादन एवं प्रकाशन में हमें श्री कस्तूरचन्दजी कासलीवाल एम. ए. शास्त्री एवं पं० अनूपचन्दजी न्यायतीर्थ आदि जिन २ विद्वानों का सहयोग मिला है मैं उन सभी का आभारी हूं। राजस्थान के प्रसिद्ध विद्वान् श्री चैनसुखदासजी सा० न्यायतीर्थ, अध्यक्ष जैन संस्कृत कालेज का हमें जो ग्रंथ सम्पादन में पूर्णसहयोग मिला है उनका मैं विशेष रूप से आभारी हूं। पंडितजी साहब से हमें साहित्य सेवा की सतत प्रेरणा मिलती रहती है। क्षेत्र की ओर से संचालित इस जैन साहित्य शोध संस्थान की स्थापना भी आप ही की प्रेरणा का फल है। पुस्तक का प्राक्कथन लिखने में प्रयाग विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डा० माताप्रसादजी गुप्त ने जो कष्ट किया है उसके लिये मैं उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूं तथा आशा करता हूं कि भविष्य में भी हमें उनका ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा।

जयपुर
ता० १०-८-५९

केशरलाल बख्शी

प्राक्कथन

हिन्दी साहित्य का प्रारम्भ कब से होता है, यह उसके इतिहास का सबसे अधिक विवादपूर्ण विषय रहा है। पहले कुछ विद्वानों का मत था कि पुंड या पुष्य हिन्दी का आदि कवि था जो आठवीं या नवीं शती में हुआ था किन्तु उसकी कोई रचना प्राप्त नहीं थी। इधर अपभ्रंश के एक सर्व श्रेष्ठ कवि पुष्पदन्त की रचनाओं के प्रकाश में आने पर अनुमान किया जाने लगा है कि पुष्य नाम के जिस कवि का हिन्दी के आदि कवि के रूप में उल्लेख होता रहा है, वह कदाचित् पुष्पदन्त था। किंतु पिछले ५०—६० वर्षों की खोज में पुष्पदन्त ही नहीं अपभ्रंश के चार दर्जन से अधिक कवियों की रचनाएं प्रकाश में आई हैं। प्रश्न यह उठता है कि इस अपभ्रंश साहित्य को हिन्दी साहित्य से पृथक स्थान मिलना चाहिए या इसे पुरानी हिन्दी का साहित्य ही मान लेना चाहिए।

इस प्रश्न का उत्तर देने के लिये हमें भाषा के इतिहास की ओर मुड़ना पड़ता है। भारतीय भाषाओं पर जिन विद्वानों ने कार्य किया है, उनका मत है कि बंगला, मराठी, गुजराती आदि की भांति हिन्दी भी एक आधुनिक भारतीय आर्य-भाषा है। इसकी विभिन्न बोलियां उन उन क्षेत्रों में बोली जाने वाली अपभ्रंशों से विकसित हुई है, और अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं की भांति हिंदी की विभिन्न बोलियों की भी कुछ विशषताएं हैं जो उन्हें उनके पूर्ववर्ती अपभ्रंशों से अलग करती है। उनका यह भी मत है कि समस्त अपभ्रंशों को मध्य कालीन भारतीय आर्य भाषाओं में स्थान मिलना चाहिए क्योंकि उनकी सामान्य प्रवृत्तियां मध्यकालीन भारतीय भाषाओं की हैं।

किन्तु यहां पर यह भी जान लेना आवश्यक होगा कि बोलचाल की भाषाएँ एकदम नहीं बदलती हैं, उनमें धीरे धीरे परिवर्तन होता चलता है और ऊपर मध्य कालीन और आधुनिक आर्य भाषाओं में जिस प्रकार का अन्तर बताया गया है, वह क्रमशः उपस्थित होता है। अतः काफी लंबे समय तक ऐसा रहा होगा कि अपभ्रंश के विशिष्ट तत्व धीरे-धीरे समाप्त हुए होंगे और आधुनिक भारतीय भाषाओं के विशिष्ट तत्व अंकुरित होकर पल्लवित हुए होंगे। इसलिए जिस साहित्य में अपभ्रंश और आधुनिक आर्य भाषाओं दोनों के तत्व मिलते हैं उन्हें कहां रक्खा जाए, यह प्रश्न बना ही रहता है, भले ही हम सिद्धान्ततः यह मानलें कि अपभ्रंश—

साहित्य को हिंदी साहित्य से अलग स्थान मिलना चाहिए। यह सन्धिकालीन साहित्य परिमाण में कम नहीं है। इसका सर्व श्रेष्ठ व्यावहारिक उत्तर कदाचित् यही है कि इसे दोनों साहित्यों की सम्मिलित सम्पत्ति माना जाए। इसे उतना ही ह्रासकालीन अपभ्रंश का साहित्य माना जाए जितना इसे आधुनिक भाषाओं के प्रादुर्भाव काल का। और विद्वानों का यह कर्तव्य है कि इस संधिकालीन साहित्य को शेष समस्त अपभ्रंश साहित्य से भाषा तत्वों के आधार पर अलग करके इसे सूची बद्ध करें, तभी हमारे साहित्य के इतिहास के इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उचित रीति से समाधान हो सकता है कि उसका प्रारंभ कब से होता है।

यदि इस संधिकालीन साहित्य का अनुशीलन किया जावे तो यह सुगमता से देखा जा सकता है कि इसके निर्माण में सबसे बड़ा हाथ जैन विद्वानों और महात्माओं का रहा है, और वस्तुत: साहित्य में इनका इतना बड़ा योग रहा है जो कि इस संधिकाल से पूर्व निर्मित हुआ था। इतना ही नहीं विभिन्न मात्राओं में आधुनिक आर्य भाषाओं के मिश्रण के साथ जैन विद्वान और महात्मा सत्रहवीं शती तक बराबर अपभ्रंश में रचनाएँ करते आ रहे हैं। अभी अभी जैन कवि पं० भगवतीदास कृत 'मइंकलेहचरिउ' (मृगांकलेखाचरित) नाम की रचना मेरे देखने में आई है* जो विक्रमीय अठारहवीं शती की रचना है। इसलिए यह प्रकट है कि अपभ्रंश के साहित्य की श्रीवृद्धि में जैन कृतिकारों का योग असाधारण रहा है। जब अपभ्रंश बोलचाल की भाषा नहीं रह गई थी और उसका स्थान आधुनिक आर्य भाषाओं ने ले लिया था, उसके बाद भी सात आठ शताब्दियों तक जैन कृतिकारों ने अपभ्रंश की जो सेवा की, वह भारतीय साहित्य के इतिहास में एक ध्यान देने की वस्तु है। इससे उनका अपभ्रंश के प्रति एक धार्मिक अनुराग सूचित होता है; इसलिए यदि परिनिष्ठित अपभ्रंश और संधिकालीन अपभ्रंश का सबसे महत्वपूर्ण अंश हमें जैन विद्वानों और कवियों की कृतियों के रूप में मिलता है तो आश्चर्य न होना चाहिये।

किंतु एक कारण और भी इस बात का है जो इस साहित्य के कृतिकारों में जैन कवियों और महात्माओं का बाहुल्य दिखाई पड़ता है। वह यह है कि जैन धर्मावलंबियों ने अपने साहित्य की बड़ी निष्ठा पूर्वक सुरक्षा की है। अपभ्रंश तथा संधियुग का जितना भी भारतीय साहित्य प्राप्त हुआ है, उसका सर्व प्रमुख अंश जैन भंडारों से ही प्राप्त हुआ है, इसलिए उस साहित्य में यदि जैन कृतियों का बाहुल्य हो तो उसे स्वाभाविक ही मानना चाहिए और इसके प्रमाण प्रचुरता से मिलते हैं कि अपभ्रंश और संधि युग में साहित्य–रचना अनेक जैनेतर कवियों ने

*इस ग्रंथ के संपादक श्री कस्तूरचंद कासलीवाल की कृपा से प्राप्त।

की है; उदाहरणार्थ 'प्राकृत 'पैंगल'* में उदाहरणों के रूप में संकलित अधिकतर छन्द जैनेतर कवियों के प्रतीत होते हैं; हेमचन्द्र द्वारा उदाहृत तथा जैन प्रबंधकारों द्वारा उद्धृत+ छंदों में भी एक बड़ी संख्या जैनेतर कृतियों के छंदों की लगती है। बौद्ध सिद्धों की रचनाएं तो सर्व विदित ही हैं। इसलिए यह मानना पड़ेगा कि इन दोनों युगों का जैनेतर साहित्य भी बहुत था और उसकी खोज अधिकाधिक की जानी चाहिए।

कुछ पूर्व तक जैन भंडारों में प्रवेश असंभव-सा था, किंतु अब अनेक भांडारों ने अपने संग्रहों को दिखाने के लिए प्रवेश की व्यवस्था कर दी है। उधर उनके संग्रह को सूचीबद्ध करने का भी एक व्यवस्थित आयोजन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी, जयपुर के शोध-विभाग द्वारा प्रारंभ हुआ है, जिसके अन्तर्गत राजस्थान के जैन भण्डारों की पोथियों के विवरण संकलित और प्रकाशित किए जा रहे हैं। इस खोज कार्य में अनेकानेक अपभ्रंश, संधिकालीन हिंदी तथा आदि-कालीन हिंदी की रचनाओं का पता लगा है, जिससे हिंदी साहित्य के बहुत से परमोज्वल रत्न प्रकाश में आने लगे हैं। इन्हीं में से एक सबसे उज्वल और मूल्यवान रत्न सधारु कृत प्रद्युम्न चरित है। इसकी रचना विभिन्न पाठों के अनुसार सं० १३११, १४११ और १५११ में हुई है, किन्तु गणना के अनुसार सं० १४११ की तिथि ठीक आती है, इसलिये वही इसकी वास्तविक रचना तिथि है। इस समय के आस-पास की निश्चित तिथियों की रचनाएं इनी-गिनी हैं, और जो हैं भी, इतने अधिक निश्चित रूप और पाठ की और भी कम है। आकार में यह रचना चउपई छंदों की एक सतसई है और काव्य दृष्टि से भी बड़े महत्व की है। इसलिये इस रचना की खोज से हिन्दी साहित्य के आदिकाल की निश्चित श्री वृद्धि हुई है। यह बड़े हर्ष की बात है कि श्री पं० चैनसुखदास न्यायतीर्थ तथा श्री कस्तूरचन्द कासलीवाल शास्त्री द्वारा इसका सम्पादन करा कर अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी, जयपुर के शोध-विभाग ने इसके प्रकाशन की व्यवस्था की है। उसकी इस सेवा के लिये हिन्दी जगत् को अतिशय क्षेत्र का आभार मानना चाहिए।

श्री पं० चैनसुखदास तथा श्री कासलीवाल ने इसका सम्पादन बड़े ही परिश्रम और योग्यता के साथ किया है। उन्होंने इसकी सर्वोत्तम कृतियों का उपयोग सम्पादन में करते हुए उन सब के पाठान्तर विस्तारपूर्वक इस संस्करण में दिये हैं

---

* सम्पादक—चन्द्रमोहन घोष, प्रकाशक—एशियाटिक सोसाइटी बंगाल, कलकत्ता।

\+ देखो, हेमचन्द्र का प्राकृत व्याकरण, मेरुतुङ्ग का प्रबन्ध चिन्तामणि तथा मुनिजिन विजय द्वारा सम्पादित—पुरातन प्रबन्ध संग्रह।

जिनकी सहायता से इस रचना का पाठ निर्धारण पाठानुसंधान की आधुनिक प्रणाली पर भी करने में पर्याप्त सहायता मिलेगी फिर उन्होंने हिन्दी में अर्थ भी सम्पूर्ण रचना का दिया है। हिन्दी की प्राचीन कृतियों का सन्तोषजनक रूप से अर्थ लगाना एक अत्यन्त कठिन कार्य है, कारण यह है कि उसके लिये आवश्यक कोषों का अत्यन्त अभाव है। हिन्दी के सबसे बड़े और सबसे मूल्यवान कोष 'हिन्दी शब्द स गर मे ऐसे ग्रन्थों का अर्थनिर्धारण में कोई सहायता नहीं मिलती। पुरानी हिन्दी का भावात्मक अध्ययन भी अभी तक नहीं हुआ है, यह भी खेद का विषय है। ऐसी दशा में किसी भी पुरानी हिन्दी कृति का अर्थ देना स्वतः एक कष्ट साध्य कार्य हो जाता है। सम्पादकों ने रचना का यथासम्भव ठीक-ठीक अर्थ लगाने का प्रशंसनीय प्रयास किया है। उन्होंने रचना की समीक्षा भी विभिन्न दृष्टियों से उसकी भूमिका में की है। इससे सभी प्रकार के पाठकों को, रचना को और उसके महत्व को समझने में सहायता मिलेगी। अतः मैं सम्पादकों को इस सम्पादन के लिये हृदय से बधाई देता हूं। वे इस ग्रन्थमाला से अनेक नव-प्राप्त प्राचीन हिन्दी की रचनाओं का सम्पादन करना चाहते हैं। मेरी यही शुभकामना है कि वे अपने संकल्प को पूरा करने में सफल हों।

इस संस्करण में पाठ-निर्धारण के लिये वे आधुनिक पाठानुसन्धान की प्रणाली का आश्रय नहीं ले सके हैं अन्यथा पाठ कुछ और अधिक प्रामाणिक हो सकता था। आशा है कि वे इसके अगले संस्करण में इस अभाव की पूर्ति करेंगे।

प्रयाग — माताप्रसाद गुप्त

३१-६-५६.

प्रस्तावना

प्रद्युम्न चरित का हमें सर्व प्रथम परिचय देने का श्रेय स्व० रायबहादुर डा० हीरालाल को है, जिन्होंने 'सर्च रिपोर्ट' सन् १६२३-२४ में इसका उल्लेख किया था। इसके पश्चात् श्री बाबू कामताप्रसाद अलीगंज (एटा) द्वारा लिखित "हिन्दी जैन साहित्य का संक्षिप्त इतिहास" नामक पुस्तक से इसका परिचय प्राप्त हुआ, किन्तु उन्होंने अपनी उक्त पुस्तक में इसका उल्लेख वीर सेवा मन्दिर देहली के मुख-पत्र 'अनेकान्त' में प्रकाशित एक सूचना के आधार पर किया था और इस सूचना में इसे गद्य की रचना बतलाया था। इसी पुस्तक के प्राक्कथन में डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने उसे गद्य ग्रन्थ मान कर शीघ्र प्रकाशित करने का अनुरोध किया था। श्री अगरचन्द नाहटा बीकानेर को जब उक्त पुस्तक पढ़ने को मिली तो उसे देखने पर उन्हें पता चला कि 'प्रद्युम्न-चरित' गद्य रचना न होकर पद्य रचना है एवं उसका रचना संवत् १४११ है। इसके बाद नाहटाजी का जयपुर से प्रकाशित 'वीरवाणी' पत्र के वर्ष १ अङ्क १०-११ (सन् १६४७) में "सं० १६८८ का लिखित प्रद्युम्न-चरित्र क्या गद्य में है?" नामक लेख प्रकाशित हुआ जिसमें उन्होंने ग्रन्थ के सम्बन्ध में संक्षिप्त किन्तु वास्तविक परिचय दिया और लेख के अन्त में निम्नलिखित परिणाम निकाला :—

"उपर्युक्त पद्यों से स्पष्ट है कि कवि का नाम रायरच्छ नहीं, पर साधारु या सधारु था। वे अगरोवह से उत्पन्न अग्रवाल जाति के शाह महराज (महाराज नहीं) एवं गुणवती के पुत्र थे। इनका निवास स्थान सम्भवतः रायरच्छ था। इसे ही सूची कर्ता ने रायरच्छ पढ़ कर इसे ग्रन्थकर्ता का नाम बतला दिया है। नगवर सन्त पाठ अशुद्ध है सम्भवतः र व शब्द को आगे पीछे लिख दिया है। शुद्ध पाठ नगर बसन्त होना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण सूचना प्रति से रचना काल की मिली है। अभी तक सम्वत् १४११ की इतनी स्पष्ट रचना ज्ञात नहीं है इस दृष्टि से इसका बड़ा महत्व है।"

इसके पश्चात् प्रद्युम्न चरित के महत्व को प्रकाश में लाने अथवा उसके प्रकाशन पर किसी का ध्यान नहीं गया। इधर हमारा राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों की ग्रन्थ सूचियां तैयार करने का पुनीत कार्य चल ही रहा था।

सन् १९५४ में जयपुर के बधीचन्दजी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार की सूची बनाने के अवसर पर उसी भण्डार में हमें 'प्रद्युम्न-चरित' की भी एक प्रति प्राप्त हुई। जयपुर के उक्त भण्डार की ग्रन्थ सूची बनाने का काम जब पूरा हो गया तो इस पुस्तक के सम्पादक श्री कासलीवाल और श्री अनूपचन्द न्यायतीर्थ को भरतपुर प्रान्त के जैन ग्रन्थ भण्डारों को देखने के लिये जाना पड़ा और कामां (भरतपुर) के दोनों ही मन्दिरों के शास्त्र भण्डरों में 'प्रद्युम्न-चरित' की एक एक प्रति और भी उपलब्ध हो गई लेकिन जब इन दोनों प्रतियों को परस्पर में मिलाया गया तो पाठ भेद एवं प्रारम्भिक पाठ विभिन्नता के अतिरिक्त रचना काल में भी १०० वर्ष का अन्तर मिला। अग्रवाल पंचायती मन्दिर वाली प्रति में रचना सम्वत् १३११ दिया हुआ है किन्तु यह प्रति अपूर्ण, फटी हुई एव नवीन है। भाषा की दृष्टि से भी वह नवीन मालूम होती है। खंडेलवाल पंचायती मन्दिर वाली प्रति में रचना काल सम्वत् १४११ दिया हुआ है तथा वह प्राचीन भी है। इसी प्रति का हमने सम्पादन कार्य में 'क' प्रति के नाम से उपयोग किया है।

इसी बीच में नागरी प्रचारिणी सभा की ओर से रीवां में हिन्दी ग्रन्थों के शोध का कार्य प्रारम्भ किया गया और सभा के साहित्यान्वेषक को वहीं के दि० जैन मन्दिर में इस ग्रन्थ की एक प्रति प्राप्त हुई, जिसका संक्षिप्त परिचय 'साप्ताहिक हिन्दुस्तान' देहली में प्रकाशित हुआ। पर इस लेख से भी 'प्रद्युम्न-चरित' के सामान्य महत्व के अतिरिक्त कोई विशेष परिचय नहीं मिला। साहित्यान्वेषक महोदय ने लिखा है कि "इसके कर्ता गुण सागर (जैन) आगरा निवासी सम्वत् १३११ में हुए थे" लेखक ने इस रचना को ७०१ वर्ष पहले की बताया। ग्रन्थ का वही नाम देख कर हमने उसका आदि अन्त का पाठ भेजने के लिये श्री रघुनाथजी शास्त्री को लिखा। हमारे अनुरोध पर नागरी प्रचारिणी सभा ने रीवां वाली प्रति का आदि अन्त का पाठ भेजने की कृपा की। इसके कुछ दिन पश्चात् ही क्षेत्र के अनुसन्धान विभाग को देखने के लिये श्री नाहटाजी का आगमन हुआ और वे रीवां वाली प्रति का आदि अन्त का भाग अपने साथ ले गये। तदनंतर नाहटाजी का प्रद्युम्न-चरित पर एक विस्तृत एवं खोजपूर्ण लेख 'हिन्दी अनुशीलन' वर्ष ९ अङ्क १-४ में 'सम्वत् १३११ में रचित प्रद्युम्न-चरित्र का कर्ता' शीर्षक प्रकाशित हुआ।

इसके बाद इस रचना को श्री महावीर क्षेत्र की ओर से प्रकाशित कराने का निश्चय किया गया। दो प्रतियां तो हमारे पास पहिले ही से थीं और दो प्रतियां श्री नाहटाजी द्वारा प्राप्त हो गईं। नाहटाजी द्वारा प्राप्त इन

दो प्रतियों में से एक प्रति देहली के शास्त्र भण्डार की है और दूसरी सिंघी ओरिन्टियल इन्स्टीट्यूट उज्जैन के संग्रहालय की है। इन चारों प्रतियों का संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है :—

(१) यह प्रति जयपुर के श्री बधीचन्दजी के दि० जैन मन्दिर के शास्त्र भण्डार की है। इस प्रति में ३४ पत्र हैं। पत्रों का आकार ११३/४ × ४३/४ इञ्च का है। इस प्रति का लेखन काल सम्वत् १६०५ आसोज बुदी ३ मंगलवार है। प्रति प्राचीन एवं स्पष्ट है। इसमें पद्यों की संख्या ६८० है। इस संस्करण का मूलपाठ इसी प्रति से लिया गया है। लेकिन प्रकाशित संस्करण में पद्यों की संख्या ७०१ दी गई है। इसका मूल कारण यह है कि वस्तुबंध छद के साथ प्रयुक्त होने वाली प्रथम चौपई को भी लिपिकार अथवा कवि ने उसी पद्य में गिन लिया है इसी से पद्यों की संख्या कम हो गई। इस प्रति के अतिरिक्त अन्य सभी प्रतियों में वस्तुबंध के पश्चात् प्रयुक्त होने वाली चौपई छंद को भिन्न छंद माना है तथा उसकी संख्या भी अलग ही लगाई गई है। प्रस्तुत पुस्तक में १७ वस्तुबंध छंदों का प्रयोग हुआ है इसलिये १७ चौपई तो वे बढ़ गई, शेष ४ छंदों की संख्या लिखने में गल्ती होने के कारण बढ़ गई हैं, इसलिये इस संस्करण में ६८० के स्थान में ७०१ संख्या आती है। कहीं कहीं चौपई छंद में ४ चरणों के स्थान पर ६ चरणों का भी प्रयोग हुआ है।

(२) दूसरी प्रति ('क' प्रति)

यह प्रति कामां (भरतपुर) के खण्डेलवाल जैन पंचायती मन्दिर के शास्त्र भण्डार की है जिसकी पत्र संख्या ३२ है तथा पत्रों का आकार १० × ४३/४ इञ्च है। इसकी पद्य संख्या ७१६ है, लेकिन ७०० पद्य के पश्चात् लिपिकार ने ७०१ संख्या न लिख कर ७१० लिख दी है इसलिये इसमें पद्यों की कुल संख्या वास्तव में ७०७ है। प्रति में लेखन काल यद्यपि नहीं दिया है, किन्तु यह प्रति भी प्राचीन जान पड़ती है और सम्भवतः १७ वीं शताब्दी या इससे भी पूर्व की लिखी हुई है। इस प्रति में २३ वें पत्र से २८ वें पत्र तक अर्थात् मध्य के ६ पत्र नहीं हैं।

(३) तीसरी प्रति ('ख' प्रति)

यह प्रति देहली के सेठ के कूंचे के जैन मन्दिर के भण्डार की है, जो वहां के साहित्य सेवी ला० पन्नालाल अग्रवाल की कृपा से नाहटाजी को प्राप्त हुई थी। यह प्रति एक गुटके में संग्रहीत है। गुटके में इस रचना के ७२ पत्र हैं। प्रति की लिपि स्पष्ट तथा सुन्दर है। इस प्रति में पद्यों की संख्या

७१४ है जो मूल प्रति से १३ अधिक हैं। यह सम्वत् १६४८ जेठ सुदी १२ गुरुवार को हिसार नगर में दयालदास द्वारा लिखी गई थी। पांडे प्रहलाद ने इसकी प्रतिलिपि की थी। इसकी लेखक प्रशस्ति निम्न प्रकार है :—

संवत् १६४८ वर्षे ज्येष्ठ शुक्ल पक्षे १२ द्वादश्यां गुरुवासरे श्री साहजहा राज्ये श्री हिसार नगर मध्ये लिखितं दयालदासेन लिखापितं पांडे पहिलाद। शुभमस्तु।

(४) चौथी प्रति ('ग' प्रति)

यह प्रति सिंधिया ओरिन्टियल इन्स्टीट्यूट उज्जैन के संग्रहालय की है। इस प्रति में ७१३ छंद हैं। इसका लेखनकाल संवत् १६३४ आसोज बुदी ११ आदित्यवार है। इस प्रति को राजगच्छ के उपाध्याय विनयसुन्दर के प्रशिष्य एवं भक्तिरत्न के शिष्य नवरत्न ने अपने पढ़ने के लिये लिखा था। पाठ भेदों में इस प्रति को 'ग' प्रति कहा गया है।

इसमें प्रारम्भ से ही चौबीस तीर्थंकरों को नमस्कार किया गया है जब कि अन्य तीन प्रतियों में ८ वें पद्य से (ख प्रति में ७ वें पद्य से) नमस्कार किया गया है। मंगलाचरण के प्रारम्भ के १२ पद्य निम्न प्रकार हैं—

रिषभ अजित संभो जिनस्वामि, कम्मनि नासि भयो शिवगामी।
अभिनंदनदेउ सुमति जगईस, तीनि वार तिन्ह नामउ सीस ॥ १ ॥

पद्मप्रभ सुपास जिरणदेव, इन्द फनिंद करहि तुम्ह सेव।
चन्द्रप्रभ आठमउ जिरिंगद, चिन्ह धुजा सोहइ वर चन्दु ॥ २ ॥

नवमउ सुविधि नवहु भवितासु, सिद्ध सरुपु मुकति भयो भासु।
सीतल नाथ श्रेयांस जिरणंदु, जिरण पूजत भवो होइ आनंद ॥ ३ ॥

वासपूज्य जिरणधर्म सुजारण, भवियरण कमल देव तुम्ह भारणु।
चक्र भवनु साई संसारु, स्वर नरकउ सु उलंघरण हारु ॥ ४ ॥

विमलनाथ जउ निर्म्मलबुधि, तजि भउ पार लही सिव सिद्धि।
सो जिरण अनंतु बारंबार, अष्ट कर्म्म तिरिण कीन्हे छार ॥ ५ ॥

जउ रे धर्म्म धम्मधुरवीर, पंच सुमति वर साहस धीर।
बैरे सति तजी जिरिण रीस, भवीयरण संति करउ जगईस ॥ ६ ॥

कंथु अरह चक्कवइ नरिंद, निर्ज्जर कर्म्म भयो सिव इन्द ।
जोति सरुपु निरंजण कारु, गजपुर नयरी लेवि अवतारु ॥ ७ ॥
मल्लिनाथ पंचेन्द्री मल्ल, चउरासी लक्ष कियो निसल्ल ।
जउरे मुनिसुव्रत मुनि इंद, मन मर्दन वीसवे जिनंद ॥ ८ ॥
जउरे नामि गुण ग्यांन गंभीर, तीन गुपति वर साहसधोर ।
निलोपल लंछन जिनराज, भवियण वहु परिसारइ काज ॥ ९ ॥
सोरीपुरि उपनउ वरवीरु, जादव कुल मंडण गंभीरु ।
जाउरे जिणवर नेमि जिणंद, रतिपति राइ जिण पूनिमचंदु ॥१०॥
आससेन नृप नंदनवीर, दुष्ट विघन संतोषण धीर ।
जाउरे जिणवर पास जिणंद, सिरफन छत्र दीयो धरणिंद ॥११॥
मेर सिखर पूरव दिसि जाइ, इन्द्र सुर त्रिभुवन राइ ।
कंचन कलस भरे जल क्षीर, ढालहि सीस जिणेसर वीर ॥१२॥

उक्त ४ प्रतियों के अतिरिक्त जब नवम्बर सन् ५८ के प्रथम सप्ताह में श्री नाहटाजी जयपुर आये तो उन्होंने 'प्रद्युम्न-चरित' की एक और प्रति का जिक्र किया और उसे हमारे पास भेज दिया। यद्यपि इस प्रति का पाठ भेद आदि में अधिक उपयोग नहीं किया जा सका, किन्तु फिर भी कुछ सन्देहास्पद पाठ इस प्रति से स्पष्ट हो गये। यह प्रति भी प्राचीन है तथा संवत् १६६६ श्रावण बुदी ६ आदित्यवार की लिखी हुई है। प्रति में २७ पत्र हैं तथा उनका १०३/४ × ४३/४ इञ्च का आकार है। इसमें पद्य सख्या ७०१ है। इस प्रति की विशेषता यह है कि इसमें रचना काल सम्वत् १३११ भादवा सुदी ५ दिया हुआ है। इसके अतिरिक्त मूल प्रति के प्रारम्भ में जो विस्तृत स्तुति खण्ड है वह इस प्रति में नहीं है। प्रति के प्रारम्भ में ६ पद्य निम्न प्रकार है।

अठदल कमल सरोवरि वासु, कासमीरि पुरियउ निवासु ।
हंसि चडी करि वीणा लेइ, कवि सधारु सरसै पणवेइ ॥ १ ॥
पणमावती दंडु करि लेइ, ज्वालामुखी चक्केसरि देइ ।
अंबाइणि रोहण जो सारु, सासण देवि नवइ साधारु ॥ २ ॥

स्वेत वस्त्र पदमासणि लीण, करहिं आलवणि बाजहि वीण।
आगमु जाणि देइ बहुमती, पुणु पणवौं देवी सुरस्वती ॥ ३ ॥
जिण सासण जो विघन हरेइ, हाथि लकुटि ले आगै होइ।
भवियहु दुरिय हरइ असरालु, आगिवाणि पणवउ खितपालु ॥ ४ ॥
संवत् तेरहसइ होइ गए, ऊपरि अधिक एयारह भए।
भादव सुदि पंचमि जो सारु, स्वाति नक्षत्रु सनीश्चरु वारु ॥ ५ ॥

वस्तुबंध:—

णविवि जिणवर सुद्ध सुपवित्तु

नेमीसरू गुणनिलउ, स्याम वणु सिवएवि नंदणु।
चउतीसह अइसइ सहिउ, कमकणी घण माण मद्दणु।
हरिवंसह कुल तिलउ, निजिय नाह भवणासु।
सासइ सुह पावहं हरणु, केवलणाण पसु ? ॥ ६ ॥

विभिन्न भाषाओं में प्रद्युम्न के जीवन से सम्बन्धित रचनायें:—

प्रद्युम्न कुमार जैनों के १६६ पुण्य पुरुषों में से एक हैं। इनकी गणना चौबीस कामदेवों (अतिशय रूपवान) में की गई है। यह नवमें नारायण श्री कृष्ण के पुत्र थे। यह चरमशरीरी (उसी जन्म से मोक्ष जाने वाले) थे। इनका चरित्र अनेक विशेषताओं को लिये हुए होने के कारण आकर्षणों से भरा पड़ा है। मनुष्य का उत्थान और पतन एवं मानव-हृदय की निर्बलताओं का चित्रण इस चरित्र में बहुत ही खूबी से हुआ है और यही कारण है कि जैन वाङ्मय में प्रद्युम्न के चरित्र का महत्वपूर्ण स्थान है। न केवल पुराणों में ही प्रसंगानुसार प्रद्युम्न का चरित्र आया है अपितु अनेक कवियों ने स्वतन्त्र रूप से भी इसे अपनी रचना का विषय बनाया है।

प्रद्युम्न का जीवन चरित्र सर्व प्रथम जिनसेनाचार्य कृत 'हरिवंश पुराण' के ४७ वें सर्ग के २० वें पद्य से ४८ वें सर्ग के ३१ वें पद्य तक मिलता है। फिर गुणभद्र के उत्तर पुराण में, स्वयम्भू कृत रिट्ठणेमिचरिउ (८ वीं शताब्दी) में, पुष्पदन्त के महापुराण (९–१० वीं शताब्दी) में तथा धवल के हरिवंश पुराण (१० वीं शताब्दी) में वह प्राप्त होता है। इन रचनाओं

में से प्रथम दो संस्कृत एवं शेष अपभ्रंश भाषा की हैं। उक्त पुराणों के अतिरिक्त संस्कृत, अपभ्रंश एवं हिन्दी में प्रद्युम्न के जीवन से सम्बन्धित जो स्वतन्त्र रचनायें मिलती हैं उनके नाम निम्न प्रकार हैं :—

क्र० सं०	रचना का नाम	कर्ता का नाम	भाषा	रचना काल
१.	प्रद्युम्नचरित्र	महासेनाचार्य	संस्कृत	११वीं शताब्दी
२.	पज्जुण्णकहा	सिंह अथवा सिद्ध	अपभ्रंश	१३वीं शताब्दी
३.	प्रद्युम्नचरित	कवि सधारु	हिन्दी	सं० १४११
४.	प्रद्युम्नचरित्र	भ० सकलकीर्ति	संस्कृत	१५वीं शताब्दी
५.	प्रद्युम्नचरित्र	रइधू	अपभ्रंश	१५वीं शताब्दी
६.	प्रद्युम्नचरित्र	सोमकीर्ति	संस्कृत	सं० १५३०
७.	प्रद्युम्न चौपई	कमलकेशर	हिन्दी	स० १६२६
८.	प्रद्युम्नरासो	ब्रह्मरायमल्ल	हिन्दी	स० १६२८
९.	प्रद्युम्नचरित्र	रविसागर	संस्कृत	सं० १६४५
१०.	शाम्बप्रद्युम्न रास	समयसुन्दर	राजस्थानी	सं० १६५९
११.	प्रद्युम्नचरित्र	शुभचन्द्र	संस्कृत	१७वीं शताब्दी
१२.	प्रद्युम्नचरित्र	रतनचन्द्र	संस्कृत	सं० १६७१
१३.	प्रद्युम्नचरित्र	मल्लिभूषण	संस्कृत	१७वीं शताब्दी
१४.	प्रद्युम्नचरित्र	वादिचन्द्र	संस्कृत	१७वीं शताब्दी
१५.	शाम्बप्रद्युम्न राम	ज्ञानसागर	हिन्दी	१७वीं शताब्दी
१६.	शाम्बप्रद्युम्न चौपई	जिनचन्द्र सूरि	हिन्दी	१७वीं शताब्दी
१७.	प्रद्युम्नचरित्र	भोगकीर्ति	संस्कृत	——
१८.	प्रद्युम्नचरित्र	जिनेश्वर सूरि	संस्कृत	——
१९.	प्रद्युम्नचरित्र	यशोधर	संस्कृत	——
२०.	प्रद्युम्नचरित्र भाषा	—	हिन्दी गद्य	——
२१.	प्रद्युम्नप्रबन्ध	देवेन्द्रकीर्ति	हिन्दी	सं० १७२२
२२.	प्रद्युम्नरास	मायाराम	हिन्दी	सं० १८१८
२३.	शाम्बप्रद्युम्न रास	हर्षविजय	हिन्दी	सं० १८४२
२४.	प्रद्युम्नप्रकाश	शिवचन्द	हिन्दी	सं० १८७९
२५.	प्रद्युम्नचरित	बख्तावरसिंह	हिन्दी गद्य	सं० १९१४

उक्त रचनाओं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि स्वतन्त्र रूप से महासेनाचार्य (११ वीं शताब्दी) के संस्कृत 'प्रद्युम्न चरित्र' एवं सिंह कवि के अपभ्रंश पज्जुण्णकहा (१३ वीं शताब्दी) के पश्चात् हिन्दी में

सर्व प्रथम रचना करने का श्रेय कवि सधारु को है। इसी रचना के पश्चात् संस्कृत और हिन्दी में प्रद्युम्न के जीवन पर २३ रचनायें लिखी गई। इससे विद्वानों एवं कवियों के लिये प्रद्युम्न का जीवन चरित्र कितना प्रिय था, इसका स्पष्ट पता लगता है।

प्रद्युम्न चरित की कथा—

द्वारका नगरी के स्वामी उन दिनों यादव-कुल-शिरोमणि श्री कृष्णजी थे। सत्यभामा उनकी पटरानी थी। एक दिन उनकी सभा में नारद ऋषि का आगमन हो गया। श्री कृष्ण ने तो उनका आदर सत्कार कर अपने सभा भवन से उन्हें विदा कर दिया, पर जब वे सत्यभामा का कुशल-क्षेम पूछने उसके महल में गये तो उसने उनका कोई सम्मान नहीं किया। इससे ऋषि को बड़ा क्रोध आया और अपमान का बदला लेने की ठान ली। वे सत्यभामा से भी सुन्दर किसी स्त्री का कृष्णजी के साथ विवाह करने की सोचने लगे। बहुत खोज करने पर उन्हें रुक्मिणी मिली, किन्तु उसका विवाह शिशुपाल से होना तय हो चुका था। नारद ने वहां से लौट कर श्रीकृष्णजी से रुक्मिणी के सौन्दर्य की खुब प्रशंसा की और अन्त में उसके साथ विवाह करने का प्रस्ताव रखा। श्री कृष्ण बड़े खुश हुए। उन्होंने बलराम को साथ लेकर छलपूर्वक रुक्मिणी का हरण कर लिया। रथ में बिठाने के पश्चात् उन्होंने रुक्मिणी को छुड़ाने के लिये सभी प्रतिपक्षी योद्धाओं को ललकारा। शिशुपाल सेना लेकर श्रीकृष्ण से लड़ने आ गया। दोनों में घमासान युद्ध हुआ। अन्त में शिशुपाल मारा गया और श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारका की ओर चले। मार्ग में विवाह सम्पन्न कर श्रीकृष्ण द्वारका पहुँच गये। नगर में खूब उत्सव मनाये गये। रुक्मिणी के विवाह के बाद बहुत समय तक श्री कृष्णजी ने सत्यभामा की कोई खबर न ली। इससे सत्यभामा को बड़ा दुःख हुआ। सत्यभामा के निवेदन करने पर श्री कृष्णजी ने उसकी रुक्मिणी से भेंट कराई। सत्यभामा और रुक्मिणी ने बलराम के सामने प्रतिज्ञा की कि जिसके पहिले पुत्र होगा वह पीछे होने वाले पुत्र की माता के बालों का अपने पुत्र के विवाह के समय मुण्डन करा देगी।

दोनों रानियों के एक ही दिन पुत्र उत्पन्न हुए। दोनों के दूतों ने जब यह सन्देश श्रीकृष्ण को जाकर कहा तब रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न को बड़ा पुत्र माना गया किन्तु उसको जन्म लेने की ६ठी रात्रि को ही धूमकेतु नामक असुर हरण कर लेगया और पूर्व भव के बैर के कारण उसे वन में एक शिला के नीचे दबा कर चला गया। उसी समय विद्याधरों का राजा

कालसंवर अपनी प्रिया कञ्चनमाला के साथ विमान द्वारा उधर से जारहा था। उसने पृथ्वी पर पड़ी हुई भारी शिला को हिलते देखा। शिला को उठाने पर उसे उसके नीचे एक अत्यधिक सुन्दर बालक दिखाई दिया। तुरन्त ही उसने उस सुन्दर बालक को उठा लिया और अपनी स्त्री को दे दिया। कालसंवर ने नगर में पहुँचने के बाद उस बालक को अपना पुत्र घोषित कर दिया।

उधर रुक्मिणी पुत्र वियोगाग्नि में जलने लगी। उसी समय नारद ऋषि का वहां आगमन हुआ। जब उन्होंने प्रद्युम्न के अकस्मात गायब होने के समाचार सुने तो उन्हें भी दुख हुआ। रुक्मिणी को धैर्य बंधाते हुए नारद ऋषि प्रद्युम्न का पता लगाने विदेह क्षेत्र में केवली भगवान् के समवसरण में गये। वहां से पता लगाकर वे रुक्मिणी के पास आये और कहा कि १६ वर्ष बाद प्रद्युम्न स्वयं सानन्द घर आ जायेगा।

कालसंवर के यहां प्रद्युम्न का लालन पालन होने लगा। पांच वर्ष की आयु में ही उसे विद्याध्ययन एवं शस्त्रादि चलाने की शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा गया। थोड़े ही समय में वह सर्व विद्याओं में प्रवीण हो गया। कालसंवर के प्रद्युम्न के अतिरिक्त ५०० और पुत्र थे। राजा कालसंवर का एक शत्रु था राजा सिंहरथ जो उसे आये दिन तंग किया करता था। उसने अपने ५०० पुत्रों के सामने उस सिंहरथ राजा को मार कर लाने का प्रस्ताव रखा पर किसी पुत्र ने कालसंवर के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं की। केवल प्रद्युम्न ने इसे स्वीकार किया और एक बड़ी सेना लेकर सिंहरथ पर चढ़ाई करदी। पहिले तो राजा सिंहरथ प्रद्युम्न को बालक समझ कर लड़ने से इन्कार करता रहा, पर बार बार प्रद्युम्न के ललकारने पर लड़ने को तैयार हुआ। दोनों में घोर युद्ध हुआ और अन्त में विजयश्री प्रद्युम्न को मिली। वह राजा सिंहरथ को बांधकर अपने पिता कालसंवर के सामने ले आया। कालसंवर अपने शत्रु को अपने अधीन देखकर प्रद्युम्न से बड़ा खुश हुआ और उसे युवराज पद दिया एवं इस प्रकार उन ५०० पुत्रों का प्रधान बना दिया।

इस प्रतिकूल व्यवहार के कारण सब कुमार प्रद्युम्न से द्वेष करने लगे एवं उसे मारने का उपाय सोचने लगे। उन सब कुमारों ने प्रद्युम्न को बुलाया और उसे वन-क्रीड़ा के बहाने बन में ले गये। अपने भाइयों के कहने से प्रद्युम्न जिन मन्दिरों के दर्शनार्थ सर्व प्रथम विजयगिरि पर्वत पर चढ़ा, पर वहां उसने फुंकार करता हुआ एक भयंकर सर्प देखा। प्रद्युम्न तुरन्त ही उस डरावने सर्प से भिड़ गया तथा उसकी पूंछ पकड़ कर उसे जमीन पर दे

मारा इसे देखकर वह सर्प यक्ष रूप में प्रद्युम्न के सामने आकर खड़ा हो गया और वीर प्रद्युम्न को प्रसन्न होकर १६ विद्यायें दी। फिर प्रद्युम्न दूसरी काल गुफा में गया। वहां के रक्षक कालासुर दैत्य को हरा कर वहां से चंवर छत्र प्राप्त किया। तीसरी गुफा में जाने पर उसे एक भयावह नाग से लड़ना पड़ा। किन्तु उस नाग ने भी हार मानली एवं भेंट स्वरूप नागशय्या, पावड़ी, वीणा और अन्य तीन विद्यायें दीं। जब प्रद्युम्न उन कुमारों के साथ एक सरोवर के पास पहुंचा तो उन्होंने उसे स्नान करने को कहा। पहिले तो उस सरोवर के रक्षक प्रद्युम्न को सरोवर में प्रवेश करते देख कर बड़े क्रुद्ध हुए पर अन्त में बलवान जानकर मकर पताका प्रदान की। इस प्रकार प्रद्युम्न जहां भी गये वहां से ही उन्हें अच्छी २ भेंटें मिलती रहीं इतना ही नहीं, एक वन में उन्हें एक रती नामकी सुन्दर कन्या भी मिली, जिससे उनने विवाह कर लिया।

इस प्रकार जब वह अनेक विद्याओं का लाभ लेकर कालसंवर के पास आया तब वह उस पर बड़ा खुश हुआ। इस अवसर पर वह अपनी माता कञ्चनमाला से भी मिलने गया। उस समय वह प्रद्युम्न के रूप और सौंदर्य को देखकर उस पर मुग्ध हो गई और उससे प्रेम-याचना करने लगी। प्रद्युम्न को इससे बड़ी ग्लानि हुई और वह जैसे तैसे अपना पीछा छुड़ाकर अपना कर्तव्य निश्चित करने के लिए वन में किसी मुनि के पास गया और उनका पथ प्रदर्शन चाहा। प्रद्युम्न ने अपनी चतुरता से कञ्चनमाला से तीन विद्यायें ले ली। कञ्चनमाला ने अपनी इच्छा पूरी न होने एवं तीनों विद्याओं के छिन जाने पर स्त्री चरित्र फैलाया और प्रद्युम्न पर दोषारोपण किया। उसने अपना अङ्ग प्रत्यङ्ग विकृत कर लिया। कालसंवर यह सब जानकर बड़ा दुखी और क्रोधित हुआ। उसने अपने ५०० पुत्रों को बुलाकर प्रद्युम्न को मारने के लिए कहा। कुमार पिता की बात सुन कर बड़े खुश हुए। वे प्रद्युम्न को बुला कर वन में ले गये किन्तु उसे आलोकिणी विद्या द्वारा अपने भाइयों के इरादे का पता लग गया और उसे बड़ा क्रोध आया। उसने सभी कुमारों को नागपाश से बांधकर एक शिला के नीचे दबा दिया।

कालसंवर यह वृत्तान्त जानकर बड़ा कुपित हुआ। वह एक बड़ी सेना लेकर प्रद्युम्न से लड़ने चला। प्रद्युम्न ने भी विद्याओं के द्वारा मायामयी सेना एकत्रित करदी। दोनों ओर से भीषण युद्ध हुआ। प्रद्युम्न के आगे कालसंवर नहीं ठहर सका। तब कालसंवर अपनी प्रिया कञ्चनमाला के पास तीनों विद्यायें लेने के लिए दौड़ा किन्तु जब उसे यह ज्ञात हुआ कि प्रद्युम्न पहिले से ही विद्याओं को छल कर ले गया है तो उसे कञ्चनमाला के सारे भेद का

पता लग गया। फिर भी कालसंवर प्रद्युम्न से युद्ध करने के लिए आगे बढ़ा इतने में ही नारद ऋषि वहां आगये। उन्होंने जो कुछ कहा उससे सारी स्थिति बदल गई और युद्ध बन्द हो गया। इससे कालसंवर को बड़ी प्रसन्नता हुई और प्रद्युम्न ने भी सब कुमारों को बन्धन मुक्त कर दिया।

कालसंवर से आज्ञा लेकर प्रद्युम्न ने नारद ऋषि के साथ द्वारका नगरी के लिए विमान द्वारा प्रस्थान किया। मार्ग में हस्तिनापुर पड़ा। वहां दुर्योधन की कन्या उदधि कुमारी का सत्यभामा के पुत्र भानुकुमार के साथ विवाह होने के लिए अभिषेक हो रहा था। नारद द्वारा यह जानकर कि उदधि कुमारी प्रद्युम्न की मांग है वह भील का भेष धारण कर उन लोगों में मिल गया और उदधि कुमारी को बलपूर्वक छीन कर ले गया। प्रद्युम्न उस कन्या को विमान में बैठा कर द्वारका की ओर चल पड़ा। द्वारका पहुंच कर नारद ने वहां के विभिन्न महलों का उसे परिचय दिया।

जब चतुरंगिणी सेना के साथ आते हुए भानुकुमार को देखा तब प्रद्युम्न विमान से उतरा और उसने एक बूढ़े विप्र का भेष बना लिया। एक मायामय चंचल घोड़ा अपने साथ ले लिया। घोड़े को देखकर भानु का मन ललचाया। उसने विप्र से उसका मूल्य पूछा। विप्र ने घोड़े का इतना मूल्य मांगा जो भानु को उचित नहीं लगा। भानुकुमार विप्र के कहने पर घोड़े पर चढ़ा और घोड़े को न संभाल सकने के कारण गिर पड़ा जिसे देखकर सारे लोग हंसने लगे। जब बलदेवजी ने विप्र भेषधारी प्रद्युम्न से ही घोड़े पर चढ़ने को कहा तो वह बहुत भारी बन गया और घोड़े पर चढ़ाने के लिए प्रार्थना करने लगा। दस बीस योद्धा भी उसे उठाकर घोड़े पर न चढ़ा सके तो भानुकुमार स्वयं उसे उठाने आगे आया। तब वह भानु के गले पर पैर रखकर चढ़ गया और आकाश में उड़ गया।

पुनः प्रद्युम्न ने अपना रूप बदलकर दो मायामय घोड़े बनाये। उन मायामय घोड़ों को उसने राजा के उद्यान में छोड़ दिया। घोड़ों ने राजा के सारे उद्यान को चौपट कर दिया। इसके पश्चात् उसने दो बन्दर उत्पन्न किये जिन्होंने सत्यभामा की बाड़ी को नष्ट भ्रष्ट कर दिया। जब भानुकुमार बाड़ी में आया तो मायामय मच्छर उत्पन्न कर उसे बाड़ी से भगा दिया। इतने में ही प्रद्युम्न को मार्ग में आती हुई कुछ स्त्रियां मिलीं, जो मंगल गीत गा रही थीं। उनको भी उसने रथ में घोड़े और ऊंट जोड़ कर रास्ते में गिरा दिया। इसके बाद वह एक ब्राह्मण का रूप धारण कर लाठी टेकता हुआ सत्यभामा की बावड़ी पर गया और कमंडलु में जल मांगने लगा। पानी भरने से मना

करने पर वह बड़ा क्रोधित हुआ। उसने बावड़ी की रक्षा करने वाली दासियों के केश मूंड लिये। जल सोखिणी विद्या द्वारा उसने बावड़ी का सारा पानी सुखा दिया तथा कमंडलु में भर लिया और फिर नगर के चौराहे पर उस कमंडलु के पानी को उंडेल दिया जिससे सारे बाजार में पानी ही पानी हो गया।

इसके पश्चात् प्रद्युम्न मायामय मेंढा बना कर वसुदेव के महल पर पहुँचा। वसुदेव मेंढे से लड़ने लगे। वे मेंढे से लड़ने के शौकीन थे। मेंढे ने वसुदेव की टांग तोड़ कर उन्हें भूमि पर गिरा दिया। फिर प्रद्युम्न वहां से सत्यभामा के महल पर जाकर भोजन-भोजन चिल्लाने लगा। सत्यभामा ने उसे आदर से भोजन कराया, पर उस भेषधारी ब्राह्मण ने सत्यभामा का जितना भी सामान जीमन के लिये लिया था सभी चट कर दिया और फिर भी भूखा ही बना रहा। इसके पश्चात् उसने एक और कौतुक किया कि जो कुछ उसने खाया था वह सब वमन कर उसका आंगन भर दिया। इससे सत्यभामा बड़ी दुखी एवं तिरस्कृत हुई।

इसके बाद वह ब्रह्मचारी का भेष धारण कर अपनी माता रुक्मिणी के महल में गया। रुक्मिणी अपने पुत्र के आगमन की प्रतीक्षा में थी क्योंकि केवली कथित उसके आने के सभी चिह्न दिखाई दे रहे थे। इतने में ही उसने एक ब्रह्मचारी को आता हुआ देखा। रुक्मिणी ने उसे सत्कारपूर्वक आसन दिया। वह ब्रह्मचारी बड़ा भूखा था, भोजन की याचना करने लगा। प्रद्युम्न की माया से रुक्मिणी को घर में कुछ भी भोजन नहीं मिला तो उसने नारायण के खा सकने योग्य लड्डू उस ब्रह्मचारी को परोस दिये। उन अत्यन्त गरिष्ठ सारे लड्डुओं को उसे खाते देख कर रुक्मिणी को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसकी बातचीत से उसको सन्देह हुआ कि सम्भवतः वही उसका पुत्र हो। जब सचाई जानने के लिए माता बहुत बेचैन हो गई तब अकस्मात् प्रद्युम्न अपने असली सुन्दर रूप में प्रकट हो गया और उसे देख कर माता की प्रसन्नता का पार न रहा।

सत्यभामा की दासियां जब पूर्व प्रतिज्ञा के अनुसार रुक्मिणी के केश लेने आई तो प्रद्युम्न ने उन्हें भी विकृत कर दिया। इस समाचार को सुन कर बलभद्र बड़े कुपित हुए और रुक्मिणी के पास आये। प्रद्युम्न विक्रिया से अपना स्थूलकाय ब्राह्मण का रूप बना कर महल के द्वार के आगे लेट गया। बलभद्र ने बड़ी कठिनता से उसे हटा कर महल में प्रवेश किया, पर इतने में ही प्रद्युम्न ने सिंह रूप धारण किया और बलभद्र का पैर पकड़ कर

अखाड़े में डाल दिया। फिर उसने माता को उस विमान में ले जाकर बैठा दिया जहां नारद और उदधि कुमारी बैठे थे।

इसके पश्चात् प्रद्युम्न ने मायामयी रुक्मिणी की बांह पकड़ कर उसे श्रीकृष्ण की सभा के आगे से ले जाते हुए ललकारा कि यदि किसी वीर में सामर्थ्य हो तो वह श्रीकृष्ण की रानी रुक्मिणी को छुड़ा कर ले जावे। फिर क्या था, सभा में बड़ी खलबली मच गई और शीघ्र ही युद्ध की तैयारी होने लगी। श्रीकृष्ण अपने अनेक योद्धाओं को साथ लेकर रणभूमि में आ डटे किन्तु प्रद्युम्न ने सभी योद्धाओं को मायामय नींद में सुला दिया। इससे श्रीकृष्ण बड़े क्रोधित हुए और प्रद्युम्न को ललकार कर कहने लगे कि वह रुक्मिणी को वापस लौटा कर ही अपने प्राणों की रक्षा कर सकेगा। किन्तु वह कब मानने वाला था। आखिर दोनों में युद्ध होने लगा। श्रीकृष्ण जी जो भी वार करते उसे प्रद्युम्न अविलम्ब काट देता। इस तरह दोनों वीरों में भयंकर लड़ाई हुई। जब श्री कृष्ण कुपित होकर निर्णायक युद्ध करने को तैयार होने लगे तो नारद वहां आ गये और दोनों का परस्पर में परिचय करवाया। प्रद्युम्न श्रीकृष्ण के पैरों में गिर गया और श्रीकृष्ण ने आनन्द विभोर होकर उसका सिर चूम लिया। प्रद्युम्न ने अपनी मोहिनी माया को समेटा और सारी सेना उठ खड़ी हुई। घर घर तोरण द्वार बांधे गये तथा सौभाग्यवती स्त्रियों ने मंगल कलश स्थापित कर नगर प्रवेश पर उनका अभूतपूर्व स्वागत किया। इस तरह यह कार्यक्रम बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। फिर प्रद्युम्न का राज्याभिषेक का महोत्सव हुआ, तब कालसंवर और कंचनमाला को भी बुलाया गया। इसके पश्चात् प्रद्युम्न का विवाह बड़े ठाठ बाट से किया गया। सत्यभामा ने अपने पुत्र भानुकुमार का विवाह भी सम्पन्न किया। वे सब बहुत दिनों तक सुखपूर्वक जीवन की सुविधाओं का उपभोग करते रहे।

कुछ समय पश्चात् शंबुकुमार का जीव अच्युत स्वर्ग से श्री कृष्ण की सभा में आया और एक अनुपम हार देकर उनसे कहने लगा कि जिस रानी को आप यह हार देंगे उसी की कूंख से उसका जन्म होगा। श्रीकृष्ण यह हार सत्यभामा को देना चाहते थे, किन्तु प्रद्युम्न ने अपनी विद्या के बल से जामवन्ती का रूप सत्यभामा का सा बना कर श्री कृष्ण को धोखे में डाल दिया और वह हार उसके गले में डलवा दिया। इसके बाद जामवन्ती और सत्यभामा दोनों के क्रमशः शंबुकुमार और सुभानुकुमार नाम के पुत्र हुए। दोनों साथ साथ ही वृद्धि को प्राप्त हुए। जब वे बड़े हुए तो एक दिन दोनों

कुमारों ने जुआ खेला और शंबुकुमार ने सुभानुकुमार की सारी सम्पत्ति जीत ली।

जब समयानुसार सुभानुकुमार का विवाह हो गया तो रुक्मिणी ने अपने भाई रूपचन्द के पास कुण्डलपुर प्रद्युम्न एवं शंबुकुमार को अपनी कन्या देने के लिये दूत भेजा, किन्तु रूपचन्द ने प्रस्ताव स्वीकार करने के स्थान पर दूत को बुरा भला कहा और यादव वंश के साथ कभी सम्बन्ध न करने की प्रतिज्ञा प्रकट की। रुक्मिणी यह जान कर बहुत दुखी हुई। प्रद्युम्न को भी बड़ा क्रोध आया। प्रद्युम्न भेष बदल कर कुण्डलपुर गया तथा युद्ध में रूपचन्द को हरा कर उसे श्री कृष्ण के पैरों पर लाकर डाल दिया। अन्त में दोनों में मेल हो गया और रूपचन्द ने अपनी पुत्रियां दोनों कुमारों को भेंट कर दी।

प्रद्युम्न कुमार ने बहुत वर्षों तक सांसारिक सुखों को भोगा। एक दिन वह नेमिनाथ भगवान के समवसरण में पहुँचा। वहां केवली के मुख से द्वारका और यादवों के विनाश का भविष्य सुना तो उसे संसार एवं भोगों से विरक्ति हो गई। माता-पिता के बहुत समझाने पर भी उसने न माना और जिन दीक्षा ले ली। तपश्चरण कर प्रद्युम्न ने घातिया कर्मों को नाश किया और केवल ज्ञान प्राप्त कर आयु के अन्त में सिद्ध पद को प्राप्त किया।

प्रद्युम्न चरित की कथा का आधार एवं उसके विभिन्न रूपः—

जैन चरित काव्यों एवं कथाओं के मुख्यतः दो आधार हैं-एक महापुराण तथा दूसरा हरिवंश पुराण। आगे चल कर इन्हीं दो पुराणों की धारायें विभिन्न रूपों में प्रवाहित हुई हैं। प्रद्युम्न चरित की कथा जिनसेनाचार्य कृत हरिवंश पुराण से ली गई है। यद्यपि कवि ने अपनी रचना में इसका कोई उल्लेख नहीं किया है, किन्तु जो कथा प्रद्युम्न के जीवन के संबंध में हरिवश पुराण में दी हुई है। उसी से मिलता जुलता वर्णन प्रद्युम्न चरित में मिलता है। दोनों कथाओं में केवल एक ही स्थान पर उल्लेखनीय विरोध है। हरिवंश पुराण में रुक्मिणी पत्र भेज कर श्रीकृष्ण को अपने वरण के लिये बुलाती है जबकि प्रद्युम्न चरित में नारद के अनुरोध पर श्रीकृष्ण विवाह के लिये जाते हैं।

गुणभद्राचार्य कृत उत्तरपुराण (महापुराण का उत्तरार्द्ध) में प्रद्युम्न चरित की कथा संक्षेप रूप में दी गई है, इसलिये उसमें नारद का श्रीकृष्ण

की सभा में आगमन, सत्यभामा द्वारा नारद को सम्मान न देना, नारद द्वारा सत्यभामा का मानमर्दन करने का संकल्प, श्री कृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण एवं शिशुपाल वध, प्रद्युम्न का मुनि के पास जाना आदि घटनाओं का कोई उल्लेख नहीं है। प्रद्युम्न चरित में कंचनमाला द्वारा प्रद्युम्न को तीन विद्याओं का देना लिखा है जबकि उत्तरपुराण के अनुसार प्रद्युम्न ने इससे प्रज्ञप्ति नाम की विद्या लेकर उनकी सिद्धि की थी।

महाकवि सिंह द्वारा रचित अपभ्रंश भाषा के काव्य पज्जुण्णकहा* (१३ वीं शताब्दी) और प्रस्तुत प्रद्युम्न चरित की कथा में भी साम्य है। केवल पज्जुण्णकहा में प्रत्येक घटना का विस्तृत वर्णन करने के साथ-साथ प्रद्युम्न के पूर्वभवों का भी विस्तृत वर्णन किया गया है जबकि प्रद्युम्न चरित में इनका केवल नामोल्लेख है। इसके अतिरिक्त 'पज्जुण्णकहा' की कथा श्रेणिकराजा द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर गौतम गणधर द्वारा कहलाई गई है किन्तु सधारु कवि ने मंगलाचरण के पश्चात् ही कथा का प्रारम्भ कर दिया है।

महासेनाचार्य कृत संस्कृत प्रद्युम्न चरित ११ वीं शताब्दी की रचना है। रचना १४ सर्गों में विभाजित हैं। पज्जुण्णकहा की तरह घटनाओं का इसमें भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है इसमें और प्रद्युम्न चरित्र की कथा में पूर्णतः साम्य है ।

इसी प्रकार हेमचन्द्राचार्य कृत 'त्रिपष्ठिशलाकापुरुषचरित' में प्रद्युम्न के जीवन की जो कथा दी गई हैं उसमें और सधारु कवि द्वारा वर्णित कथा में भी प्रायः समानता है।

प्रद्युम्न का जीवन जैन साहित्यकों के लिये ही नहीं किन्तु जैनेतर साहित्यिकों के लिये भी आकर्षण की वस्तु रहा है। विष्णु पुराण के पंचम अंश के २६ वें तथा २७ वें अध्याय में रुक्मिणी एवं प्रद्युम्न की जो कथा दी हुई है, वह निम्न प्रकार है :—

रुक्मिणी कुण्डिनपुर नगर के भीष्मक राजा की कन्या थी। श्री कृष्ण ने रुक्मिणी के साथ और रुक्मिणी ने कृष्ण के साथ विवाह करने की इच्छा प्रकट की, किन्तु भीष्मक ने शिशुपाल को रुक्मिणी देने का निश्चय कर लिया। इस कारण विवाह के एक दिन पूर्व ही श्री कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया और इसके बाद उसके साथ उसका विधिवत् विवाह सम्पन्न

---

* आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर में इसकी हस्तलिखित प्रति सुरक्षित है।

हुआ। काल क्रम से रुक्मिणी के प्रद्युम्न पुत्र उत्पन्न हुआ। इसे जन्म लेने के छठे दिन ही शम्बरासुर ने हर लिया और उसे लवण समुद्र में डाल दिया। समुद्र में उस बालक को एक मत्स्य ने निगल लिया। मछेरों ने उस मत्स्य को अपने जाल में फांस लिया और शम्बर को भेंट कर दिया। जब शम्बर की स्त्री मायावती उस मछली का पेट चीरने लगी तो वह बालक उसमें से जीवित निकल आया। इतने में ही वहां नारद ऋषि आये और रानी को सारी घटना सुना दी। मायावती उस बालक पर मोहित हो गई और उसका अनुरागपूर्वक पालन किया। उसने उसे सब प्रकार की माया सिखा दी। जब प्रद्युम्न को अपनी पूर्व घटना का पता चला तो उसने शम्बरासुर को लड़ने के लिये ललकारा और उसे युद्ध में मार दिया तथा अन्त में मायावती के साथ द्वारका के लिये रवाना हो गया। जब वह वहां पहुँचा तो रुक्मिणी उसे पहिचान न सकी, किन्तु नारद ऋषि के आने पर सारी घटना स्पष्ट हो गई। कुछ दिनों पश्चात् प्रद्युम्न ने रुक्मी की सुन्दरी कन्या को स्वयंवर में ग्रहण किया तथा उससे अनिरुद्ध नामक महापराक्रमी पुत्र उत्पन्न हुआ।

उक्त कथा और प्रद्युम्न चरित्र में निम्न प्रकार से साम्य एवं असाम्य है :—

साम्य—(१) प्रद्युम्न को श्री कृष्ण एवं रुक्मिणी का पुत्र मानना।
(२) जन्म के छठी रात्रि को ही असुर द्वारा अपहरण।
(३) नारद ऋषि द्वारा रुक्मिणी को आकर सारी स्थिति समझाना।
(४) रुक्मी की पुत्री से प्रद्युम्न का विवाह।

असाम्य—प्रद्युम्न को शम्बरासुर द्वारा समुद्र में डाल देना तथा वहां उसे मत्स्य द्वारा निगल जाना और फिर उसी के घर जाकर मत्स्य के पेट से जीवित निकलना, मायावती का मोहित होना और बालक प्रद्युम्न का पालन करना और अन्त में युवा होने पर शम्बरासुर को मार कर मायावती से विवाह करना।

कथाओं के साम्य और असाम्य होने पर भी इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि भारतीय वाङ्मय में प्रद्युम्न का चरित लोकप्रिय एवं आकर्षण की वस्तु रहा है।

बौद्ध साहित्य में प्रद्युम्न का उल्लेख है या नहीं और यदि है तो किस रूप में है साधनाभाव के कारण इसका पता हम नहीं लगा सके।

कवि का परिचय

रचना के प्रारम्भ में कवि ने सरस्वती को नमस्कार करते हुए अपना नामोल्लेख 'सो सधार पणमइ सरसुति' इस प्रकार किया है। इसलिये कवि का नाम 'सधार' होना चाहिए, किन्तु अनेक स्थलों पर सधारु' नाम भी दिया हुआ है। अन्य प्रतियों में भी अधिकांश स्थलों पर 'सधारु' नाम आया है इसलिये कवि का नाम 'सधारु' ही ठीक प्रतीत होता है। +कवि ने अपने जन्म से अग्रवाल जाति को विभूषित किया था। इनकी माता का नाम सुधन था जो गुण वाली थी। पिता का नाम साह महराज था, अन्य प्रतियों में साहु महराज एवं समहराइ भी मिलता है। वे एरच्छ नगर में रहते थे। एरच्छ नगर के नाम एरछ, एरिछि, एलच, एयरच्छ एवं एरस के पाठान्तर भेद से भी मिलते हैं। किन्तु इन सब में मूल प्रति वाला एरच्छ ही अधिक ठीक जान पड़ता है। इस नगर का उत्तर प्रदेश में होना अधिक सम्भव है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने भी जैन सन्देश आगरा के एक लेख में इसकी पुष्टि की है। नाहटाजी ने इस नगर को मध्य प्रदेश में होना माना है जो ठीक मालूम नहीं होता। उस समय उस नगर में बहुत से श्रावक लोग रहते थे जो दशलक्षण धर्म का पालन करते थे।

अपना परिचय देने के पश्चात् कवि ने लिखा है कि जो भी प्रद्युम्न चरित को पढ़ेगा वही मरने के पश्चात् स्वर्ग में देवता के रूप में उत्पन्न होगा तथा अन्त में मुक्ति रूपी लक्ष्मी को प्राप्त करेगा। जो मनुष्य इसका श्रवण करेगा उसके अशुभ कर्म स्वयमेव दूर हो जायेंगे। जो मनुष्य इसको दूसरों को सुनावेगा उस पर प्रद्युम्न प्रसन्न होंगे। इसके अतिरिक्त इस ग्रन्थ को लिखाने वाले, लिखने वाले, पढ़ाने वाले सभी लोगों को अपार पुण्य की प्राप्ति होना लिखा है, क्योंकि प्रद्युम्न का चरित पुण्य का भण्डार है। अन्त में कवि ने अपनी लघुता प्रदर्शित करते हुए कहा है कि वह स्वयं कम बुद्धि वाला है तथा अक्षर मात्रा का भेद नहीं जानता, इसलिये छोटी बड़ी मात्रा

\+ महसामी कउ कीयउ वखाणु, तुम पज्जुन पायउ निरवाणु।
अगरवाल की मेरी जात, पुर अगरोए मुहि उतपाति ॥
सुधणु जणणी गुणवइ उर धरिउ, सा महराज घरह अवतरिउ।
एरछ नगर वसंते जानि, सुणिउ चरित मइ रचिउ पुराणु ॥
सावयलोय वसहि पुर माहि, दह लक्षण ते धर्म्म कराइ।
दस दिस मानइ दुतिया भेउ, भावहि चितइ जिणेसरु देउ ॥

के लिये अथवा अक्षरों के कम अधिक प्रयोग के लिये पहिले ही पण्डित वर्ग से वह क्षमा याचना करता है ।

रचना काल :—

अब तक प्रद्युम्न चरित्र की जितनी प्रतियां उपलब्ध हुई हैं उन सभी प्रतियों में एकसा रचना काल नहीं मिलता है। इन प्रतियों में रचना काल के तीन सम्वत् १३११, १४११ एवं १५११ मिलते हैं। यहां हमें यह देखना है कि इन तीनों सम्वतों में कौनसा सही सम्वत् है। विभिन्न प्रतियों में निम्न प्रकार से रचना काल का उल्लेख मिलता है:—

(१) अग्रवाल पंचायती मन्दिर कामां, जैन मन्दिर रीवां एवं आत्मानन्द जैन सभा अम्बाला की प्रतियों में सम्वत् १३११ लिखा हुआ है।

(२) बधीचन्दजी का जैन मन्दिर जयपुर, खण्डेलवाल पंचायती मन्दिर कामां, जैन मन्दिर देहली और बाराबंकी वाली प्रतियों में रचना सम्वत् १४११ दिया हुआ है।

(३) सिंधिया ओरिएंटल इन्स्टीट्यूट उज्जैन वाली प्रति में सम्वत् १५११ दिया हुआ है।

सम्वत् १३११ वाले रचना काल के सम्बन्ध में जो पाठ है, वह निम्न प्रकार है :—

संवत् तेरहसै हुइ गये ऊपर अधिक इग्यारा भये ।
भादौ सुदि पंचमी दिन सार, स्वाति नक्षत्र जनि सनिवार ।

उक्त पद्य के अनुसार प्रद्युम्न चरित्र सम्वत् १३११ भादवा सुदी ५ शनिवार स्वाति नक्षत्र के दिन पूर्ण हुआ था।

सम्वत् १४११ वाला रचना काल जो ४ प्रतियों में उपलब्ध होता है, निम्न प्रकार है :—

सरसकथा रसु उपजइ घणउ, निसुणहु चरितु पजूसह तणउ ।
संवत् चौदहसै हुइ गए, ऊपर अधिक इग्यारह भए ।
भावव दिन पंचइ सो सारु, स्वाति नक्षत्र सनीश्चर वारु ॥१२॥

जयपुर वाली प्रति

सरसकथा रस उपजइ घरगउ, निसुगउ चरित पज्जउवन तगउ ।
संवत् चउदसइ इग्यार, ऊपरि अधिक भई ग्यार ।
भादव सुदि नवमी जे सार, स्वाति नक्षत्र सनीचर वार ।
देवलोक आगोत्तर सार, हरिवंश आव्याउ वंश सधार ॥१२॥

खण्डेलवाल जैन पंचायती मन्दिर कामां

उक्त पद्यों में जयपुर वाली प्रति में सम्वत् १४११ भाद्रपद मास पंचमी शनिवार स्वाति नक्षत्र एवं कामां वाली प्रति में सम्वत् १४११ भादवा सुदी ६ शनिवार स्वाति नक्षत्र रचना काल दिया हुआ है। दोनों प्रतियों में तिथियों के अतिरिक्त शेष बातें समान हैं।

इसी प्रकार उज्जैन वाली प्रति में निम्न पाठ है :—

संवत् पंचसइ हुई गया, गरहोतराभि अरु तह भया ।
भादव वदि पंचमि तिथि सारु, स्वाति नक्षत्र सनीस्वरवारु ॥

इसके अनुसार 'प्रद्युम्न चरित' की रचना सम्वत् १५११ भादवा बुदी ५ शनिवार स्वाति नक्षत्र के दिन पूर्ण हुई थी।

इस प्रकार सभी प्रतियों में भाद्रपद मास शनिवार एवं स्वाति नक्षत्र इन तीनों का एक-सा उल्लेख मिलता है। इसलिये यह तो निश्चित है कि प्रद्युम्न चरित की रचना भाद्रपद मास एवं शनिवार के दिन हुई थी। किन्तु रचना सम्वत् कौनसा है, यह हमें देखना है। तीनों रचना सम्वतों में सम्वत् १५११ वाला रचना काल तो सही प्रतीत नहीं होता है क्योंकि प्रथम तो यह सम्वत् अभी तक एक ही प्रति में उपलब्ध हुआ है। इसके अतिरिक्त 'पंचसइ' पाठ स्वयं भी गलत है इससे पन्द्रह सौ का अर्थ नहीं निकलता इसलिये सम्वत् १५११ वाले पाठ को सही मानना युक्ति संगत नहीं है। सम्वत् १३११ वाला पाठ जो अभी तक ३ प्रतियों में मिला है, उसके सम्बन्ध में भी हमारा यही मत है कि गुण सागर नामक किसी विद्वान् ने सम्वत चौदहसै के स्थान पर तेरहसइ पाठ परिवर्तित कर दिया तथा 'सुणिउ चरित मइ रचिउ पुराण' के स्थान पर इस रचना का कर्ता स्वयं बनने के लोभ से प्रेरित होकर 'गुण सागर यह कियो बखान' पाठ बदल दिया। इसके अतिरिक्त इस कवियशः प्रार्थी ने आरम्भ के जिन पद्यों में सधारु का नाम था उनके स्थान पर नये ही मंगलाचरण के पद्य जोड़ दिये।

अब रहा सम्वत् १४११ का रचना काल। इस रचना सम्वत् के सम्बन्ध में सभी विद्वान् एक मत हैं। श्री नाहटाजी ने प्रद्युम्न चरित के रचनाकाल का विवेचन करते हुए लिखा है [१] कि संवत् १४११ वाला पाठ सही है किन्तु उनका कहना है कि बदी पंचमी, सुदी पचमी और नवमी इन तीन दिनों में स्वाति नक्षत्र नहीं पड़ता। डा० माताप्रसाद जी ने गणित पद्धति के आधार पर जो तिथि शुद्ध करके भेजी है वह संवत् १४११ भादवा सुदी ५ शनिवार है। सर्वे रिपोर्ट के निरीक्षक रायबहादुर स्व० डा० हीरालाल ने अपनी रिपोर्ट [२] में लिखा है कि संवत् १४११ भादवा बुदी ५ शनिवार का समय ठीक मालूम देता है। लेकिन उनका भी बुदि का उल्लेख नवीन गणना पद्धति के अनुसार ठीक नही बैठता है। इसलिए उक्त सभी दलीलों के आधार पर संवत् १४११ भादवा सुदी ५ शनिवार वाला पाठ ही सही मालूम देता है। प्रद्युम्न चरित में जो 'भादव दिन पंचमी सो सारु' पाठ है उसके स्थान पर संभवतः मूल पाठ 'भादव सुदी पचमी सो सारु' यही होना चाहिये।

प्रद्युम्नचरित के पूर्व का हिन्दी साहित्य

हिन्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान् पं० रामचन्द्र शुक्ल नेदस वीं शताब्दी से लेकर चौदहवीं शताब्दी तक के काल को हिन्दी साहित्य का आदिकाल माना है। शुक्लजी ने इस काल की अपभ्रंश और देशभाषा—काव्य की १२ पुस्तकें इतिहास में विवेचनीय मानी है। इनके नाम ये हैं (१) विजयपाल रासो (२) हम्मीर रासो (३) कीर्त्तिलता (४) कीर्तिपताका (५) खुमानरासो (६) वीसलदेवरासो (७) पृथ्वीराजरासो (८) जयचन्द्रप्रकाश (९) जयमयंक जय चन्द्रिका (१०) परमाल रासो (११) खुशरो की पहेलियां और (१२) विद्यापति पदावलि। उनके मतानुसार इन्ही बारह पुस्तकों की दृष्टि से आदि काल का लक्षण निरुपण और नामकरण हो सकता है। इनमें से अन्तिम दो तथा 'वीसलदेवरासो' को छोड़कर शेष सब ग्रंथ वीर रसात्मक हैं। अतः आदिकाल का नाम वीरगाथा काल ही रखा जा सकता है।

किन्तु शुक्लजी ने हिन्दी साहित्य के आदिकाल के जिस रूप का

---

१. हिन्दी अनुशीलन वर्ष ९ अंक १–४

२. He wrote the work in Samvat 1411 on Saturday 5th of the dark of Bhadva month which on calculations regularly Corresponds to Saturday the 9th August 1354 A. D.

Search Report 1923–25 P-17.

निर्देश किया है वह सही नहीं जान पड़ता। उससे हिन्दी के विद्वान् यथा राहुल सांकृत्यायन, डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी आदि भी सहमत नहीं हैं। जिन बारह रचनाओं के आधर पर शुक्लजी ने हिन्दी का आदिकाल निर्धारित किया था उनमें से अधिकांश रचनायें विभिन्न विद्वानों द्वारा परवर्ती काल की सिद्ध कर दी गयी हैं। डा० द्विवेदी का कहना है [1] कि दसवीं से चौदहवीं शताब्दी तक का काल जिसे हिन्दी का आदिकाल कहते हैं भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश के बढाव का ही काल है। इसी अपभ्रंश के बढ़ाव को कुछ लोग उत्तरकालीन अपभ्रंश कहते हैं और कुछ लोग पुरानी हिन्दी। इसी प्रकार जब से राहुलजी ने जैन कवि स्वयम्भु के पउमचरिय (जैन रामायण) को हिन्दी भाषा का आदि महाकाव्य घोषित किया है तब से हिन्दी भाषा का प्रारम्भिक काल ११ वीं शताब्दी से आरम्भ न होकर ८ वीं शताब्दी तक चला गया है। हिन्दी भाषा के इन प्रारम्भिक वर्षों में हिन्दी पहिले अपभ्रंश के रूप में (जिसका नाम प्राचीन हिन्दी अधिक उचित होगा) जन साधारण के सामने आयी और फिर शनैः शनैः अपने वर्तमान स्वरूप को प्राप्त किया। इसलिये अब हमें हिन्दी साहित्य की सीमा को अधिक विस्तृत करना पड़ेगा। हिन्दी के इन ६०० वर्षों में (७०१ से १३०० तक) अपभ्रंश साहित्य प्रचुरमात्रा में लिखा गया और वह भी पूर्ण रूप से साहित्यिक दृष्टिकोण से। वास्तव में अपभ्रंश साहित्य के महत्व को यदि आज से ५० वर्ष पूर्व ही समझ लिया जाता तो सम्भवतः हिन्दी साहित्य का प्रारम्भिक इतिहास दूसरी तरह ही लिखा गया होता। लेकिन डा० शुक्ल तथा श्यामसुन्दरदास आदि हिन्दी इतिहास के विद्वानों का अपभ्रंश साहित्य की ओर ध्यान नहीं गया।

हिन्दी भाषा की इन प्रारम्भिक शताब्दियों में यद्यपि सभी धर्मों के विद्वानों ने रचनायें की थी, किन्तु प्राचीन हिन्दी भाषा का अधिकांश साहित्य जैन विद्वानों ने ही लिखा है। महाकवि स्वयम्भू के पूर्व भी अपभ्रंश साहित्य कितना समृद्ध था यह 'स्वयम्भू छन्द' में प्राकृत एवं अपभ्रंश के ६० कवियों के उद्धरणों से अच्छी तरह जाना जा सकता है।

अब यहां ८ वीं शताब्दी से १४ वीं शताब्दी तक होने वाले कुछ प्रमुख कवियों का परिचय दिया जा रहा है :—

८ वीं शताब्दी के प्रारम्भ में योगेन्दु हुये जिन्होंने अपभ्रंश भाषा में 'परमात्म प्रकाश' एवं 'योगसार दोहा' की रचना की। दोनों ही आध्यात्मिक विषय की उच्चकोटि की रचनायें है।

---

१ हिन्दी साहित्य का आदिकाल (डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी)

वर्तमान उपलब्ध कवियों में स्वयम्भू अपभ्रंश के पहिले महा कवि हैं जिनकी रचनायें उपलब्ध होती हैं। 'पउमचरिय', 'रिट्ठणेमिचरिउ' तथा 'स्वयम्भू छन्द' इनकी प्राप्त रचनाओं में तथा 'पंचमीचरिउ' अनुपलब्ध रचनाओं में से हैं। 'स्वयम्भू' अपने समय के ही नहीं किन्तु अपने बाद होने वाले कवियों में भी उत्कृष्ट भाषा शास्त्री थे। इनके काव्यों में घटना बाहुल्य के वर्णन के साथ-साथ काव्यत्व का सर्वत्र माधुर्य्य दृष्टिगोचर होता है। स्वयम्भू युग प्रधान कवि थे, इनने अपने काव्यों की रचना सर्वथा निडर होकर की थी। इसके बाद के सारे अपभ्रंश एवं बहुत कुछ अंशों में हिन्दी साहित्य पर भी इनकी वर्णन शैली का पूर्णतः प्रभाव पड़ा है।

१० वीं शताब्दी में होने वाले कवियों में देवसेन, रामसिंह, पुष्पदन्त, धवल, धनपाल एवं पद्मकीर्ति के नाम उल्लेखनीय हैं। मुनि रामसिंह देवसेन के बाद के विद्वान् हैं। डा० हीरालालजी ने 'पाहुड दोहा' की प्रस्तावना में इन्हें सन् ६३३ और ११०० के बीच का अर्थात् सम्वत् १००० ई० के लगभग का विद्वान् माना है। रामसिंह स्वयं मुनि थे, इसलिये इन्होंने साधुओं को सम्बोधित करते हुए ग्रन्थ रचना की है। इनका 'पाहुड दोहा' रहस्यवाद एवं अध्यात्मवाद से परिपूर्ण है। १५ वीं शताब्दी में कबीर ने जो अपने पदों द्वारा उपदेश दिया था, वही उपदेश मुनि रामसिंह ने अपने 'पाहुड दोहा' द्वारा प्रसारित किया था।

देवसेन १० वीं शताब्दी के दोहा साहित्य के आदि विद्वान् कहे जा सकते हैं। 'सावयधम्म दोहा' इन्हीं की रचना है, जिसे इन्होंने सम्वत् ६६० के लगभग मालवा प्रान्त की धारा नगरी में पूरा किया था। महाकवि स्वयम्भू की टक्कर के अथवा किन्हीं बातों में तो उनसे भी उत्कृष्ट पुष्पदन्त हुए जिन्होंने 'महापुराण', जसहरचरिउ' एवं 'णायकुमारचरिउ' की रचना की। इनमें प्रथम प्रबन्ध-काव्य एवं शेष दोनों खण्ड काव्य कहे जा सकते हैं। महापुराण अपभ्रंश का श्रेष्ठ काव्य है। पुष्पदन्त अलौकिक प्रतिभा सम्पन्न थे। उनकी प्रतिभा उनके काव्यों में स्थान-स्थान पर देखी जा सकती है। धनपाल कवि ने 'भविसयत्तकहा' की रचना की थी। कवि का जन्म धक्कड़ वैश्य वंश में हुआ था। कवि को अपनी विद्वत्ता पर अभिमान था, इसलिये एक स्थानपर इन्होंने अपने आपको सरस्वती पुत्र भी कहा है। १२२ संधियों और १८ हजार पद्यों में पूर्ण होने वाला 'हरिवंशपुराण' धवल कवि द्वारा इसी शताब्दी में रचा गया था। धवल के इस काव्य की भाषा प्रांजल और प्रवाह-पूर्ण है। स्थान-स्थान पर अलंकारों की छटा पाठक के मन को मोह लेती

है। इसमें अनेक रसों का संमिश्रण बड़े आकर्षक ढङ्ग से हुआ है। पद्मकीर्ति ने अपने 'पासणाहचरिउ' को सम्वत् ६६६ में समाप्त किया। भाषा साहित्य की दृष्टि से यह काव्य भी उल्लेखनीय है।

११ वीं शताब्दी में होने वाले कवियों में वीर, नयनन्दि, कनकामर आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। महाकवि वीर का यद्यपि एक ही काव्य 'जम्बूसामीचरिउ' उपलब्ध होता है। किन्तु उनकी यह एक ही रचना उनके पाण्डित्य एवं प्रतिभा को प्रकट करने के लिये पर्याप्त है। 'जम्बूसामीचरिउ' वीर एवं शृङ्गार रस का अनोखा काव्य है। नयनन्दि ने अपने काव्य 'सुदंसण चरिउ' को सम्वत् ११०० में समाप्त किया था। ये अपभ्रंश के प्रकांड विद्वान् थे। इसीलिये इन्होंने 'सुदंसणचरिउ' में महाकाव्यों की परम्परा के अनुसार पुरुष, स्त्री एवं प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन किया है। बाण एवं सुबन्धु ने जिस क्लिष्ट एव अलंकृत पदावली का संस्कृत गद्य में प्रयोग किया था नयनन्दि ने भी उसी तरह का प्रयोग अपने इस पद्य काव्य में किया है। विविध छन्दों का प्रयोग करने में भी यह कवि प्रवीण थे। इन्होंने अपने काव्य में ५५ प्रकार के छन्दों का प्रयोग किया है। सकलविधिनिधान काव्य में अपने से पूर्व होने वाले ४० से अधिक कवियों के नाम इन्होंने गिनाये हैं, जिनमें संस्कृत अपभ्रंश दोनों ही भाषाओं के कवि हैं। कनकामर द्वारा निबद्ध 'करकण्डु चरिउ' भी काव्यत्व की दृष्टि से उत्कृष्ट काव्य है। इसका भाषा उदात्त भावों से परिपूर्ण एवं प्रभाव गुणयुक्त है। इसी शताब्दी में होने वाले धाहिल का 'पउमसिरिचरिउ' एवं अब्दुल रहमान का 'सन्देशरासक' भी उल्लेखनीय काव्य है।

१२ वीं शताब्दी में होने वाले मुख्य कवियों में श्रीधर, यशःकीर्ति, हेमचन्द, हरिभद्र, सोमप्रभ, विनयचन्द आदि के नाम गिनाये जा सकते हैं। हेमचन्द्राचार्य अपने समय के सर्वाधिक प्रतिभा सम्पन्न विद्वान् थे। संस्कृत एवं प्राकृत भाषा के साथ साथ अपभ्रंश भाषा के छन्दों को भी उन्होंने अपने 'छन्दानुशासन' में उद्धृत किया गया है।

१३ वीं और १४ वीं शताब्दी में अपभ्रंश साहित्य के साथ साथ हिन्दी साहित्य का भी निर्माण होने लगा। इसी शताब्दी में पं० लाखू ने 'जिणयत्त चरिउ' जयमित्रहल ने 'वड्ढमाणकव्व' कवि सिंह ने 'पज्जुहण चरिउ' आदि काव्य लिखे। १४ वीं शताब्दी में धर्मसूरि का 'जम्बूस्वामीरास', रल्ह का जिणदत्त चउपई' (संवत् १३५४) घेल्ह का 'चउवीसी गीत' (सवत् १३७१) भी उल्लेखनीय रचनायें है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हिन्दी की रचना

जिणदत्त चउपई है जिसे रल्ह कवि ने संवत् १३५४ में समाप्त किया था। ५५० से भी अधिक चउपई एवं अन्य छन्दों में निबद्ध यह रचना भाषा साहित्य की दृष्टि से ही नहीं किन्तु काव्यत्व की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अपभ्रंश से हिन्दी में शनैः शनैः शब्दों का किस तरह परिवर्तन हुआ, यह इस काव्य से अच्छी तरह जाना जा सकता है। यद्यपि कवि ने इस काव्य में अपभ्रंश शब्दों का भी पर्याप्त प्रयोग किया है किन्तु उनका जिस सुन्दरता से प्रयोग हुआ है उससे वे पूर्णतः हिन्दी भाषा के शब्द मालूम पड़ते हैं। वास्तव में १३ वीं और १४ वीं शताब्दी हिन्दी भाषा की साहित्यिक रचनायें प्रयोग करने के लिये महत्वपूर्ण समय था।

पं० मोतीलाल मेनारिया ने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' में संवत् १०४५ से १४६० तक की रचनाओं के सम्बन्ध में लिखा है-"इस युग के साहित्य सृजन में जैन मतावलंबियों का हाथ विशेष रहा है। कोई पचास के लगभग जैन साहित्यकारों के ग्रन्थों का पता लगा है।[१] परन्तु जैन विद्वानों का यह मधुर साहित्य जितना भाषा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है उतना साहित्य की दृष्टि से नहीं है यद्यपि साहित्यिक सौन्दर्य भी इसमें यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होता है।

मेनारियाजी की निम्न सूची से स्पष्ट है कि हिन्दी की नींव ११ वीं शताब्दी में रख दी गई थी और उसको जैन विद्वानों ने मजबूत बनाया था।

---

१. कुछ महत्वपूर्ण नाम ये हैं—धनपाल (सं० १०८१), जिनवल्लभसूरि (सं० ११६७) पल्ह (११७०), वादिदेवसूरि (सं० ११८४), वज्रसेनसूरि (सं० १२२५), शालिभद्रसूरि (सं० १२४१), नेमिचन्द्र भण्डारी (सं० १२५६), आसगु (सं० १२५७), धर्म (सं० १२६६), शाह रयण और भत्तउ (सं० १२७८), विजयसेनसूरि (सं० १२८८), राम (सं० १२८६), सुमतिगणि (१२६०), जिनेश्वरसूरि (१२७८-१३३१), अभयतिलक (सं० १३०७), लक्ष्मीतिलक (सं० १३११-१७), सोममूर्त्ति (सं० १२६०-१३३१), जिनपद्मसूरि (सं० १३०६-२२), विनयचन्द्रसूरि (१३२५-५३), जगडु (सं० १३३१), संग्रामसिंह (सं० १३३६), पद्म (सं० १३५८), जयशेखरसूरि (सं० १३६०-६२), प्रज्ञातिलकसूरि (सं० १३६३), वस्तिग (सं० १३६८), गुणाकरसूरि (सं० १३७१), अंबदेवसूरि (१३७१), फेरु (१३७६), धर्मकलश (स० १३७७), सारमूर्त्ति (१३६०), जिनप्रभसूरि (१३६०-६०), सोलण (१४ वीं शताब्दी), राजशेखर सूरि (सं० १४०५), जयानंदसूरि (सं० १४१०), तरुणप्रभसूरि (१४११), विनयप्रभ (१४१२), जिनोदयसूरि (१४१५), ज्ञानकलश (१४१५), पृथ्वीचन्द (सं० १४२६), जिनरत्न सूरि (स० १४३०), मेरुनन्दन (सं० १४३२), देवसुन्दरसूरि (सं० १४४०), साधुहंस (सं० १४४५)।

जैन विद्वानों की लोक भाषायें लिखने में रुचि होने के कारण उन्होंने हिन्दी को प्रारम्भ से ही अपनाया और उसमें अधिक से अधिक साहित्य लिखने का प्रयास किया।

प्रद्युम्न चरित का समकालीन हिन्दी साहित्य

अब हमें प्रद्युम्न चरित के समकालीन साहित्य पर (सं १४०० से लेकर १४२५ तक लिखे गये) विचार करना है और देखना है कि इस समय लिखे गये हिन्दी साहित्य और प्रद्युम्न चरित में कितनी समानता है।

हिन्दी साहित्य के इतिहास में १५ वीं शताब्दी के प्रथम पाद की रचनाओं का उल्लेख नहीं के बराबर हुआ है। उसमें महाराष्ट्र के साधु नामदेव की स्फुट रचनाओं का उल्लेख अवश्य किया गया है। इसके अतिरिक्त 'राजस्थानी भाषा और साहित्य' में १५ वीं शताब्दी के प्रथम पाद के जिन कवियों का नामोल्लेख हुआ है उसमें केवल एक कवि शार्ङ्गधर आते हैं। किन्तु उनकी जिन दो रचनाओं के नाम हम्मीर रासो तथा हम्मीर काव्य— गिनाये गये हैं वे भी मूल रूप में उपलब्ध नहीं होती हैं। हां, उनकी इन रचनाओं के कुछ पद्य इधर उधर जाकर मिलते हैं। शार्ङ्गधर के जो पद्य मिले हैं उन पर अपभ्रंश का पूर्ण प्रभाव है। एक पद्य देखिये—

पिंधउ दिढ सणाह वाह उप्पर पक्खर दइ।
बंधु समदि रण धसउ हम्मीर वग्रण लइ॥
उड्डल णाह पह भमउ खग्गा रिउ सोसहि डारउ।
पक्खर पक्खर ठेल्लि पेल्लि पव्वग्र ग्रप्फालउ॥
हम्मीर कज्जु जज्जल भणह कोहाणल मुहमह जलउ।
सुलताण सीस करवाल दइ तज्जि कलेवर दिग्र चलउ।

श्री मनारियाजी ने जिन जैन कवियों के नाम गिनाये हैं उनमें राजशेखरसूरि (१४०५), जयानंदसूरि (१४१०), तरुणप्रभसूरि (१४११), विनयप्रभ (सं० १४१२), जिनोदय सूरि (१४१५), सधारु कवि के समकालीन आते हैं। किन्तु एक तो इन कवियों की स्फुट रचनाओं के अतिरिक्त कोई बड़ी रचना नहीं मिलती दूसरे जो कुछ इन्होंने लिखा है वह प्राचीन हिन्दी (अपभ्रंश) से पूर्णतः प्रभावित है। विनयप्रभ कृत गौतमरासा का एक पद्य देखिये—

नयरणे वयरण कर चररिण जिरण वि पंकज जलि पाडिय।
तेजिहि तारा चंद सूर आकासि भयाडिय ॥

इसलिये यह कहा जा सकता है कि सधारु कवि अपने समय के अकेले हिन्दी कवि हैं; जिन्होंने इस प्रकार का प्रबन्ध काव्य, लिखने का प्रयास किया था।

हिन्दी साहित्य में प्रद्युम्न चरित का स्थान :

'प्रद्युम्न चरित' हिन्दी भाषा में अपने ढंग का अकेला काव्य है। यह पुरानी हिन्दी एवं नवीन हिन्दी काव्यों की मध्य की कडी को जोडने वाला एक श्रेष्ठ काव्य कहा जा सकता है। चउपई, एवं वस्तुबंध–छन्द में लिखा जाने वाला यह यद्यपि पहिला काव्य नहीं है किन्तु साहित्यिक दृष्टि से देखा जाय तो इसे प्रथम स्थान मिलना चाहिये। आगे चलकर जिन हिन्दी कवियों ने अपनी रचनाओं में चौपई छन्द को मुख्य स्थान दिया है उन पर अधिकांश रूप से जैन रचनाओं का प्रभाव है। चउपई छन्द क्या कवि और क्या पाठक दोनों के लिये ही प्रिय सिद्ध हुआ है।

प्रद्युम्न चरित को काव्य की दृष्टि से किस श्रेणी में रखा जा सकता है यह विचारने की वस्तु है। काव्य के साधारणतः दो भेद किये जाते हैं प्रथम 'प्रबन्ध–काव्य' दूसरा 'मुक्तक काव्य'। प्रबन्ध–काव्य के फिर तीन भेद हैं : महाकाव्य, खंड काव्य एवं चंपू काव्य। इसमें से प्रद्युम्न चरित मुक्तक काव्य तो हो नहीं सकता इसलिये यह अवश्य ही प्रबन्ध काव्य है। डा० रामचन्द्र शुक्ल ने जायसी ग्रंथावली पृष्ठ ६६ प्रबन्ध काव्य का जो लक्षण दिया है वह निम्न प्रकार है—

"प्रबन्ध काव्य में मानव जीवन का पूर्ण दृश्य होता है। उसमें घटनाओं की संबद्ध श्रृंखला और स्वाभाविक क्रम के ठीक ठीक निर्वाह के साथ साथ हृदय को स्पर्श करने वाले, उसे नाना भावों का रसात्मक अनुभव कराने वाले प्रसंगों का समावेश होना चाहिये। इति वृत मात्र के निर्वाह से रसानुभव नहीं कराया जा सकता। उसके लिये घटना चक्र के अन्तर्गत ऐसी वस्तुओं और व्यापारों का प्रतिबिंबवत चित्रण होना चाहिये जो श्रोता के हृदय में रसात्मक तरंगें उठाने में समर्थ हो। अतः काव्य में घटना का कहीं तो संकोच करना पड़ता है और कहीं विस्तार।"

प्रद्युम्न चरित में डा० रामचन्द्र शुक्ल का प्रबन्ध-काव्य वाला लक्षण ठीक बैठता है। इसमें घटनाओं का शृंखलाबद्ध क्रम है, नाना भावों का रसात्मक अनुभव कराने वाले प्रसंगों का समावेश है। इन सबके अतिरिक्त यह काव्य के श्रोताओं के हृदय में रसात्मक तरंगें उठाने में भी समर्थ है। इसलिये प्रद्युम्नचरित को निश्चित रूप से प्रबन्ध-काव्य कहा जा सकता है।

प्रद्युम्नचरित ६ सर्गों में विभक्त है उसमें विरह, मिलन, युद्ध वर्णन, नगर वर्णन, प्रकृति-वर्णन एवं इन सबके अतिरिक्त मायावी विद्याओं का वर्णन मिलता है। उसका नायक १६९ पुण्य पुरुषों में से एक है। वह अतिशय पुण्यवान् एवं कलाओं का धारी है। वह धीरोदात्त प्रकृति का नायक है।

काव्य के प्रवाह को स्थिर एवं प्रभावोत्पादक रखने के लिये अवान्तर कथाओं का होना भी प्रबन्ध काव्य के लिये आवश्यक है। अवान्तर कथाओं से पात्रों का चरित निखर जाता है और वे पाठकों को अपनी ओर अधिक आकृष्ट कर लेती हैं। प्रस्तुत काव्य में रुक्मिणी-हरण तथा नारद के विदेह क्षेत्र में जाने की घटना, सिंहरथ युद्ध वर्णन, उदधिकुमारी का अपहरण, भानुकुमार के विवाह का वर्णन, सुभानु तथा शंबुकुमार का द्यूत-वर्णन आदि कथायें आयी हैं। इनसे 'प्रद्युम्न चरित' के काव्यत्व की उत्कृष्टता में वृद्धि हुई है।

पूरे काव्य में घात-प्रतिघात खूब चला है। पाठकों का ध्यान किञ्चित् भी दूसरी ओर न बँट सके; इसलिये कवि ने अपने काव्य में ऐसे प्रसंगों को पर्याप्त स्थान दिया है। स्वयं नायक के जीवन में ही आश्चर्यकारी घटनाओं का बाहुल्य है। धूमकेतु असुर द्वारा उसको शिला के नीचे दबाया जाना, फिर कालसंवर द्वारा उसका बचाया जाना, उसे गुफाओं के दिखाने के बहाने अनेक विपत्तियों में फंसाना, किन्तु उसका अनेक विद्याओं के लाभ के साथ वापिस सुरक्षित निकल आना, सिंहरथ के साथ युद्ध में विजय-श्री का प्राप्त होना, स्वयं कालसंवर एवं फिर द्वारका में श्रीकृष्ण के साथ भयंकर युद्ध होना एवं उसमें भी विजय लक्ष्मी का मिलना आदि कितने ही प्रसंग उपस्थित होते हैं। जब पाठकों को नायक को विपत्ति में फंसा हुआ देखकर पूर्ण सहानुभूति होती है और जब वह वहां से विजय के साथ निरापद लौटता है तो पाठक प्रसन्नता से भर जाते हैं।

'प्रद्युम्न चरित' एक सुखान्त काव्य है। इसका नायक लौकिक एवं अलौकिक ऐश्वर्य को प्राप्त करने एवं भोगने के पश्चात् जिन दीक्षा धारण कर मोक्ष लक्ष्मी को प्राप्त करता है। जैन लेखकों के प्रायः सभी काव्य सुखान्त हैं; क्योंकि अपने काव्यों द्वारा सामान्य जन में घुसी हुई बुराइयों को दूर करने का उनका लक्ष्य रहता है।

इस काव्य में खलनायक अथवा प्रतिनायक का स्थान किसको दिया जावे यह भी विचारणीय प्रश्न है। पूरे काव्य में कितने ही पात्रों का चरित्र चित्रित किया गया है; जिनमें श्रीकृष्ण, रुक्मिणी, सत्यभामा, सुभानुकुमार, नारद, कालसंवर सिंहरथ, रूपचंद आदि के नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं।

खलनायक नायक का जन्म जात प्रतिद्वंद्वी होता है। उसका चरित्र उज्ज्वल न होकर दूषित एवं नायक प्रत्यनीक होता है। वह अपने कार्यों के द्वारा सदा ही नायक को परेशान करता रहता है। पाठकों को उससे कदापि सहानुभूति नहीं होती किन्तु 'प्रद्युम्न चरित' में उक्त बातें किसी भी पात्र के साथ घटित नहीं होतीं। पूरे काव्य में प्रद्युम्न का सत्यभामा, भानुकुमार, सिंहरथ, रूपचंद, कालसंवर और उसके पुत्रों के अतिरिक्त कभी किसी से विरोध नहीं होता। यही नहीं सिंहरथ एवं रूपचंद से भी कोई उसका विरोध नहीं था। उनके साथ इसका युद्ध तो केवल घटना विशेष के कारण हुआ है। अब केवल दो पात्र बचते हैं जिनमें प्रद्युम्न का जन्म जात तो नहीं; किन्तु अपनी माता रुक्मिणी के कारण विरोध हो गया था। इनमें सत्यभामा को तो स्त्री पात्र होने के कारण खलनायक का स्थान किसी भी अवस्था में नहीं दिया जा सकता। अब केवल भानुकुमार बचते हैं; किन्तु भानुकुमार ने प्रद्युम्न के साथ कभी कोई विरोध किया हो अथवा लड़ाई लड़ी हो ऐसा प्रसंग पूरे काव्य में कहीं नहीं आया; हां इतना अवश्य हुआ है कि प्रद्युम्न अपने असली रूप में प्रकट होने के पहिले तक द्वारका में विभिन्न रूपों में उपस्थित होता रहा और सत्यभामा और भानुकुमार को अपनी विद्याओं के सहारे छकाता रहा। भानुकुमार सत्यभामा का पुत्र था और सत्यभामा प्रद्युम्न की माता रुक्मिणी की सौत थी। इसी कारण प्रद्युम्न का भानुकुमार के साथ सौमनस्य नहीं था। भानुकुमार की मांग-उदधिकुमारी से प्रद्युम्न ने विवाह कर लिया था इसका कारण भी यही था और इसीलिये उसने दो अवसरों पर उन्हें नीचा दिखाया था। किन्तु इससे भानुकुमार को खलनायक सिद्ध नहीं किया जा सकता। नायक से विरोध एवं युद्ध होने के कारण ही किसी को खलनायक की कोटि में कैसे लिया जा सकता है। प्रद्युम्न का युद्ध तो अपना कौशल दिखलाने के लिये श्रीकृष्ण

के साथ भी हुआ है। फलितार्थ यह है कि यह काव्य बिना ही खलनायक के है और यह इसकी एक खास विशेषता है।

रस अलंकार एवं छन्द—

'प्रद्युम्न चरित' वीर रसात्मक काव्य है। काव्य का प्रथम सर्ग युद्ध वर्णन से प्रारम्भ होकर अन्तिम सर्ग भी युद्ध वर्णन से ही समाप्त होता है। वैसे यद्यपि इसमें अन्य रसों का भी प्रयोग हुआ है; किन्तु वीर रस प्रधान रूप से इस काव्य का रस मानना चाहिये। श्रीकृष्ण–जरासन्ध युद्ध, प्रद्युम्न–सिंहरथ युद्ध, प्रद्युम्न–कालसंवर युद्ध, प्रद्युम्न श्रीकृष्ण–युद्ध एवं प्रद्युम्न रूपचन्द–युद्ध इस प्रकार काव्य का काफी हिस्सा युद्ध–वर्णन से भरा पड़ा है। पाठक को प्रायः काव्य के प्रत्येक सर्ग में युद्ध के दृश्य नजर आते हैं। "रहिवर साजहु, गयवर गुडहु, सजहु सुहड, आज रण भिडउ" के वाक्य काव्य में सर्वत्र प्रयोग किये गये हैं। सिंहरथ जब प्रद्युम्न को बालक समझ कर युद्ध करने में लज्जा का अनुभव करने लगता है तो उस समय उसे प्रद्युम्न जिस प्रकार जवाब देता है वह पूर्णतः वीरोचित जवाब है :—

> बालउ सूरु आगासह होइ,तिन को जूझ सकइ धर कोइ ।
> बाल भुवंगु डसइ सउ आइ, ताके विसमणि मंतु न आहि ॥१६८॥
> सीहिणि सीहु जणै जो बालु, हस्ती जूह तणो वे कालु ।
> जूह छाड़ि गए वण ठाउ, ताकह कोण कहै भरिवाउ ॥१६९॥

इसी प्रकार जब श्रीकृष्ण और प्रद्युम्न में युद्ध के समय वार्तालाप होता है तो वह वास्तव में वीर रसात्मक है। उसके पढ़ने से उसके नायक प्रद्युम्न की वीरता एवं शौर्य की आश्चर्य-कारी चतुरता का पता चलता है। यद्यपि उस जमाने में आज की तरह जन विनाश कारी आणविक व अन्य शस्त्र नहीं थे, किन्तु तलवार, धनुष, गदा, भाला, गोफन, बर्छी, बाण एवं चक्र ही प्रमुख हथियार थे। लड़ाई में योद्धा इतने कुशल थे कि एक समय में धनुष में ५० बाण तक चढ़ाकर चला सकते थे। अग्निबाण जलबाण, वायुबाण, नागपाश आदि के प्रयोग करने की प्रथा थी। वायु बाण और जलबाण आदि कैसे होते थे कुछ कहा नहीं जा सकता। माया से अनेकानेक शस्त्रास्त्रों का निर्माण करके भी युद्ध लड़ा जाता था। कभी २ माया से विरोधी सेना मूर्च्छित भी करदी जाती थी जो अंत में पुनरुज्जीवित हो जाती थी। इन विद्याओं के कारण यह काव्य अद्भुत रस से ओत प्रोत है इसलिए इसका मुख्य रस वीर होने पर भी वह अद्भुत मिश्रित है।

इन दोनों रसों के अतिरिक्त शृंगार, करुण, रौद्र आदि रसों का प्रयोग भी इसमें हुआ है। वात्सल्य रस भी जिसे कई लोग नव रसों के अतिरिक्त रस मानते हैं इस काव्य में प्रयुक्त हुआ है।

वात्सल्य-रस का एक नमूना देखिए—

जब रूपिणि दिठा परदवणु।
सिर चुंमइ आकउ लीयउ, विहसि वयणु फुणि कंठ लायउ।
अब मो हियउ सफलु, सुदिन आज जिहि पुत्रु आयउ॥
दस मासइ जइउ धरिउ, सहीए दुख महंत।
बाला तुणह न दिठ मइ, यह पछितावउ नित॥४२९॥

चौपई

माता तणे वयणु निसुणेइ, पंच दिवस कउ वालउ होइ।
खण इकु माह विरधि सो कयउ, फुणि सो मयण भयउ वेदहउ॥४३०॥
खण लोटइ खण आलि कराइ, खण खण अंचल लागइ धाई।
खण खण जेतवणु मागइ सोइ, वहुवु मोह उपजावइ सोइ॥४३१॥

इसी प्रकार वीभत्स रस का भी कवि ने बड़ा सुन्दर वर्णन किया है। श्री कृष्ण और प्रद्युम्न में खूब जम कर लड़ाई हुई। युद्ध में अनेकों योद्धा काम आये। चारों ओर नरमुंड ही नरमुंड दिखाई देने लगे।

कवि कहता है:—

हय गय रहिवर पडे अनंत, ठाइ ठाइ मयगल मयमंतु।
ठाठा रुहिरु वहहि असराल, ठाइ ठाइ किलकइ वेताल॥५०४॥
गीधीणी स्याउ करइ पुकार, जनु जमराय जणावहि सार।
वेगि चलहु सापडी रसोइ, असइ आइ जिम तिपत होइ॥५०६॥

प्रद्युम्न के छठी रात्रि में अपहरण हो जाने के कारण, रुक्मिणी की दशा अत्यन्त शोचनीय हो गयी। उसका परिवेदन और आक्रन्दन वास्तव में हर एक के लिए हृदय द्रावक था। वह पुत्र वियोग के कारण ऐसी संतप्त

रहने लगी कि उसका शरीर कृश हो गया और उसकी सारी प्रसन्नता जाती रही। करुण-रस का यह प्रसंग भी हृदयंगम करने लायक है—

जहिं सो रूपिरिण करइ, पूत्र संतापु हिय गहवरइ।
निन नित छीजइ विलखी खरी, काहे दुखी विधाता करी ॥१४०॥
इक धाजइ अरू रोवइ वयरण, आसू वहत न थाके नयरण।
पूब्ब जन्म मैं काहउ कियउ, अव कसु देखि सहारउ हियउ॥१४१॥
की मइ पुरिष विछोही नारि, की दम्ब घाली वरणह मझारि।
की मैं लेणु तेल घृतु हरउ, पूत संताप कवरण गुण परयूउ ॥१४२॥

प्रद्युम्न ने जो नाना स्थलों पर अपनी अलौकिक विद्याओं का प्रयोग किया है उसे पढ कर पाठक आश्चर्य में डूब जाता है। ये विद्यायें सामान्य जन को प्राप्त नहीं हैं इसलिए प्रद्युम्न की अद्भुतता में कोई संदेह नहीं रहता यही चीज रस बन कर पाठक पर छा जाती हैं।

सत्यभामा ने कपट-भेषी ब्राह्मण प्रद्युम्न को जितना सामान परोसा वह सभी खा गया। ८४ हांडियों में तैयार किये हुए व्यंजनों को तो वह बात की बात में चट कर गया। यही नहीं इसके अतिरिक्त जो कुछ सामान सत्यभामा के पास था वह सभी प्रद्युम्न के उदरस्थ हो गया। फिर भी वह भूखा भूखा चिल्लाता रहा इस अद्भुतता का भी पाठक रसास्वादन करें:—

चउरासी हाडी ते जाणि, व्यंजन बहुत परोसे आणि।
माडे कडे परोसे तासु, सबु समेलि गउ एकइ गासु ॥३८७॥
भातु परोसइ भातुइ खाइ, आपुण राणी बैठि आइ।
जेतउ घालइ सबु संघरइ, बडे भाग पातलि उवरइ ॥३८८॥

काव्य में अलंकारों का भी खूब प्रयोग किया गया है। वैसे मुख्य मुख्य अलंकारों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, उदाहरण, दृष्टान्तः अपह्नति अर्थातरन्यास एवं स्वभावोक्ति आदि के नाम गिनाये जा सकते हैं। काव्य में अनूठी उत्प्रेक्षाओं का प्रयोग किया गया है जिससे काव्य-सौन्दर्य अधिक विकसित हुआ है। कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं—

१. सैन उठी वहु सादु समुदु, जाणौ उपनउ उथल्यउ समुदु॥५५७॥

वह मूर्च्छित सेना इस प्रकार उठी मानों सातों समुद्र ही उलट कर चले हों।

२. वरसहि वाण सरे असराल, जाणौ घण गाजइ मेघ अकाल ।

बाणों की निरन्तर वर्षा इस प्रकार होने लगी मानों अकाल के मेघ गाज रहे हों।

३.निसुणि वयण नरवइ परजलीउ,जाणौघीउअधिकु हुतासणु परिउ ।

वचनों को सुनकर राजा इस प्रकार प्रज्वलित हो उठा मानों अग्नि में खूब घो डाल दिया हो जिससे वह और भी प्रज्वलित हो गयी हो।

इस काव्य में चउपई छन्द का मुख्य रूप से प्रयोग हुआ है। इस छंद के अधिक प्रयोग होने के कारण ही किसी किसी लिपिकार ने तो 'प्रद्युम्न चउपई' ही ग्रंथ का नाम रख दिया है। चउपई छन्द के अतिरिक्त काव्य में वस्तुबन्ध, ध्रुवक, दोहा, सोरठा छन्दों का भी प्रयोग हुआ है। इस काव्य में प्रयुक्त वस्तुबन्ध तथा अन्य रचनाओं में प्रयुक्त वस्तुबंध छन्द में कुछ अन्तर है क्योंकि अन्य रचनाओं में प्रयुक्त छन्द की प्रथम पंक्ति को दो बार बोला जाता है और इस काव्य में प्रथम पंक्ति का एक बार ही प्रयोग करके छोड़ दिया है। चौपई छन्द के अन्त में वस्तुबन्ध का उपयोग किया है और इसके पश्चात् भी चौपई छन्द का प्रयोग हुआ है।

भाषा की दृष्टि से अध्ययन—

भाषा की दृष्टि से प्रद्युम्न चरित ब्रज भाषा का काव्य है। ब्रज भाषा के सर्व मान्य लक्षण प्रद्युम्न चरित की भाषा में पूर्ण रूप से मिलते हैं। डा० शिवप्रसादसिंह ने 'सूर पूर्व ब्रज भाषा और उसका साहित्य' नामक पुस्तक में प्रद्युम्न चरित को ब्रज भाषा के अद्यावधि प्राप्त ग्रंथों में सबसे प्राचीन काव्य माना है। और उस पर अपनी पुस्तक में विस्तृत विवेचन किया है। ब्रज भाषा बनाम खड़ी बोली नामक पुस्तक में डा० कपिलदेव सिंह ने ब्रज भाषा के जो सर्व मान्य लक्षण बतलाये हैं वे निम्न प्रकार हैं—

१. ब्रज भाषा में एक ही कार्य को सूचित करने वाले संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, अव्यय आदि में अनेक पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग होता है।
२. ब्रज भाषा की क्रियाओं में 'लाघव' है जो काव्य रचना के लिये बहुत ही उपयुक्त होता है।

३. व्रजभाषा का यह सर्व मान्य नियम है कि 'गुरु लघु, लघु गुरु होता है निज इच्छा अनुसार'

४. व्रज भाषा में कारक चिह्नों का लोप क्षम्य है।

५. व्रज भाषा की प्रकृति संयुक्त वर्ण से बचने की है किन्तु कवियों ने दोनों प्रकार के प्रयोगों की छूट ली है।

६. व्रज भाषा में तद्‌भव और अर्द्ध तत्सम शब्दों का प्रयोग होना भी उसकी एक बड़ी विशेषता है –

अब हमें यह देखना है कि ये उक्त सर्वमान्य लक्षण प्रद्युम्न चरित की भाषा में कहां तक मिलते हैं।

१. प्रद्युम्न चरित में एक ही अर्थ को सूचित करने वाले संज्ञा सर्वनाम क्रिया अव्यय आदि में कितने ही पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग हुआ है। जैसे

संज्ञा—

कृष्ण— कन्ह (५०,५७२)
कान्ह (६०,६६)
किसन (५४२)

प्रद्युम्न—

परदमणु (४१३)
प्रदवणु (५२२) प्रदुवनु (१३६)

सर्वनाम— तुम्ह (२८) तुम्हि (१०८) तुहि (४७०)
तुम्हि (२४८) तुम्ही (४७२)

अव्यय— इतु (२८३) इह (२८,३६) इहि
(४०,४७) उह (८१,३१२)

क्रिया— कंपइ, कंपत (३७८) कंपिउ (६७) (५०२)
दीठउ (६२) दीठि (४०) दीठी (२७)
दीठे (३७)

दीगाउ (६४८) दीनउ (२६) दीनी (४७)
दीने (३५०)

२. ब्रज भाषा की दूसरी विशेषता—क्रियाओं को लाघव रूप बना कर प्रयुक्त करने की रही है। प्रद्युम्न चरित में भी यही विशेषता अक्षुण्ण रूप से दिखाई देती है यथा—

सुन करके— निसुणि (२४,४२)

बुला करके— बुलाइ (१८७)

देख करके— निरखि (१०६) देखि (३२,४३)

पढ़ता है— पढ़इ (३१८)

दौड़ा करके— दौड़ाइ (३३०)

लिख पढ़ करके—लिखितु पढ़ितु—(१३७)

३. ब्रज भाषा के सर्व मान्य नियम—"गुरु लघु, लघु गुरु होता है निज इच्छा अनुसार" का भी कवि सधारु ने अपने प्रद्युम्न चरित की भाषा में पालन किया है—जैसे—

क. सति भामा हरि दीठउ नयणा, रुदनु करइ अरु बोलइ वयणा (६६)

ख. बाहुडि राउ विमाणा गयउ (१३३)

ग. जिन रुपिणि हीयरा विलखाइ (१५६)

४. प्रद्युम्न चरित में कारक चिह्नों का प्रयोग प्रायः नहीं हुआ है। अधिकांश स्थलों पर शब्द बिना कारक चिह्नों के ही प्रयुक्त हुये हैं—

कर्त्ता कारक— सारंग पाणि धनुष लौ हाथि
काल संवर तब बीड़ा देइ (१७२)
नारद बात मयणस्यो कही (२४७)
मुनि जंपइ सुहि नाहीं खोडी (२४८)

कर्म कारक— सेस थाल पठउ जमपंथि
फुणिर नेम जिन केवल भयउ (६६४)

सम्बन्ध कारक— सिंघ जुध जो जाणो भेउ। (१६५)
उवसंत मनि भयउ उछाहु (२२३)
तीनि खंड जो पुहमि नरेसु (३०६)

अधिकरण— इह वण चरण न पाव कोइ (३३६)

५. ब्रज भाषा की प्रकृति संयुक्त वर्ण से बचने की है किन्तु प्रद्युम्न चरित में दोनों ही प्रकार के प्रयोग हुये हैं—

संयुक्ताक्षर— ज्योति (६६०) ज्योनार (६५३)
नक्षत्र (११) धर्म्म (५६२)
प्रद्क्षण (५४६)

असंयुक्ताक्षर— जालामुखी (५) चकेसरी (५)
जादमराउ (४७५) कान्ह (४०)
सनमधु (६८६) बांभण (३२५)

६. ब्रज भाषा के अन्य काव्यों की तरह प्रद्युम्न चरित में तद्भव और अर्द्ध तत्सम शब्दों का भी प्रयोग किया है जैसे—

सतिभामा (६३) वरम्हंड (५३६) मोसिहु (१६०, हीयरा (१६०) सकति (२६८) विरख (८४) पुहिमि (८१)

इस प्रकार हम देखते हैं कि ब्रजभाषा के सर्वमान्य लक्षण प्रद्युम्न चरित की भाषा में मिलते हैं।

भाषा की अन्य विशेषतायें

प्रद्युम्न चरित में आद्य या अन्त के अक्षर में कभी कभी अ का इ रूप भी कर दिया गया है—

जैसे तिसु (२) किमाड़ (१६) तिपत (५०१) हाथि (७७) विवाहि (२२७)

अ+उ या अ+इ का औ या ऐ उद्वृत्त स्वर से संध्यक्षर रूप में परिवर्तन करने की प्रथा प्राचीन ब्रज भाषा की रचनाओं के समान प्रद्युम्न चरित में भी मिलती है यथा—

चउवारे, चउक (५६२) चउत्थउ, चउतीसह (१२) किन्तु उद्वृत्त स्वरों के साथ २ संध्यक्षरों के प्रयोग भी पर्याप्त संख्या में अन्य ब्रज भाषा की रचनाओं के समान प्रद्युम्न चरित में भी यत्र तत्र देखने को मिलते हैं- यथा चोपास (३१४) चोपदु (३४२) चल्योउ (३३) पौरिप (४५३) सैन (२८८) रम्यो (२७०)

स्वर संकोच—प्रद्युम्नचरित में स्वर संकोच कितनी ही प्रकार से हुआ है जिसके कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं—

जादौराउ (यादवराव) ठाउ (स्थान) पून्न (पुण्य)

व्यञ्जन—प्रद्युम्नचरित में न और ण के विभेद को बनाये रखने की प्रवृत्ति अधिक दिखाई नहीं देती जैसे—

मुनि के लिये मुणि

मानस ,, माणस

मदन ,, मयण

भानइ ,, भाणइ

किन्तु कहीं कहीं न के स्थान पर 'न' का ही प्रयोग हुआ है यथा- भानकुमार, मन, भामिनी आदि ।

काव्य में ड और र की ध्वनियां भी कितने ही स्थानों पर आपस में मिल सी गयी है यथा—

पकडि तथा पकरि, लडइ और लरइ, वाहुडि तथा वाहुरि सुंदडी एवं सुंदरी तथा भिडे एवं भिरे ।

प्रद्युम्नचरित में न्ह, म्ह एवं म्व का प्रयोग खूब किया गया है यथा पम्वाण (४१६) न्हाइ (५०६) तुम्ह (१२७) तिन्हि (५८६) जेम्वणु (३६१) तिन्हि (१)

इसी तरह 'क्ष' का छ बनाकर शब्दों को अधिक मधुर बनाने की चेष्टा की गयी है यथा—नछत्र (नक्षत्र) जच्छ (यक्ष) छण (क्षण) छत्री (क्षत्री)

सर्वनाम

प्रद्युम्नचरित में सर्वनामों के तीन ही भेदों का खूब प्रयोग हुआ है। यद्यपि शब्दों में समानता नहीं है फिर भी काव्य में उनका विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है यथा—

	एक वचन	बहु वचन
उत्तम पुरुष—	हउं (१) मैं (१४१)	हमि (२७) हमइ (६५०)
	हौ (१४७)	हमारी (११३) हमारे
	मेरो (५४२) मेरी (३०१) मे (६०३)	
मध्यम पुरुष—	तू, तुमि (१०६)	तुम्हारउ (२६) तुम्हि (२४५)
	तु, तुम्ह (१२०)	तुमहि (४७०)
अन्य पुरुष—	वह (७६) सो (१)	ते (६३२) आदि।

अनिश्चय वाचक एवं प्रश्नवाचक सर्वनाम के लिये—कोउ (२) काके (५५) किमइ (४४०) किम (४०५) आदि शब्दों का प्रयोग किया गया है।

यद्यपि काव्य में कारक चिह्नों का अधिक प्रयोग नहीं किया गया है किन्तु फिर भी रचना में कितने ही स्थलों पर उनका प्रयोग कर भी दिया गया है। इन कारकों में कर्मकारक, अपादान कारक, सम्बन्ध कारक एवं अधिकरण कारक मुख्य है। यथा—

कर्म कारक—घाइ कम्मु को किउ विणासु

संख्या वाचक विशेषण—प्रद्युम्नचरित में संख्या वाचक विशेषणों का निम्न प्रकार से वर्णन हुआ है—

१. इकु (३४) इक (३७) एकु (२३७) एक (३०३) एकइ (५३६)

२. दुइ (३३) दूजी (१९७) दोइ (१८१)

३. तीजी (२००) तीजे (२०३) तीनि

४. चारयो, चारि (३२४) च्यारि (२०) चउत्थउ (८)

५. पांच (१३६) पंचति (४५९) पंचम (५९६)

६. छइ (८६) छठि (१२२)

७. सात (५१)

८. अठ (३) आठमउ (८)

९. नवउ (६)

१०. दसह (४६६) दस (४)

११. ग्यारह (११)

१२. द्वादस (३७४)

१३. तेरह (६८९)

१४. पंद्रह (५४८)

१५. सोलह (८०) सोलहउ (६)

१६. सतरह (१०)

१७. अठारह (२०) अठार (१७६)

१८. एगुणसीवार (१०)

क्रिया पद

ब्रजभाषा में संयुक्त क्रिया का बहुत प्रयोग होता है प्रद्युम्नचरित में भी ऐसे प्रयोग खूब देखने को मिलते हैं। सहायक क्रिया एवं मुख्य क्रिया दोनों के ही पदों का प्रयोग देखने को मिलता है। सहायक क्रिया मुख्य रूप से भू धातु से बनी है और उसके प्रद्युम्नचरित में निम्न रूप प्राप्त होते हैं—

वर्तमान काल—होइ (१) कवितु न होइ
होहि (७४) रहि रूपिणी वामा काहरि होहि
हुइ (११) संवतु चौदहसै हुई गये

भूतकाल—(१) ढाठउ भयउ (२९)
(२) उपर अधिक ग्यारह भए (११)
(३) आज पवित्तु भयो इह ठाउ (२८)
(४) निसुणि वयण कोप्यो परदवणु (१७८)

मुख्यक्रिया पदों का प्रयोग भी प्रद्युम्नचरित में ब्रजभाषा के अन्य अन्य काव्यों के समान ही हुआ है ।

सामान्य वर्तमान—सामान्य वर्तमान काल में सभी क्रिया पदों को इकारान्त बनाकर प्रयोग किया गया है—यथा—

१. सो सधार पणमइ सरसुति। (१)
२. तिस कउ अंतु न कोउ लहइ। (२)
३. करइ गर्ज मेदनी विलसंतु। (२१)
४. रहटमाल जिउ यहु जीउ फिरइ (६८६)
५. फुणि मयरद्धउ जंपइ ताहि (५२४)

आज्ञार्थ—वर्तमान आज्ञार्थ के रुप कभी भी शुद्ध रुप में प्राप्त नहीं होते। इसकी रचना अंशतः प्राचीन विधि (Potential) अंशतः प्राचीन आज्ञार्थ और अंशतः प्राचीन निश्चयार्थ से होती है (पुरानी राजस्थानी पृष्ठ ११६)। प्रद्युम्नचरित में आज्ञार्थ क्रिया पदों के निम्न रुप से प्रयोग मिलते हैं—

(१) रथ साजिउ सारथि वयसारि (५८)
(२) रहिवर साजहु गयवर गुरहु (७०)
(३) उदधिमाल तुमि मो कहु देहु (३०५)
(४) हीण अधिक जण लावहु खोडि (७०१)
(५) घर वेगे सामहणी करहु (२८६)

विध्यर्थ—

(१) कछुस मोल आइ तुम्हि लेउ (३४०)
(२) दुइ घोड़े ए ऽरहु अघाइ (३४१)
(३) नयर मंगल किजइ (५६६)

भूत काल—वर्तमान काल में इकारान्त क्रिया पदों के समान भूत काल की क्रिया भी उकारान्त बनाकर प्रयोग की गयी है यथा—

(१) तिहि कुरखेत महाहउ भयउ (६६१)
(२) सतिभामा महिलउ पठयउ (४३३)
(३) रहवरु मोडि नयर महगयउ (२६२)
(४) कठिया जाइ संदेसउ कहिउ (३६८)

भविष्यत्‌काल--भविष्यत्‌काल में अधिकांश 'इ' वाले रूप ही मिलते हैं ग वाले रूप बहुत थोड़े तथा कहीं २ ही मिलते हैं।

(१) सो काहो जेम्वहिगे आइ (३६२)

(२) किम रण जीतहुगे महमहण (७३)

अन्य भाषाओं का प्रभाव--

ब्रज भाषा के अतिरिक्त प्रद्युम्नचरित की भाषा पर मुख्य रूप से अपभ्रंश एवं राजस्थानी भाषा का प्रभाव पड़ा है। वास्तव में १४ वीं शताब्दी में अपभ्रंश भाषा के प्रभाव रहित किसी भाषा का काव्य लिखना भी दुष्कर कार्य रहा होगा। कवि ने यद्यपि अपभ्रंश के शब्दों का कम से कम प्रयोग करने का प्रयास किया है और पूरे काव्य में अपभ्रंश की एक गाथा उद्धृत की है, जिसके सम्बन्ध में अभी तक यह पता नहीं लग सका है कि वह स्वयं कवि द्वारा निबद्ध है अथवा किसी अन्य रचना में से उद्धृत की है, किन्तु फिर भी रचना में अपभ्रंश शब्दों का खूब प्रयोग हुआ है इसे कोई अस्वीकार नहीं कर सकता। यहां अपभ्रंश के कुछ शब्द रचना में से उद्धृत किये जा रहे हैं--

अवलोइ (५४२) असराल (२८८) उच्छाह (५८६) तिजयणाहु (१२) णिव्वाणा (२३२) वीण (४) जइउ (४२६) अपमाण (४८३) अवरइ (३८१) उभाइ (१७०) कुकडाहि (६१०) कोह (२८७) खेमु (६५४) खग (२१३) लोयपमाणु (६६०) लोयणु (५०७) वण (५६) विविहु (१०७) सवेहु (५८८) सयल (२५८) सरसइ (३) नयर (१४) दुज्जण (६८६)

व्रजभाषा के अतिरिक्त राजस्थानी भाषा के शब्दों का भी कहीं कहीं प्रयोग स्वतः ही हो गया है जैसे--आगि (४७८) आपणी (६३१) दूख्यो (६३०) न्हानी (२३६) आदि।

प्रद्युम्न चरित की अन्य विशेषतायें--

प्रद्युम्न चरित यद्यपि अधिक बड़ा काव्य नहीं है। डा० माताप्रसादजी गुप्त के शब्दों में हम उसे सतसई कह सकते हैं क्योंकि पूरे काव्य में ७०१ पद्य हैं। प्रद्युम्न चरित में वस्तु व्यापारों और जीवन दशाओं का भी अच्छा वर्णन किया गया है जिन में से कुछ का यहां संक्षेप में उल्लेख किया जा रहा है :--

१. सामाजिक सम्बन्ध, कृत्य उत्सव आदि--
 सन्तानोदय, विवाह, स्त्री समाज
२. सेना के अस्त्र शस्त्र
३. नगर वर्णन
४. प्रकृति वर्णन

१:—सामाजिक सम्बन्ध कृत्य उत्सव आदि :—

(अ) सन्तानोदय—समाज में पुत्र होने पर खूब उत्सव मनाये जाते थे। प्रद्युम्न के जन्म पर द्वारका में खूब उत्सव मनाये गये। प्रत्येक घर में बधावा गाये गये तथा सौभाग्यवती स्त्रियों ने मंगल गीत गाये :--

दूहु नारि घर नंदण भए, घर घर नयरि वधावा गए।
सूहो गावइ मंगलचार, वंभण वेद पढ़इ झुणकार ॥१२०॥
वाजहि तूर भेरि अनिवार, महुवरि भेरि संख अनिवार।
घरि घरि कूं कूं थापे देह, मगल गावहि कामिनि गेह ॥१२१॥

(ब) विवाह—विवाह बड़ी धूमधाम से किये जाते थे प्रद्युम्न के विवाह के अवसर पर देश विदेश के राजा महाराजा सम्मिलित हुए थे। नगर को सजाया गया, बाजे बजाये गये तथा विवाह विधि पूर्वक सम्पन्न किया गया था। ऐसे शुभ अवसरों पर ब्राह्मण लोग मंत्रोच्चारण करते थे एवं सौभाग्यवती स्त्रियां मांगलीक गीत गाती थी। प्रद्युम्न के विवाह का वृतान्त पढ़िये :--

संख सवुद मंद लह निहाउ, ठाठा भयउ निसाणा घाउ।
भेरि तूर वाजइ असराल, महुवरि वीण अलावणि ताल ॥५८०॥
विप्रति वेद चारि उचरइ, घर घर कामिणी मंगलु करइ।
वहु कलियरु नयरि उछलिउ, जन मयरद्धु विवाहण चलिउ ॥५८१॥

(स) कवि और स्त्री समाज—

कवि ने प्रद्युम्न चरित में एक प्रसंग पर स्त्री समाज पर खूब आक्रमण किया है। तुलसीदासजी ने तो अपनी रामायण में स्त्री को 'ताड़न

का अधिकारी' कह कर ही सन्तोष कर लिया था, किन्तु सधारु कवि उनसे भी ४ कदम आगे चलते हैं। स्त्री समाज की निन्दा करते हुये कवि कहता है कि वह असत्य बोलती है और असत्य कार्य करती है तथा अपने पति को छोड़ कर अन्य के साथ रमती है। कवि ने अपनी बात की पुष्टि के लिये कुछ ऐसे उदाहरण भी दिये हैं जिन अवसरों पर स्त्रियों ने पुरुषों को धोखा दय। था।

तिरिय चरितु निसणउ भरिभाउ,
विलख वदन भउ खगवइराउ।
अलियउ बोलइ अलियउ चलइ,
निउ पिउ छोड़इ अवरु भोगवइ ॥२६६॥
तिरियहि साहस दूणो होइ,
तिरिय चरित जिण फुलइ कोइ।
नीची वुधि तिम्वइ मनि रहइ,
उतिमु छोडि नीच संगइ ॥२६७॥
पयडी नीच देइ सो पाउ,
एसो तिवइ तणउ सहाउ ॥२६८॥

२—सेना प्रयाण :—

१. सेना के अस्त्र शस्त्र—

राजाओं के पास नियमित सेना होती थी जो संकेत मात्र से युद्ध के लिये तैय्यार हो जाती थी। शिशुपाल, कालसवर श्रीकृष्ण एवं रूपचंद की सेना युद्ध के लिये संकेत मिलते ही तैय्यार हो गयी थी तथा अपने २ शस्त्रों को संभाल लिया था। गज, अश्व एवं पदाती सेना होती थी। शस्त्रों में कोंतु, तलवार, सेल, कटारी, छुरी, धनुष बाण आदि शस्त्र प्रयोग में लाये जाते थे। इन शस्त्रों के अतिरिक्त विद्याबल से भी युद्ध लड़ा जाता था।

२. विद्याओं के बल पर युद्ध करने की परम्परा—

प्रद्युम्नचरित में सभी अवसरों पर विद्याओं के बल पर युद्ध करवाये गये हैं। अग्निबाण, जलबाण, वायुबाण आदि कितने ही प्रकारों के बाणों का प्रयोग होना, प्रद्युम्न का कितनी ही विद्याओं में प्रवीण होना तथा उनके आधार पर सिंहरथ, काल संवर एवं श्रीकृष्ण की सेनाओं को मूर्छित करके हरा देना; कनकमाला से तीन विद्याओं की प्राप्ति एवं उनके बल पर कालसंवर

को हराना आदि घटनाएं प्रद्युम्न की लोकोत्तर शक्ति का परिचय देती हैं कि उस समय के युद्ध इस प्रकार की आश्चर्यकारी विद्याओं के द्वारा भी लडे जाते थे।

कवि को अलौकिक विद्याओं पर खूब विश्वास था। प्रद्युम्न जहां भी गया वहीं उसे विद्याएं प्राप्त हुई। कवि ने जिन १६ विद्याओं के नाम गिनाये हैं वे सभी अलौकिक विद्याएं हैं। यदि प्रद्युम्न को वे विद्याएं प्राप्त नहीं होती तो वह कभी किसी युद्ध में नहीं जीत सकता था क्योंकि सिंहरथ, कालसंवर एवं श्रीकृष्ण सभी उससे बल पौरुष में बढ़ कर थे। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसकी प्रत्येक सफलता का कारण उसकी अलौकिक विद्याएं थी।

३. नगर वर्णन—

प्रद्युम्नचरित में द्वारका का वर्णन किया गया है। यद्यपि वर्णन विस्तृत नहीं है किन्तु थोड़े से शब्दों में ही कवि ने नगर का काफी अच्छा वर्णन किया है। नगर में ऊंचे २ महल थे जिन पर विभिन्न प्रकार की पताकायें फहराती थीं। प्रद्युम्न जब नारद के साथ विमान द्वारा द्वारका पहुँचा तो नारद ने नगर के प्रमुख महलों का वर्णन करके उसे परिचित कराया था।

४. प्रकृति-वर्णन (वृक्ष एवं पुष्पलताओं का वर्णन)

सधारु कवि को प्रकृति-वर्णन भी प्रिय था। सत्यभामा के बाग का वर्णन करते हुये उसमें २५ से भी अधिक वृक्षों, पुष्पों एवं लताओं का वर्णन किया है। इस प्रकार का वृक्ष एवं पुष्पों का वर्णन अपभ्रंश साहित्य में भी खूब हुआ है और उसी का प्रभाव हिन्दी साहित्य पर भी पड़ा है। प्रद्युम्नचरित में जिन वृक्षों एवं पौधों का वर्णन किया गया है वह निम्न प्रकार है—

जाइ जुही पाडल कचनारु, ववलसिरि वेलु तिहि सारु।
कूंजउ महकइ अरु करणवीरु, रा चंपउ केवरउ गहीरु ॥३४५॥

कुंढ़ु टगरु मंदारु, सिंदूरु, जहि बंधे महइ सरीरु ।
दम्वणा मरूवा केलि अणांत, निवली महमहइ अनंत ॥३४६॥
आम जंभीर सदाफल घणे, बहुत विरख तह दाडिम्व तणे ।
केला दाख विजउरे चारु, नारिग करुण खीप अपार ॥३४७॥
नीवू पिंडखजूरी संख, खिरणी लवंग छुहारी दाख ।
नारिकेर फोफल वहुफले, वेल कइथ घणे आवले ॥३४८॥

उपसंहार—

इस प्रकार हम देखते हैं कि हिन्दी भाषा के प्राचीन चरित काव्यों में प्रद्युम्न चरित एक उत्तम रचना है और इसका हिन्दी साहित्य में भाषा और वर्णन शैली की दृष्टि से उल्लेखनीय स्थान है। इसे ब्रज भाषा का आदि काव्य होने के कारण भाषा विज्ञान के अध्ययन के लिये आधार भूमि भी माना जा सकता है। ग्रन्थ की शब्दानुक्रमणी के अवलोकन से पता चलेगा कि कवि ने शब्दों के प्रयोग में कोई निश्चित लक्ष्य नहीं रखा किन्तु एक ही शब्द को विभिन्न रूपों में प्रयोग किया है। इससे कवि की भाषा विषयक विद्वत्ता एवं तत्कालीन प्रचलित भाषा के विभिन्न प्रयोगों का भी पता चलता है। कवि ने कुछ ऐसे शब्दों का भी प्रयोग किया है जो हमें हिन्दी के अनेकानेक शब्दकोशों में नहीं मिले हैं इसलिये इस काव्य के प्रकाशन से हिन्दी शब्दकोश में भी अभिवृद्धि होगी ऐसा हमारा विश्वास है।

इस काव्य के प्रकाशन से हिन्दी भाषा के आदि कालिक काव्यों की संख्या में एक और की अभिवृद्धि ही नहीं होगी किन्तु विद्वानों को प्राचीन काव्यों की परम्परा जानने में भी सहायता मिलेगी। हिन्दी भाषा के अन्वेषण प्रिय विद्वानों को इस काव्य से एक दिशा निर्देश प्राप्त होगा और खोज के लिये अधिकाधिक प्रेरणा मिलेगी। प्राचीन हिन्दी साहित्य की अबतक पूरी खोज नहीं हुई है, नहीं कह सकते सधारु जैसे महान् कवियों की कितनी अमूल्य रचनाएें ग्रंथ भण्डारों के गहनांधकार में हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं और हिन्दी सेवकों को कह रही हैं कि यदि अब भी तुमने ध्यान नहीं दिया तो हम सदा के लिए महाकाल के मुंह में विलीन हो जायेंगी।

ग्रन्थ का सम्पादन—

इस ग्रंथ का सम्पादन कैसा हुआ है और उसमें किस सीमा तक सफलता मिली है इसका निर्णय हम पाठकों पर ही छोड़ते हैं। हमें इस बात का संतोष है कि हमसे इस ग्रंथ का उद्धार हो सका और इस बहाने हम हिन्दी की यह सेवा पा सके। ग्रन्थ संपादन में मूल प्रति के अतिरिक्त तीनों प्रतियों के पाठ में यदि थोड़ा भी असाम्य ज्ञात हुआ तो उसे पाठ भेद में दे दिया गया है। यद्यपि मूल प्रति अपेक्षाकृत शुद्ध एवं सुन्दरता से लिपि की हुई है फिर भी कुछ पाठ अशुद्ध लिखे होने के कारण उनके स्थान पर अन्य प्रतियों के शुद्ध पाठ को ही देना अधिक उपयोगी समझा गया है। इसके अतिरिक्त मूलपाठ में कोई संशोधन अथवा संवर्द्धन नहीं किया गया है। शब्दानुक्रमणिका काफी विस्तृत होगई है किन्तु कवि द्वारा एक ही शब्द को विभिन्न रूपों में प्रयोग किये जाने के कारण उन सभी शब्दों को देना आवश्यक समझा गया, यही इसके विस्तृत होने का कारण है। हमें मूल ग्रंथ का हिन्दी अर्थ लिखने में पर्याप्त कठिनाई का सामना करना पड़ा; क्योंकि प्रद्युम्नचरित के बहुत से शब्द तो ऐसे हैं जो हिन्दी कोशों में खोजने पर भी नहीं मिले; तो भी जहां तक हो सका है शब्दों का ठीक अर्थ देने का ही प्रयत्न किया गया है।

गच्छतः स्खलनं क्वापि, भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र, समादधति सज्जनाः ॥ १ ॥

धन्यवाद समर्पण—

अन्त में हम क्षेत्र कमेटी एवं विशेषतः कमेटी के मंत्री महोदय श्री केशरलालजी बख्शी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस ग्रन्थ को क्षेत्र द्वारा संचालित जैन साहित्य शोध संस्थान की ओर से प्रकाशित कराकर प्राचीन हिन्दी-ग्रन्थों को प्रकाश में लाने में सहयोग दिया है। श्री अनूपचन्दजी न्यायतीर्थ एवं श्री सुगनचन्दजी जैन के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने प्रद्युम्नचरित के पाठ भेदों, शब्दानुक्रमणी एवं प्रूफ रीडिंग में हमें पूरा सहयोग दिया है। श्री भंवरलालजी पोल्याका जैनदर्शनाचार्य के

भी हम आभारी हैं जिनसे हमें ग्रन्थ की शब्दानुक्रमणी तैयार करने में सहयोग प्राप्त हुआ है। इनके अतिरिक्त डा० माताप्रसादजी गुप्त के भी हम बहुत आभारी हैं जिन्होंने हमारे अनुरोध पर भूमिका लिखने एवं शब्दार्थ के निर्णय में भी सहायता दी है। श्री अगरचन्दजी नाहटा के प्रति भी हम आभार प्रदर्शित किये विना नहीं रह सकते जिन्होंने प्रद्युम्न चरित की प्रतियां उपलब्ध करने में अपेक्षित सहयोग दिया है। खण्डेलवाल पंचायती दि० जैन मन्दिर कामां (भरतपुर) एवं बधीचन्दजी दि० जैन मन्दिर जयपुर के व्यवस्थापकों के भी हम अत्यधिक आभारी हैं जिन्होंने हमें अपने भण्डार की हस्तलिखित प्रतियां सम्पादनार्थ दी हैं।

चैनसुखदास
कस्तूरचन्द कासलीवाल

दिनांक १-१-६०

प्रद्युम्न चरित की मूल प्रति

प्रथम पत्र

प्रद्युम्न चरित

स्तुति खण्ड

चौपई

सारद विणु मति कवितु न होइ, सरु[1] आखरु[2] णवि[3] बूझइ[4] कोइ।
सो सधार[5] पणमइ सरसुति, तिन्हि कहुं[6] वुधि होइ कतहुती ॥१॥
सबु[1] को सारद सारद करइ[2], तिस कउ[3] अंतु न कोउ[4] लहइ।
जिणवर मुखहु[5] जु णिगाय वाणि, सा सारद[6] पणवहु परियाणि ॥२॥
अठदल[1] कमल[2] सरोवरु वासु, कासमीरपुर[3] लियो निकासु।
हंस[4] चढी कर लेखणि देइ, कवि सधार सरसइ पभणेइ ॥३॥
सेत[1] वस्त्र पदमवतीण[2], करहं अलावणि वाजहि वीण।
आगम[3] जाणि देहु[4] बहुमती, पुणु[5] दुइजे[6] पणवइ[7] सरसुती[8] ॥४॥

---

(१) १. सार (क) सारु (ग) २. अखिर (क) अक्खरु (ख) अक्षरु (ग) ३. नवि (क) नउ (ख) कहइ सभु (ग) ४. बूझै (ग) ५. जोइ सधारि जणाणि सरसति (क) जो सधारु पणवइ सरसुती (ख) जउ सधारु पनमइ सुरसती (ग) ६. ननमइ तिह नइ वुधि न हरती (क) तिन्ह कहु बुद्धि होइ मति (ग)

(२) १. सह (क) २. कहइ (ख) ३. को (क) ताकउ (ग) ४. कोइ (क, ख) ५. मुखि सो निश्चै जाणि (क) जउ मुख हुति विद्या खणी (ग) ६. पणवउ परमाणि (क) सारद पनव बहुविधिधरणी (ग)

(३) १. अट्ठदल (क,ख,ग) २. कवल (ग) ३. मुखमंडणवासु(क) पुरलिउनिवास (ख) पुरी लियो निवासु (ग) ४. हंसि चढि करि पुस्तकि लेइ (ग) (क) प्रति में तीसरा और चौथा पद्य निम्न प्रकार है—

जोइ सधारि पणवउं पणमेवि, सेत वस्त्र पदमावति देवि ॥३॥
करहि कला करि वीणा अति, आगम जाण देहु बहुमती।
हंसासणि लेहइ बुध अति, दोइ कर जोड़ णमउं सरसती ॥४॥

५. साधारु (ग) सधारु (ख)

(४) १. श्वेत (ख) २. पदमासण (ग) पदमावतीलीण ३. आगमु (ख,ग) ४. बिमउ (ग) ५. पुणि (ग) ६. दूजै (ग) ७. पणमउ (ग) पणवउं (ख) ८. बहु सरसुती (ग)

पदमावती दंड[१] कर लेइ, जालामुखी चक्केसरी[२] देइ[३] ।
अंवमाइ[४] रोहिणि जो सारू, सासरण[५] देवी नवइ सधारू ॥५॥

जिण सासण[१] जो विघन हरेइ[२], हाथ[३] लकुटि लै उभौ होइ ।
भवियहु[४] दुरिउ[५] हरइ असरालु[६], अगिवाणीउ पणउ खित्रपालु[७] ॥६॥

चउवीसउ[१] स्वामी[२] दुह हरण, चउवीसउ[३] मुक्के जर मरण ।
जिण[४] चउवीस नमउ धरि भाउ, करउ[५] कवितु जइ[६] होइ पसाउ ॥७॥

रिषभु[१] अजितु संभउ तहि भयउ, अभिनंदणु चउत्थउ वन्नंयउ[२] ।
सुमति पदमुप्रभु[३] अवरु सुपासु[४], चंदप्पउ[५] आठमउ[६] निकासु[७] ॥८॥

सुविधु[१] नवउ सीतलु[२] दस भयउ, अरु श्रेयंमु[३] ग्यारह जयउ ।
वासुपूजु अरु विमलु अनंतु ,धम्मु[४] संति सोलहउं पहूपहूंत ॥९॥

---

(५) १. भुरि करि लेइ (क) दंडु (ख, ग) २. सक्केसरी (ग) चक्केसरि (क) ३. देवि (क) ४. अंवाइ रोहिणि जे सार (क) अंवउ हीनउ खंडि जौ सारु (ग) ५. सा सा प्रणमो नोइ सधार (क) सासण देवि कथइ साधारु (ख)

(६) १. जिन शाशनि (क) सासणि (ग) २. रहाइ (ग) ३. हाथि लकुटि सो उभउ होइ (क) हाथ लकटि ढाढा लिउ लाइ (ग) ४. भवियण (क) ५. दुरी (क) दुरतु (ग) ६. असराल (क) ७. खेत्रपाल (क) खेत्रपालु (ख)

(७) १. चउवीसइ (क) २. सामी (क) ३. जे चउवीसइ मुक्का (क) चउवीसइ मुक्के ४. चउवोस ण्ह नमो धरि भाव (क) जिण चउवीस णमउ धरि भाउ ५. करो (क) ६. जे (क)

नोट—७ वां पद्य ग प्रति में नहीं है ।

(८) १. रिषभ अजित संभव तह भयउ (क) २. तहि थयउ (क) हरि थुयउ (ख) ३. पउम (क,ख) ४. यहु (ख) ५. पासु (ख) ६. चन्द्रप्रभु (क) चंदप्पहु (ख) ७. आट्ठमउ सुभासु (क) अट्ठमु ससिभासु (ख)

(९) १. सुविधि (क) सुविहि (ख) २. शीतल तह दसमउ भयउ (क) सु नवउ शीतलु दसमउ (ख) ३. जिण श्रीअंशइ ग्यारमो थयउ (क) जिण सेंयमु ग्यारहमउ जयउ ४. धर्म्म संति सोलमउ जिणिंद (क) धम्मु संति सोलहमु निरुत्तु (ख)

कुंथु[1] सतारह अर सु अत्थार, मल्लिनाथु[2] एगुणसी वार ।

मुणिसुव्रतु[3] नमि नेमि[4] वावीस, पासु[5] वीरु महु देहि असीस ॥१०॥

सरस कथा रसु[1] उपजइ[2] घणउ, निसुणहु[3] चरितु पजूसह[4] तणउ ।

संवतु चौदहसै[5] हुई गए,उपर अधिक[6] ग्यारह[7] भए ॥

भादव दिन[8] पंचइ सो सारू, स्वाति नक्षत्र[9] सनीश्चरवारू ॥११॥

वस्तु बंध छन्द—

णविवि[1] जिणवरू[2] सुद्ध[3] सुपवित्तु[4] ।

नेमिसरु गुण णिलउ सामि वपु[5] सिवदेवि[6] नंदणु ।

• चउनीसह[7] अइसइ सहिउ कम्मत्राण घण[8] मान मद्दणु ॥

हरिवंसर[9] रूहइ मणि तिजयणाहु[10] भय सासु ।

समयमुहं पंचज णाणु केवलणाण[12] पयासु ॥१२॥

---

(१०) १. कुंथ सतारह अर अठार (क) कुंथु भतारह अरु अठारु (ख) २. मल्लिनाथ उगणीस कुमार (क) मल्लिनाहु उणवीसमउ कुमारु (ख) ३. मुणिसुव्वउ (क, ख) ४ निमि (ख) ५. पास वीर ए इम चौवीस (ख) पासु वीरू अन्तिम चौबीस ।

(११) १. रस (क) २. उपइ (ख) ३. निसुण (क) ४. पजउवन (क) पजुश्रह (ख) ५. चउदसइ इग्यार (क) चउदहसइइसु (ख) ६. अधिकइ (ख) ७. भईए ग्यार (क) संवत पंचसइ हुई गया, गरहोतराभि अरु तह भया (ग) ८. भाद्रवसु दिनम वीजे सार (क) भावव सुदी पंचमी सो सारु (ख) भावव वदि पंचमि तिथि सारु (ग) ९. नक्षित्र (क) नखित्र (ख) १०. सनीचरवार (क)

(१२) १. नमिय (क) नविवि (ख) २. जिणवर (क) ३. सुद्‌ठु (ख) सतु (ग) ४. सपवित्तु (क) ५. सोमवयणु (क) सामवण्णु (ख) स्यामवर्ण (ग) ६. एवि (ख) ७. वावीसमउ जिणेसरु (क) वावीसमु दयसहिउ (ख) ८. मद मोह खंजणु (क) मयमोहखंडणु (ख) ९. हरिवंशह तसु कमल रवि (क) हरिवंसह तह कमल रवि (ख) १०. तिजइ णाहु पयासु (क) तिजय नाहु हय पासु (ख) ११. चउथह संघह तमु हरइ (क) चउविह संघह तमु हरइ (ख) १२. केवल ज्ञान प्रकासि (क) केवलनाण पयासु (ख) केवलज्ञान प्रगास (ग) • मूलपाठ "चउवीसहं हय बय सहिउ"

चौपई

पढमह्य[1] पच परम गुरू नवणी, वीय जिणवर पय सरण

गुरू णीगांथु नउं धरि भाउ, करउं कवितु जउ होउ पसाउ ॥१३॥

द्वारिका नगरी वर्णन

जंबूदेशु सुदंसणु[1] मेरू,[2] लवणवुहि[3] वेढियउ[4] सु फेरू ।

भरहखेत[5] दाहिण[6] दिसि[7] अहइ, सोरठ देसु[8] माहि तिही[9] वसइ ॥१४॥

वसइ[1] गाम्व[2] ते[3] नयर समान, नयर विसेषइ[4] देव समाण[5] ।

यह[6] मंदिर धवल हर[7] उतंग, कणइ[8] कलस झलकंति सुचंग ॥१५॥

---

(१) पणरवि पणमो जिनवर वाणि, जामइ सुध वच्च गुण खाणि ।
करउ कवित जे करउ पसाउ, मोहिय जन तणा भंन भाइ (क)
पढम पंच परमेट्ठि णवेवि, वीरणाहु भत्तिय पणवेवि ।
जासु तित्थि मइ जिणवर धम्मु, पाविवि सहलु कियउ नर जम्मु । (ख)
पुणु पुणु पणविवि जिणवर वाणि जामइ सद्दग्रच्छ मणि खाणि ।
करइ कवित्तु जइ करइ पसाउ । मह्यु पजुन्न करणे अणुराउ ॥

नोट—ग प्रति मे प्रथम २ पंक्ति पीछे निम्न पाठ है—

दया धम्मं दिनु रयणि, करइ स्तुति चउवीस वंदनु ।
संभम भाउ बहुविधि सहिउ, केवल ज्ञान प्रगास ॥
मुकत गउ छिइं कम्मकरि, वुहियण वदहु तासु ॥

चौपई

पहिलइं माइ पिता गुरु सरण, वीतराग जिणवर पाइ सरण ।
गुरू निरगंथु नवउ धरि भाउ, हुइ इक चित्ति मुझु करौ पसाउ ॥

(१४) २. वीप (क) वीउ (ख) द्वीप (ग) १. सुदंसण (क,ख,ग) ३. लवणोवधि (क,ग) ४. वेढयउ बहु फेर (क) वेढिउ चउ फेर (ख) वेढचो चउ फेरि (ग) ५. भरत (क,ग) ६. षेत्र (क,ग) खेत्रु (ख) ७. तिह दाहिण दिसइ (क) तहो दाहिणा दिसइ (ख) दाहिणी दिसा (ग) ८. देसु (ख) देश (ग) ९. माझि सो वसइ (क) माझि तहो वसइ (ख) माहि तिसु बसा (ग)

(१५) १. वसहि (ख,ग) २. गाम (क,ख) गांव (ग) ३. तिह नगर समान (क) ते नयर समाण (ख) तहि नगर समाण (ग) ४. नयर सेवही (क) नयर विसेषहि (ख) नगर विसेषहि (ग) ५. विमाणु (क) विमाण (ख,ग) ६. मढ (क,ख) गढ (ग)

सायर माहि[1] द्वारिकापुरी, धणय जक्ष[2] जो रचि करि धरी ।।
वारह जोजण[3] कै विस्तार, कंचण कलस ति[4] दीसइ वार ।।१६।।
छाए[1] चउवारे वहुभंति, सुद्ध फटिक दीसह ससि[2] कंति ।
मार्ग्रज[3] मणि जाणौ जडे किमाड, सोहहि[4] मोती वंदनमाल[5] ।।१७।।
इकु सोवन[1] धवलहर अवास[2], मढ मंदिर देवल[3] चउपास ।
चौरासी[4] चौहटे[5] अपार, वहुत[6] भाति दीसह सुविचार[7] ।।१८।।
चहु[1] दिस[2] राइर[3] गहिर[4] गंभीर[5], चहु दिस लहरि[6] झकोलइ नीर[7] ।
सो[8] वारवइ पयण जाणिए, कोडिध्वज[9] निवसहि[10] वाणिये ।।१९।।

---

७. धवल हर उतुंग (ख) देवल उत्तंग (ग) ८. कणइ कलस झलकंति सुचंग (क) काणय कलस धय मंडिय तुंग (ख) विविह भंति दीसहि अति चंग (ग)

(१६) १. मझि (क) माहि सो (ख) २. धणय जखि सु रचिकरि धरी (क) धणय जक्ष सो रचि करि धरी (ख) धनयर जल बहुत विधि करी (ग) ३. जोयण कइ विस्तारि (क) जोयण कै विथारि (ख) जोजन कइ विस्तारि (ग) ४. शाहति झलकहि बारि (क) सोहत दीसहि बारि (ख) कलसज दीपहि बार (ग)

(१७) १. छाजे (क, ग) छजे (ख) २. ससि उदौ करंति (ग) ३. मरकत मणि बहु जड़े किवाड़ (क) मरगज मणि बहु जड़िय किवाड़ (ख) मरगज माणिक जडे किवाड़ (ग) ४. मोतिय (ख) ५. बन्दरवाल (क,ख,ग)

(१८) १. एक सुवन (क) इक सोवन (ख) इक सोवन्न (ग) २. आवास (क,ग) ३. देउल (क,ग) ४. चउरासी (क,ख,ग) ५. चउहटे (क,ख,ग) ६. बहुत भंति (क) विविह भंति (ग) ७. सविसार (क)

(१९) १. चउ (ख) २. दिसु (ख) दिसि (ग) ३. सायर (क) सायरु (ख) साइरु (ग) ४. गहिरू (ख) गहर (ग) ५. गंभीरु (ख, ग) ६. पवन (ग) ७. नीरु (क)

नोट—(ग) प्रति में निम्न पंक्ति और हैं—

चहुं दिसि नाना वर्ण सिंगार, चहुं दिसि हाट अनुपम अपार ।

८. चौबारे चौहठे आणिया (क) सा द्वारवइ पयण जाणियइ (ख) धन धान सहित जाणीया (ग) ९. कोटीधुज (क) कोडीधुज (ख) कोडिधजी (ग) १०. बसहि (ग)

धर्म[1] नेम को जाणहि[2] गम्वरिग[3], अरू[4] तहि वसइ अट्ठारह[5] पवणि,
ब्राह्मण[6] खत्री वसहि[7] तियवर[8], वैस[9] सूद[10] तहिं[11] निमसहिं अवर।
कुली[12] छतीस[13] ल सूझइ ठाइ, तिहि[14] पुरि सामिउ जादउ राउ ॥२०॥

दल वल साहण[1] गणत[2] अनंत, करइ गर्ज[3] मेदनी[4] विलसंतु[5]।
तीनखंड चक्केसरो राउ, अरियणदल भानइ[6] भरिवाउ[7] ॥ २१॥

तिहि[1] वलिभद्र सहोदरु[2] अवरू[3], तिहि[4] सम पवरीष दीसइ अवरू।
कोडि छपन जादउ अनिवार[5], करहि राज ते सव परिवार ॥२२॥

सभा पूरि वइठउ हरि राउ, चउवल[1] सइन न सूझइ ठाउ।
अगर[2] सुगंध वास परिमलइ, कनक[3] दंड सिर चामरि ढलइ ॥२३॥

पंच सबदु तहि वाजइ घणे, वहुत भाति पावल[1] पेखणे।
भरिहि भाइ नाचणि[2] पउ[3] धरइ, ताल विनोद कला अणुसरइ[4] ॥२४॥

---

(२०) १. धम्म (ख) २. जाणइ (क) ३. गमणि (क), गयणि (ग) ४. अवरु (ग) अर (क) ५. अठार (ख) छत्तीसइ (ग) ६. बांभण (ख,ग) ७. वेस (क) ८. अपार (ग) ९. वसहि (क) वइस (ख) विस (ग) १०. सुद्र (क) ११. को जाणइ सार (ग) १२. कुलिय (ख) (१३) छत्रीसइ निवसइ ठाउ (क) छत्तीसउ सूझइठाउ (ख) छत्तीस इन सूझइ ठाउ (ग) १४. तिन पुरि निवसिइ जादम राउ

(२१) १. वाहण (ख) तह साहण (ग) २. गिणत न अन्त (क) गणिउ न अन्तु (ख) संयुत (ग) ३. राज (क ख ग) ४. मेइण (ख) ५. वहतु (ग) ६. भंजइ (ग) ७. भडिवाउ (क,ख,ग)

(२२) १. बलिभद्र वीरू महाई तास (ग) २. सहोयरु (ख) ३. जेय (क) जेट्ठु (ख) ४. नोलंवर मूशल उक्किट्ठ (क) नीलंबरु हलु मूसल उक्किट्ठु (ख) रणि अजीत सो सत्र विनासु ग) ५. वर वीर (क) (यह पंक्ति ग प्रति में नहीं है।)

(२३) १. जिह सामंतन सूझइ ठाउ (क) जहि सामंत चक्कवइ राउ (ख) चउरंग वल नाहिन सूझइ ठाउ (ग) २. गंध वास परिमल मह महइ (क) सवहि भवर परिमलइ (ख) ३. कणइ (क) कनकति (ग)

(२४) १. पाय पेखणा (क) परबल पेखणे (ख) भरहि सिभाउ अधिकु पेखणा (ग) २. नाचहि (क) ३. बहुभांति (क) (तीसरा चरण ग प्रति में नहीं है) ४. गुणसंति (क) ऊसारहि (ग)

नारद ऋषि का आगमन

छत्री हाथ कमंडल धरहि[१], मूंडे मूड चूटी[२] फरहरइ[३]।
चढिउ विमाण मन विहसंतु, नानारिषि[४] तहां आइ पहुंत ॥२५॥
नमस्कार करि सारंग-पाणि, करणय[१] सिंघासण[२] दीनउ[२] आणि।
रहस[३] भाइ पूछइ नारायणु[४], कहा तुम्हारउ भो[५] आगमणु ॥२६॥
हमि आकासत करि[१] उपरण, मंत[२] लोग वंदे जिणभूवरण।
द्वारिका[३] दीठी उपनउ भाउ, तउ[४] तू भेटिउ जादउराउ ॥२७॥
तउ नारायण विनवइ सेव, भलउ भयउ जो आयउ देव।
नानारिषि तुम कीयउ पसाउ, आज पवित्तु भयो इह ठाउ ॥२८॥
निसुणि[१] वयण रिषि मन विहसाइ, कुसल वात पूछि सतभाइ।
दइ असीस सो ठाढउ भयउ, फुनि[२] नारद रणवासह गयउ॥२९॥
जहि सिंगार सतभामा करइ, नयण रेख[१] कजल[२] संचरइ[३]।
तिलकु[४] लिलाट ठवइ ससिभाइ[५], षण नानारिषि गो[६] तिहि ठाइ॥३०॥

---

(२५) १. करहइ (क) करहि (ग) २. चोटी (ख) उचले अणुसरइ (क) ४. नारव (क) नारदु (ख)

नोट—(ग) प्रति में निम्न पाठ है—

काल रूपि कलि देखी जहा, राउ नरायणु बइठा तिहा।

(दूसरा तथा तीसरा चरण नहीं है)

(२६) १. अर्ध (क) २. बोधउ (क) ३. कुसल (ग) ४. महमहणु (ग) ५. भयो (क) भउ (ख) भईया (ग)

(२७) १. भए उत पवणु (क) ते कियउ आगमणु (ख) ते कीया गमणु (ख) २. मातलोकि (क,ख,ग) ३. देखि द्वारिका (ग) ४. भेटियउ बलिभद्र यादव राउ (क) बलिभद भेटयउ नारउ राउ (ख) तउ तुम्ह उलटे जादमराउ (ग)

(२८) प्रथम दो चरण ग प्रति में नहीं है।

(२९) १. 'रहसिभाइ पूछइ हरिराउ, तउ नाना रिषि उपना भाउ' प्रथम दो चरण के स्थान पर ग प्रति में है। २. तब (ग)

(३०) १. रेह (ख ग) २. कालु (ख) ३. सचरइ (ख)

नारद हाथ कमंडल धरइ[1], काल रूप कलि देखत फिरइ ।
कुवर[1] भान तणउ गो मोडी, संवकुवर जिणे[2] द्वै कोडि ॥६१८॥

वहुत खेल सो पाछइ कीयउ, तवइ[1] मंत ता ओरइ कियउ ।
दूत[2] हकारि पठायो तहा, वहुरि विजाहर निमसइ तहा ॥६१९॥

गयो दूत नही लाइ वार, विजाहरनी[1] जणाइ सार ।
भणइ[2] दूतु मनि चित्या लेहु, पुत्री एकु भानहि देहु[3] ॥६२०॥

सुभानुकुमार का विवाह

विजाहर[1] मन भयउ उछाहु, दीनि[2] कुवरि भयो तह व्याहु ।
द्वारि[?] नयरी कलयलु भयो, व्याह[2] सुभानकुवर को भयउ ॥६२१॥

कुवर[1] सुभान विवाहै जाम, तव रूपीणि मन चितइ जाम ।
दूत वुलाइ मंत्र परठयो[2], रूपुकुवर पास[3] पाठयो ॥६२२॥

---

(६१८) १. सभा नारायणु मुकु चाल्या मोडि (ग) २. जीता बोइ कोडि (ग)

(६१९) १. संवकुवरु जीति धनु लीया (ख ग)
२. कुवरु सुभानुहि आये हारि, तउ विलखी सतभामा नारि (ख ग)

(६२०) १. विज्जाहर राइ (ग) २. भणी विपु जिन अनचितु लेहु (ग)
३. देहि (ख ग) मूलप्रति में 'भणइ दूत मन अनुचित लेख, पुत्री एकु भानइ लेहि, पाठ है ।

(६२१) १. विज्ञाहरु (क) विज्जाहरु (ख) २. तिम (क) दीनी (ख ग)
३. ३ उलिगु लोगु सयल आइउ (ग)

(६२२) १. तव रुपणि मनि उट्ठयो चाउ, हउ अपणा व्याहउ करिभाउ (ग)
२. तव कियो (क) सठयो (ख) ३. पासहि पाठयउ (क) पासि पाठयो (ख)
कुंडलपुरिहि दूतु पाठयो, आइ रूपचंदु वीनयउ (ग)

रुक्मिणि के दूत का कुंडलपुर नगर को प्रस्थान

सो कुंडलपुर गयो तुरंत, रूपचंदस्यो कह्यो निरुत्त ।
स्वामी बात सुणो मो तणी, हउ तुम पह पठयो रूपिणी ।।६२३।।

संवकुम्वारु[1] कुवर परदवणु, तिहि पवरिसु जाणइ सवु कवणु ।
जइसे तुम स्यो वाढइ[2] नेहु, दुहु[3] कुमार[4] कहु वेटी देहु ।।६२४।।

रूपचन्दु वोलइ तिस ठाइ[1], रूपिणि कहु[2] तू लेइ मनाइ ।
जादौ वंस पूत[3] जो होइ, तिसको[4] वाहुरि धीयको देइ ।।६२५।।

कहइ वात जणवउ[1] समुझाइ, इत्वही कहहि रुकुमिणी[2] जाइ ।
साभडि[3] तइ जु पत्राडउ कियउ, वात कहत नहु दूखित[4] हियउ ।।६२६।।

जिणि परिगहु घालियउ अवटाइ, सेसपाल तू[1] गई मराइ ।
अजहु वयण कहइ तू एहु[2], मयणकुवर कहु[3] बेटी देहु ।।६२७।।

---

(६२३) निरुत्त (क) – नोट – प्रथम और द्वितीय चरण ग प्रति में नहीं है । मूलपाठ तुरंत ।

(६२४) १. उर (क) २. बाधइ (क) ३. वेहु (क) बहू (ग) कुवरनो (ग) ।

(६२५) १. राइ (क) २. कउ तउ बेटी तेहु (क) स्यउं तू कहइ बुलाइ ३. मूल प्रति में—पूजो सोई पाठ है । ४. तिस कहु धीयन [illegible] कोइ (ग)

(६२६) १. जनसिउ (क) जणसिउ (ख) इहि (ग) २. तू तिन्हस्यउ जाइ (ख) ३. सांभलि (क ख) संभलि करियहु म्हारा किया (ग) ४. झाटइ (ग)

(६२७) तू गई मराइ (ख) मूलपाठ—तू चल्यो मरवाइ २. कहि (ग) ३. कहु (ग) मूलपाठ तू

निसुणि वयण खण चाल्यो दूत, द्वारिका नयरि आइ पहूत ।
तुम[1] को वचन कहै समझाइ, सो[2] जण कहिउ सरस्वती जाइ ॥६२८॥

नारायण स्यो आयस[1] कहउ, हम[2] तुम माह कमण सुख रहिउ ।
केते[3] अवगुण तुम्हारे[4] लेउ, तुम कहु छोडि डोम[5] कहु देउ ॥६२९॥

निसुणि वात विलखाणी[1] वयण, आसू पातु[2] कीए द्वै नयण ।
मानभंग इहि[3] मेरउ कीयउ, वुरो[4] कियउ मुह दूख्यो हीयउ ॥६३०॥

विलख वदनि दीठि रुपिणी, पूछि वात जननी आपणी ।
कवण वोल तू विसमउ धरइ, सो मो वयण वेगि उचरइ ॥६३१॥

मइ[1] छइ पूत मंत्र आठयो, कुंडलपुर जण[2] पाठयो ।
दुष्ट वचन ते कहे वहुत, साले[3] खरे पूए मो पूत ॥६३२॥

---

(६२८) १. तिहकउ (क) उहकउ (ख) मोस्यउ (ग) २. आइ कहा रुकमिणि के आइ (क) सो ति कहिउ रुकिमिणी सिहु आइ (ख) सो तिन्ह कहे रुकमिणि आइ (ग)

(६२९) १. एसो (क) अइसउ (ख) आइसा चयउ (ग) २. हम तुम्ह आइ सुबइ सा भयउ (ग) ३. कितेक (ग) किते (ख) ४. थारे (ग) ५. डूंम (क ख ग)

(६३०) १. सो बिलखो वयण (ग) २. करहि बुहु (क) करइ बुइ (ख ग) ३. यहु (क) इति (ख, ग) ४. बुरा बोलु मोरयउ वोलीया (ग)

(६३२) १. इसिउ पूत मंत आख्यो (क) मइथिउ पूत वयणु आययउ (ख) मइथा पुत्र मंतु [illegible] हुयउ (ग) २. कुउ जण पाठयो (क, ख) दूत पाठुयो (ग) ३. साले खरउ हीयइ मोहि पूतु (क) साले खरे मुहि हीय बहुत (ख) सालहि हिये खरे ते पूत (ग)

मइ जाण्योउ मुहि भायउ अहइ, एसी वात निचू[१] भउ कहइ ।
विषयवासिणि[२] मानइ होइ, एसी वात कहइ न कोइ ॥६३३॥

निसुणि वयण परदवनु रिसाइ, हीणु वयण तह वोलइ माइ ।
रूपचंदु रण जिणहु पचारि, पाण[१] रूप छलि परणउ नारि ॥६३४॥

प्रद्युम्न का कुंडलपुर को प्रस्थान

कंद्रप बुद्धि करी तंखीणी, सुमिरी विद्या वहुरूपिणी ।
संबु[१] कुवरु परदमनु भयउ, पवण वेगु कुंडलपुर गयउ ॥६३५॥

दोनों का डोम का वेष धारण कर लेना

दीठउ नयरु दुवारे[१] गयउ, डोम रूप दोउ जण भयउ ।
मयण अलावणि करण[२] पठए, सामकुमार[३] मंजीरा लए ॥६३६॥

फिरे वीर चोहटे मझारि, उभे भये जाइ सीहवारि[१] ।
वहु परिवार[२] सिउ दीठउ राउ, तउ कंद्रपु करह व्रह्माउ ॥६३७॥

---

(६३३) १. नीच (क) नीच स्यों (ग) २. विष्फु सिघासणि (क) विष्पुसवासिणि (ख) किम वचन सुणि वोलइ सोइ (ग)

(६३४) १. पवनवेग (ग)

(६३५) १. संबु कुवरु परदमणु भयो (क) संब कुवारि कुवरु हुए भए (ग) मूल प्रति में 'स्वामी' पाठ है ।

(६३६) १. द्वारि आइए (ग) २. करि पाठए (क, ख) करणहि ठ्यो (ग) ३. संबु कुवरि (ग)

(६३७) सीह दुवारि (ग) सीह दुवारि (ख क) २. परियण सिउ (ख) परिगहस्यउं (ग)

गीत कवित जे आदम तणे, ते कंद्रप गाए सब[1] सुणे ।
अवर गीत सब[2] चीतइ घरणी, जादम[3] राय की सलहण करइ ॥६३८॥

जादम तणउ[1] नाउ जब लयउ, रूपचन्द मन विसमउ[2] भयउ ।
वहुत गीत की[3] जाणहु सार, कहा[4] हुते आए वैकार ॥६३९॥

रूपचन्द को अपना परिचय बतलाना

द्वारिका नयरी कहिए ठाउ, भुंजइ[1] नरायणु जादमुराउ ।
पाटमहादे जहा रुक्मिणी, राय सहोत्ररि जो तुह तणी ॥६४०॥

तुह्मि सलहण वइ करइ वहूत[1], तिणि राणी पठए[2] दूत ।
तुम्हि उतरु तिहि कहउ जाइ, तिहि सहेट हमि आए राइ ॥६४१॥

वाले वोलति करहु पम्वाणु[1], सतु वाचीय परि होइ पवाण[2] ।
भाख[3] पालि मन धरहु सनेहु, दोउ पुत्री[4] हमि कहु देहु ॥६४२॥

---

(६३८) १. आपणा (क) २. पाछहि (क) सो चिति नकि (ग) ३. जादम राइ सालाहति करइ (ग)

१. मूलप्रतिमें—आग तणे पाठ है तथा चतुर्थ चरण नहीं है ?

(६३९) १. भणउ (ख) सुणउ (ग) २. मन विलखउ (क) मनि विसमउ (ख ग) मूलप्रति में 'नवि भयउ' पाठ है ३. गाए बहुवार (क) कीया तह सार (ग) ४. कहा ते आए ए बेकार (ग)

(६४०) १. तह (ग) वसहि (ख) भूंचइ ताह नारायण राउ (ग)
मूलप्रति में—'बुचइ' पाठ है ।

(६४१) १. गुणवंत (क) तोहि सराहण करहि बहूत (ग) २. पठए थे दूत (क) पठये हम दूत (ख) तिनि नाराइणि था पठ्या दूतु (ग)

(६४२) १. प्रमाण (क) परवाणु (ख) परवमाणु (ग) २. प्रवाण (क) परंवाणु (ख) सत्य वयण ते होहि परवाणु (ग) ३. भागिवंत (क) भाजि जामिनि (ग) ४. कन्या (ग)

रूपचन्द का उन दोनों को पकड़ने का आदेश देना

वस्तुबंध—

निसुणि कोपिउ खरउ[1] तहिराउ।
जाणौ वैसुंदर घीउ ढलीउ, धुणि सीसु सरवंगु[2] कंपिउ।
पाणभ[3] वोलत गयउ, एहु वोलते कवणु जंपिउ॥
लै[4] वाहिर ए निगहहु, सूली रोपहु जाइ।
जइ[5] जादो वहहि सवल, तोहि छुरावहु आइ॥६४३॥

चोपई

गीम्व[1] गहे तक करहि पुकार, डोम डोम हुइ रहे अपार।
हाथ अलावणि सिंगा[2] लए, हाट चोहटे सव परिरहे[3]॥६४४॥
तंखण[1] कुवर भइ पुकार, रूपचंद रा[2] जाणी सार।
हय गय रह[3] सेती पलणाइ, छण इक माह पहुंतंउ आइ॥६४५॥
रूपचंद[1] रा पहुतो आइ, सामकुम्वारु[2] परदमणु जहा।
एक[3] तात्क सव एकहि साथ, सागालाए[4] अलावणी हाथ॥६४६॥

---

(६४३) १. तवहि मनिराउ (ग) २. अति रोस कीए (ग) ३. प्राण जीव (क) पाण जीव (ख) पुणि बोल्यो भ्रिम गयो (ग) ४. लेई बाहरि निगयउ (क) बहि लेहो वहु निग्रहहु (ग) ५. बांह पकडि वन महि धरिउ जैसे पाइ पलाइ (क)

(६४४) १. ग्रीव (क) गावत गाहे करहि पुकार (ख) गीत कवित तिनि काढ वारि (ग) २. अरु गलि जाइ (ग) ३. भरि गए (क ख) भये वुढि चोहटे फिराइ (ग)

(६४५) १. पुरवि (क) पुरवरि (ख) पुत्र गुये हंकारि (ग) २. राय जणाई सार (क) कहु दीनी सार (ग) ३. रथ पाइक (ग)

(६४६) आइ पहुतउ लिहा (क) २. संब कुमर परदमण (क) संब कुवक परदौह्य (ग) ३. एक तक मारहि (ग) ४. गले अलावण दीणा हाथि (ग)

देखि डाम मन बिंभउ[1] राउ, नौघरा[2] जाति करउ किम[3] घाउ ।
धणुक[4] सधाणि बाण जब हणे, तहि[5] पह अवर मिले चउगुणे ॥६४७॥

प्रद्युम्न और रूपचन्द के मध्य युद्ध

कोपारूढ मयण तव भयउ, चाउ चडाइ हाथ करि लयउ ।
अग्निवाणु दीणउ मुकराइ[1], जुझत षत्री चले पलाइ ॥६४८॥

भागी सयन गयउ भरिवाउ, बाधिउ मामू[1] गले दइ पाउ ।
लइ कन्या सवु दलु पलणाइ, द्वारिका नयरि पहुते आइ ॥६४६॥
रूप रावलइ पहुतो तहा, राउ नरायण वइठो तहा ।
रूपचंदु[1] हरि दीठउ नयण, हमइ[2] लाभु कियउ नारायणु ॥६५०॥

रूपचन्द को पकड़ कर श्रीकृष्ण के सम्मुख उपस्थित करना

तव हसि मदसूदनु इम कहइ, इह भाणेजु[1] तिहारउ अहइ ।
इहि विद्यावलु पवरिषु घणउ, जिणि[2] जीतिउ पिता आपणउ ॥६५१॥

---

(६४७) १. बिलखो (क) चितइ (ग) बिंभिउ (ख) २. निरघण (ख ग) ३. किउ (क) को (ग) ४. धणुष बाण ले हाथि हिणइ (ग) ५. ऊपरि अधिकु चउगणे गिणइ (ग)

(६४८) १. मुकलाइ (क ख ग)

(६४६) १. रूप ( ) मामा (ग)

(६५०) १. रूपचंद (क ग) २. इहु के बहुतु किया महमहणु (ग)

(६५१) १. यहु भाणजा तुहारा अहइ (ग) २. इहु सुपूतु रुकमिणि तणा (ग) नोट—यह छन्द (क) प्रति में नहीं है ।

श्रीकृष्ण द्वारा रूपचन्द को छोड़ देना।

तब हसि माधव कीयउ[1] पसाउ, वाधिउ छोडिउ मनधरि[2] भाउ।
मयरद्ध[3] हसि आकउ भरिउ, फुणि रूपिणि पहं[4] घर ले चल्यउ ॥६५२॥

रूपचन्द और रुक्मिणि का मिलन

भेटी जाइ वहिणि आपणी, वहु[1] तक मोहु धरयो रुक्मिणी।
वहु आदर सीझइ[2] ज्योनार, अमृत भोजन भए अहार ॥६५३॥
भायउ[1] वहिणि भाणिजे भले, भयउ[2] षेमु जइ एकत मिले।
निसुणि वयण तव भयउ उछाहु, दीनी कन्या भयउ[3] विवाहु ॥६५४

प्रद्युम्न एवं शंबुकुमार का विवाह

हरे वंस तव[1] मंडप ठये, वहुत भांति करि तोरण रए[2]।
छपनकोटि जादम मन रले, दोउ कुवर विवाहण[3] चले ॥६५५॥

---

(६५२) १. करि मनिचाउ (ग) २. रुपचन्द राउ (ग) ३. मैराधा हसि अंकी भरइ (ग) ४. कइ (ग)

(६५३) १. बहुता मोहु करै रुकमिणी (ग) बहुत सनेहु धरिउ रुकमिणी (ख) २. कीजहि जीमणवार (क) साजइ जवनार (ख) रची जउणार (ग)

(६५४) १. भाई बहिण भाणेजे भले (क) मिले (ख) आए बहण भणइ तुम्ह भले (ग) २. भली सरी जो लोमहमिले (ग) ३. हुयो (ग)

(६५५) १. का (ग ख) २. रोपिया (ग) ३. विवाहण (क ख ग) मूलपाठ 'विमाहण' ग प्रति में निम्न पाठ अधिक है—

रूपचन्द तिव बोलइ वाणि, दोइ कन्या देवउं आणि (ग)

संख भेरि वहु पडह अनंत, महुवरि[1] वेण तूर वाजंत ।
दे भावरि हथलेवउ[2] भयउ, पाणिगहनु[3] चौहुजण कियउ ॥६५६॥
घर घर नयरी भयउ उछाहु, दुहु कुवर कउ[1] भयउ विबाहु ।
सूरिजन जण ते मन मा रलइ, एकइ[2] सतिभामा परजलइ ॥६५७॥
रूपचन्द को आइस भयउ, समदिनारायण सो घर गयउ ।
कुंडलपुर सो राज कराइ, वाहुरि कथा द्वारिका जाइ ॥
एथंतरि[1] मनु[2] धर्म्मह रलो, जिणु वंदुण कैलासहि चलिउ ॥६५८॥

छठा सर्ग

प्रद्युम्न द्वारा जिन चैत्यालयों की वन्दना करना

वस्तुबंध--

ताम चिंतइ कुवर परदवणु ।
भउ संसार समुदु[1] परिजयनु, धर्म्म[2] दिढु चित दिजइ ।
कैलासहि सिर[3] जिणवर भुवण, सुद्ध भाइ पूज्जइ किज्जइ ॥
अतीत अनागत वरत[4] जे दीठे जाइ जिणिंद ।
जे[5] निपाए जिणवर भुवण, धनु धनु भरहं नरिंद ॥६५९॥

---

(६५६) १. मधुरी वीण ताल वाजंत (क) २. कीया (ग) ३. पाणग्रहण करि दुइ परणीया (ग)

(६५७) १. का हुवा (ग) २. करि कउतिग आगे दुइ चले (ग)

(६५८) इस पद्य में ६ चरण हैं। १. इत्यंतरि (क) एथंतरि (ख) येथंतरि (ग) २. सो मन महि रले (ग)

(६५९) १. दुत्तर तरइ (क) समुदपरि (ग) समुद्दपरि (ख) २. जैनधर्म (क ख ग) ३. सिखर (ख) कविलासह सो सिखरि (ग) ४. वरति वंदे (क) ५. जेणि कराए जिण भवण ते सब वंदे आनंद (ख) ग प्रति में अन्तिम २ पंक्ति निम्न प्रकार है—

चलिउ ताह जह कम छिजइ फिरि फिरि देखइ जिण भुवण ।
वंदइ भावन भाइ जे जिन, आप्या महि रहहि तह महोछुसरवाइ ॥

चौपई

फिरि चेताले वंदे[1] मयण, तिन्हि[2] ज्योति दिपइ जिम्ब रयण ।
अट्ठविधि पूजउ[3] न्हवणु कराइ, वाहुडि मयण द्वारिका जाइ ॥६६०॥
इथंतरि अवरु कथंतरु भयउ, कौरो पांडव भारहु भयउ ।
तिहि[1] कुरखेत महाहउ भयउ[2], तिहि नेमिस्वर संजमु लयउ ॥६६१॥
वाहुरि मयण द्वारिका जाइ, भोग[1] विलास चरित विलसाइ ।
छहरस परि सीझइ ज्योनार, अमृत भोजन करै[2] आहार ॥६६२॥
तहा सतखणा धोल[1] हर अवास, निय[2] निय सरसे भोग विलास ।
अगर चंदन वहु[3] परिमल वास, सरस[4] कुसम रस सदा सुवास ॥६६३॥

नेमिनाथ को केवल ज्ञान होना

एसी[1] रीति कालुगत गयउ, फुणिर नेमि जिन केवल भयउ ।
समवसरण तव आइ सुरिणद, वणवासी[2] अवर सुररिंदु ॥६६४॥
छपनकोटि[1] जादम मन रले, नारायण स्यो हलहल चले ।
समउसरण परमेसरु जहा, हलहल कान्ह पहुते तहा ॥६६५॥

---

(६६०) १. वंदण करइ (ख) वंदे जाइ (ग) २. तिन्ह को जोति देखइ जिणभाणु (ग) ३. पूजा (क ख ग)

(६६१) १. तिम्ह (क) तिग्हि (ख ग) २. किया (ग)

(६६२) १. छह रति विलसइ भोग कराइ (ग) २. सरस (ग)

(६६३) १. धवल (क ख ग) २. निय पिय सरसहि (ख) नीरस परिस (ग) ३. केसर (ग) लहै (ग) ४. सरस कुसमरस सदा सुवास (क) मूलपाठ—तंबोल कुसम सर बीस

(६६४) १. अइसी (क ख) इसी (ग) २. भुवणवासो आयो धरिणिंदु (ग)

(६६५) १. सभी जादम मिले (ग)

देवि[1] पयाहिण करिउ वहूत, फुणि माधव[2] आरंभिउ थुति[3] ।
जय कंदर्प्प खयंकर देव, तइ सुर असुर कराए[4] सेव ॥६६६॥

जइ कम्मट्ठ दुट्ठ खिउकरण, जय मह जनम जनम जिनुसरणु ।
तुम पसाइ हउ दूतरु तिरउ, भव संसारि न वाहुडि परउ ॥६६७॥

करि स्तुति[1] मन[2] महि भाइ, फुणि नर कोठि वइठउ जाइ ।
तउ जिणवाणी मुह नीसरइ, सुर नर सयल जीउ मनि धरइ ॥६६८॥

धर्माधर्म सुणिउ दुठ वयण, आगम तणउ सुणिउ परदवणु ।
गणहर कहु पूछइ षण सिधि, छपनकोटि जादम की रिधि ॥६६९॥

नारायण मरण कहि पासु, सो मो कहु आपहु निरजासु ।
द्वारिका नयरी निश्चल होइ, सो आगमु कहि आफहु मोहि ॥६७०॥

गणधर द्वारा द्वारिका नगरी का भविष्य बतलाना

पूछि वात तउ हलहल रहइ, मन को सासउ गणहर कहइ ।
वारह वरिस द्वारिका रहहु, फुणि ते छपनकोटि संघरहु ॥६७१॥

द्वीपायन ते उठ इव जागि, द्वारिका नयरी लागइ आगि ।
मद[1] ते छपनकोटि संघरइ, नारायण[2] हलहल उवरइ ॥६७२ ॥

---

(६६६) १. देव कहीजे कथा वहुत् (ग) २. आरभिउ धुत्त (क) आरंभिउ थोउ (ख) पुणि केसउ माइरवउ धुत्त् (ग) ३. मूलपाठ आरंभिउ थुतु ४. करहि तिसु सेव (ग)

(६६८) १. करिवइ थुति (क) करिय थुत्ति (ख) करिवि थुति (ग) २. मनिमहि (क ख ग) दूसरा और तीसरा चरण ग प्रति में नहीं है ।

(६७०) यह छन्द क प्रति में नहीं है ।

(६७२) १. वलिभद्र (ख) २. छपनकोडि समुद्र संघरहि (ग)

मुनि आगमु सो मेटइ कम्वणु, जर[1]दकुमार हाथ हरि[2] मरणु ।
भान सुभानु अरु सामिकु[3]मारु, आठ महादे संजमु भारु ॥६७३॥
सुणि वात जउ गणहर पासु, निहचे द्वारिका होइ विणासु ।
दीपायनु तपचरणह गयउ, जरदकु[1]मारु वनवासा लयउ ॥६७४॥

प्रद्युम्न द्वारा जिन दीक्षा लेना

दसदिसा खहु जादम भए, करि संजमु जिणवर पह गए ।
दीष्या लेइ कुमर परदवणु, चिंतावत्थु[1] भयउ[2] नारायणु[3] ॥६७५॥

प्रद्युम्न द्वारा वैराग्य लेने के कारण श्रीकृष्ण का दुखित होना

विलख वदनु भयो[1] नारायणु, हा मुहि पूत पूत प्रदवनु ।
कवण वुद्धि उपनी तो आजु, लेहि द्वारिका भुंजइ राजु ॥६७६॥
राजधुरंधर जेठउ पूत, तोहि विद्यावल आहि वहुत ।
तोहि पवरिषु जाणइ सुरभवण, जिण तपु लेइ पूत परदवणु ॥६७७॥
कालसंवर जाणइ तो हियउ, हउ रण महतइ विलखो कीयउ ।
तइ रुपिणि हरी मुहुतणी, फुणि तइ सुहड पचारे घणे ॥६७८॥

---

(६७३) १. जरा (ग) २. होइ (ग) ३. सम्बु (क ख ग)

(६७४) १. जरासिंधु (क) जराकुमार वनवासी भया (ग)

(६७५) १. चितवन्त (क) चितावस्थ (ग) २. भयउ (क) ३. महमहण (क) महमहणु (ग)

(६७६) १. वोलइ तिस कवण (क) वोलइ नारायणु (ख) वोलइ महमहण (ग)

(६७७) १. मत (क)

नारायण के वयण सुणेइ, तं[1] पडि ऊतरु[2] कंद्रपु देइ ।
का[3] कउ राजुभोग घरवारु, सुपिनंतरु जइसउ संसारु ॥६७९॥

का कउ धन पौरिषु बलु घणउ, का कउ बापु कुटंब कहि तणउ ।
घडिक[1] मा जाइ विहडाइ, आव[2] क्षिपति को सकइ रहाइ ॥६८०॥

रुक्मिणि का विलाप करना

नारायण बारि[1] विलखाइ, फुणि रूपिणि सपत्ती आइ ।
[2]करण कलाप करइ विललाइ, केमु पूत मन धरमु रहाइ ॥६८१॥

एकु पूत तू मोको भयउ, धूमकेत तबही हरी लयउ ।
[1]कनकमाल घर विरधि करंत, बाले सुखह न देखिउ पूत ॥६८२॥

फुणि मोहि घर आयो आनंदु, कुल उद्योत[1] जिम पून्यो चंदु ।
राज भोगत ए किए असेस, अव ए भूमिरु रहोगे[2] केस ॥६८३॥

---

(६७९) १. तंखिणि (ग) २. कंद्रप उतरु देइ (ग) ३. किसुका राज बेस घरबारु (ग)

(६८०) १. घडी एक घाले (ग) २. उपति सपति के रहइ बराइ (ग) ग प्रति में प्रथम द्वितीय चरण नहीं है ।

(६८१) १. बाहुडि (क ख) २. बलत अगनि कउ लिउ बुझाइ (ग)

(६८२) १. स्तनपान मेरो नवि करिउ, नवि उछंगि कबहि मह धरिउ (क)

(६८३) १. उदयो जाणु (ग) २. लहिगे (ख ग)

क प्रति में निम्न प्रकार है—

रुपणि मइ तप कउ मन कियउ, इव किस देखि सहारउ हियउ ।
राजा एक कीता असेस, अब ए तुमिर सह केस ॥६८८॥

क प्रति में निम्न छन्द अधिक है—

पुणि इव रूपणि लागी कहण, जिन तब लेहि पूत परवमण ।
इसी कहि मइ तू उर धरिउ, अब किस देखि सहारउ हियउ ॥

प्रद्युम्न द्वारा माता को समझाना

माता तणउ वयण निसुणेइ, तव[1] प्रतिउतरु कंद्रपु देइ।
लावण रुप सरीरह सारु, जम रूठे सो होइ है छारू ॥६८४॥

अवगी माइन कंदलु करइ, माया मोहु माणु परिहरइ।
जिन सरीर दुख[1] धरहु वहुत, को मो माइ कवण तुहि पूतु ॥६८५॥

रहटमाल[1] जिउ यह जीउ फिरइ, स्वर्ग पताल पुहमि अवतरइ।
पूव्व जनम को सनमधु आहि, दुज्जण सज्जण लेइ सो चाहि ॥६८६॥

हम तुम सन्मधु पुव्वह[1] जम्मु, सोहउ आणि घटाउ कम्म।
इम्व करि मनु समभावइ ताहि, रूपिणि माइ वहुडि घर जाहि।६८७।

प्रद्युम्न का जिन दीक्षा लेकर तपस्या करना

इम समुझाइ रूपिणि माइ, फुणि णिमि[1] पास वइठउ जाइ।
देसु कोसु[2] परिहरे असेस, पंचमुवीर[3] उमाले केस ॥६८८॥

तेरह विउ[1] चारितु चरेइ, दह लक्षण विहु[2] धरमु करेइ।
सहइ परीसह वाइस[2] अंग, वाहिर भीतर छायउ अंग ॥६८९॥

---

(६८४) १. तउ पडि (ख ग) तउ परि (क)

(६८५) १. दुख (क ख ग) मूल पाठ दुष्ट

(६८६) १. रहडमाल (ख) अरहटमाल (ग)

(६८७) १. पूरव जनमि (ग)

(६८८) १. जिण (क ख) मुनि (ग) २. वास (ग) ३. पंच मूठि उपाडे केस (क) पंच मुट्ठि सिर उपडि केस (ख) पंचमषट्ठमउ लाये केस (ग)

(६८९) १. बिरढि चारै अनु चार (ग) २. वंसु संनु (ग)

प्रद्युम्न को केवल ज्ञान एवं निर्वाण की प्राप्ति

घाइ कम्मु को किउ विणासु, उपणउ केवलु षण निरजासु।
दीठउ लोयण लोयपमाणु, झायउ[1] चित्तव उच्छउ झाणु ॥६६०॥

तंखण आयउ चंद सुरिंदु विजाहर[1] हलहर धरणिंदु।
नारायण[2] बहु सजण[3] लोगु, सुरयणु अछरायणु बहु भोगु ॥६६१॥

थुणइ[1] सुरेस्वर वाणी पवर, जय जय मोहतिमिरहरसूर[2]।
जय कंद्रप हउ मति[3] नासु, जाइ[4] तोडिवि घालिउ भवपासु ॥६६२॥

इय[1] थुतिवि सुर वइ फुणि भणइ, धणवइ एकु चित भउ सुणइ।
मुंड केवली रिद्ध विचित्त[2], रचहि खणंतरि[3] वण्ण विचित्त ॥६६३॥

---

(६६०) १. जो चितवै सोचउ था आसु (ग)

(६६१) १. विद्याधर आया धरि आनन्दु (ग) २. नर सुर को तह हुव संजोग (क) ३. बूमण (ग)

(६६२) १. सुणइ नारि सर (क) सुणइ सुवाणी प्रवणे अपार (ग) २. करहु मह तिमिर (क) जइ जइ मोहरिपजिरा हर हार (ग) ३. कउ कियो विणास (क) काम मनि नासु (ग) ४. जइ सुजाण तोडा भव पास (क) जउ भौ चिद्या लीया पासु (ग)

(६६३) १. एम भणिवि सुर सामी भणइ, धणवइ एकइ चितइ सुणइ (क)
इय सुणि सुरवइ सो फुणि भणइ, ध्यावइ नयइ सु इकचिति सुणइ (ग)

२. पवित्त (ग) ३. षाणरति (ग)

ग्रंथकार का परिचय

मइसामीकउ कीयउ वखाण, तुम पजुन [1]पायउ निरवाण ।
अगरवाल को मेरी जात, पुर [2]अगरोए मुहि उतपाति ॥६९४॥
[1]सुधणु जणणी [2]गुणवइ उर धरिउ, [3]सामहराज घरह अवतरिउ ।
[4]एरछ नगर वसंते जानि, [5]सुणिउ चरित मइ रचिउ पुराणु ॥६९५॥
[1]सावयलोय वसहि पुर माहि, [2]दह लक्षण ते धम्मं कराइ ।
[3]दस रिस मानइ दुतिया भेउ, [4]भावहि चितहं जिणेसरु देउ ॥६९६॥

---

(६९४) १. प्रसाद (ग) २. आगरोवइ (ग) अगरोवइ (ख) निम्न छन्द अधिक हैं—

विहरइ गाम नगर बहु देस, भविय जीव संवोहि असेस ।
पुणि तिनि आठ कम्म खण कियो, पुण पजुण नियवाणह गयो ॥
हुउ मतिहीण विवुद्धि अयाणु, मइस्वामीकउ कियउ बखाणु ।
उछाह मन में कियउ चरित्त, पढमइ उढाइ वे सो चित्तु ॥७००॥

पंडिय जण नमउं कर जोडि, हम मतिहीणु म लावहु खोडि ।
अगरवाल की मेरी जाति, अगरोवे मेरी उतपति ॥७०१॥

पुव्व चरितु मइ सुणे पुराण, उपनउ भाउ मइ कियो बखाण ।
जइ पुहमि इक चित्र कियो, साई समाइवि लियउ ॥७०२॥

चउपइ बंध मइ कियउ विचित्तु, भविय लोक पढहु दे चित्त ।
हूं मतिहीणु न जाणउ केउ, अखर मात न जाणउ भेउ ॥७०३॥

(६९५) १. सुधनु (ग) २. गर्भु उरि धरयो (ग) ३. साहु महराज (क) समहराइ करिया अवतरयो (ग) ४. एलचि (क) एयरछ (ख) येरस (ग) ५. हम करिउ बखाण (क) मैं कीया बखाणु (ग)

(६९६) १. सयल लोग (ख) सब ही लोक (ग) २. नावहल ते राज कराइ (ग) ३. दरिसण मानहि दुतिया भेउ (क) दंसण मरणहि दूजउ भेउ (ख) दर्शन माहि नहो तिन्ह भेउ (ग) ४. जयउ विचित्त (क) ध्यावहि चित्ति (ख) ध्यावहि इक मनि जिनवर देव (ग)

एहु चरितु जो वांचइ कोइ, सो नर स्वर्ग देवता होइ ।
हलुवइ[1] धर्म्म खपइ सो देव, मुकति वरंगणि मागइ[2] एम्व ॥६९७॥

जो फुणि सुणइ मनह धरिभाउ, असुभ कर्म ते दूरि हि जाइ ।
जोर वखाणइ माणुसु कवणु, तहि कहु तूसइ देव परदवणु ॥६९८॥

अरु लिखि जो लिखियावइ साधु, सो सुर होइ महागुणराधु ।
जोर पढावइ गुण किउ निलउ, सो नर पावइ कंचण भलउ ॥६९९॥

---

(६९७) १. हलुव कर्मु गुणि होइ सो होउ (ख) २. पावइ एव (ख)
क प्रति में तथा ग प्रति में यह छन्द नहीं है ।

(६९९) क प्रति में उक्त छन्द के स्थान पर निम्न छन्द हैं—

पढहि गुणहि जे चित्तह धरइ, लिहहि लिहावइ जे सुखि करइ ।
सुणइ सुणावइ भव्वह लोय, तिह कउ पुन्न परापति होइ ॥७०५॥

ख प्रति—

जु फुणि सुणइ मनह धरि जाउ, जो वखाणइ माणसु कमणु ।
तिस कहु तूसइ सइ वेउ परदवणु,............................॥७११॥

अरु लिखि जोरु लिखावइ सुद्धु, सो सुरु होइ महागुणरिद्धु ।
जोरु पढावइ गुण कउ निलउ, सो नरु पावइ संजमु भलउ ॥७१२॥

एहु चरितुह पुन्न भंडारु, जो नरु पढइ हु नर महं सारु ।
तहि परदवणु तूंरंसि फलु देइ, संपति पुत्र प्रवरु जसु होइ ॥७१३॥

हउ बुधि हीणु न जाणउ भेउ, अखर मातह मुणिउ नभेउ ।
पंडित जणहं नवउ कर जोडि, हीण अधिक जिन लावहु खोडि ॥७१४॥

इति प्रद्युम्न चरित्रं समाप्तं । श्लोक संख्या १२००/शुभमस्तु

ग प्रति—

हउ हीण बुद्धि न जाणउ केव, अखित मंतु सु मुनिवर भेउ ।
पंडित जन विनवउ कर जोडि, अधिकउ हीनु जिन लावहु खोडि ॥७१२॥

मइ स्वामी का कीया वखाणु, पंडित जन मति होहु सुजाण ।
केवल उपजइ गुण संपुंनु, सुणहु श्रावगउ उपजइ पुन्नु ॥७१३॥

॥ इति परदवणु चउपई समाप्त ॥

यहु चरितु पुंन भंडारु, जो वरु पढइ सु नर महसारु ।
तहि परदमणु तुही फलदेइ, संपति पुत्र अवरु जसु होइ ।।७००।।
हउ वुधिहीणु न जाणौं केम्वु, अक्षर मातह गुणउ न भेउ ।
पंडित जणह नमू कर जोडि, हीण अधिक जण लावहु खोडि ।।७०१।।

।। इति परदमण चरित समाप्तः ।।

शुभं भवतु । मांगल्यं ददातु । श्री वीतरागायनमः । संवत् १६०५ वर्षे आसोज वदि ३ मंगलवारे श्री मूलसंघे लिखापितं आचार्य श्रीललितकीर्ति सा० चांदा सरवण सा० नाथू सा० दाशा योग्यदत्तं । श्रेयोस्तु ।।

अन्तिम पत्र

(शास्त्र भण्डार श्री दि० जैन मन्दिर बधीचन्द जी जयपुर के व्यवस्थापकों के सौजन्य से प्राप्त)

हिन्दी-अर्थ

प्रथम सर्ग

स्तुति खण्ड

(१) शारदा के बिना कविता करने की बुद्धि नहीं हो सकती उसके बिना कोई स्वर और अक्षर को भी नहीं जान सकता। सधारु कवि कहता है कि जो सरस्वती को प्रणाम करता है उसी की बुद्धि निर्मल होती है।

(२) सब कोई 'शारदा शारदा' करते हैं किन्तु उसका कोई पार नहीं पाता। जिनेंद्र के मुख से जो वाणी निकली है उसे ही शारदा जानकर मैं प्रणाम करता हूँ।

(३) सरोवर में आठ पंखुडि वाले कमल पर जिसका निवास स्थान है, जिसका निकास काश्मीर से हुआ है; हंस जिसकी सवारी है और लेखनी जिसके हाथ में है उस सरस्वती देवी को कवि सधारु प्रणाम करता है।

(४) जो श्वेत वस्त्र धारण करने वाली है तथा पद्मासिनी है और वीणावादिनी है ऐसी महाबुद्धिमती सरस्वती मुझे आगम ज्ञान दे। मैं उस द्वितीय सरस्वती को पुनः प्रणाम करता हूँ।

(५) हाथ में दण्ड रखने वाली पद्मावती देवी, ज्वालामुखी और चक्रेश्वरी देवी तथा अम्बावती और रोहिणी देवी इन जिन शासन देवियों को कवि सधारु प्रणाम करता है।

(६) जो जिनशासन के विघ्नों का हरण करने वाला है, जो हाथ में लकड़ी लिये खड़ा रहता है और जो संसारी जनों के पापों को दूर करता है ऐसे क्षेत्रपाल को पुनः पुनः सादर नमस्कार करता हूँ।

(७) चौबीसों तीर्थंकर दुःखों को हरने वाले हैं और चौबीसों ही जरा मरण से मुक्त हैं। ऐसे चौबीस जिनेश्वरों को भाव सहित नमस्कार करता हूँ तथा जिनके प्रसाद से ही कविता करता हूँ।

(८) ऋषभ, अजित और संभवनाथ ये प्रथम तीन तीर्थंकर हुए। चौथे अभिनन्दन कहलाये। सुमतिनाथ पद्मप्रभ और सुपार्श्वनाथ तथा आठवें चन्द्रप्रभ उत्पन्न हुए।

(६) नवें सुविधिनाथ और दशवें शीतलनाथ हुए। ग्यारहवें श्रेयांसनाथ की जय होवे। वासुपूज्य विमलनाथ, अनन्तनाथ, धर्मनाथ और सोलहवें शान्तिनाथ हुए।

(१०) सतरहवें कुंथुनाथ, अठारहवें अरहनाथ, उगनीसवें मल्लिनाथ, बीसवें मुनिसुव्रतनाथ, इक्कीसवें नमिनाथ, बाईसवें नेमिनाथ, तेईसवें पार्श्वनाथ और चौबीसवें महावीर ये मुझे आशीर्वाद दें।

(११) सरस कथा से बहुत रस उपजता है। अतः प्रद्युम्न का चरित्र सुनो। संवत् १४०० और उस पर ग्यारह अधिक होने पर भादव मास की पंचमी, स्वाति नक्षत्र तथा शनिवार के दिन यह रचना की गयी।

(१२) जो गुणों की खान हैं, जिनका शरीर श्याम वर्ण का है, जो शिवादेवी के पुत्र हैं, जो चौतीस अतिशय सहित हैं, जो कामदेव के तीक्ष्ण बाणों का मान मर्दन करने वाले हैं, जो हरिवंश के चिन्तामणि हैं, जो तीन लोक के स्वामी हैं, जो भय को नाश करने वाले हैं, जो पांचवें ज्ञान केवलज्ञान के प्रकाश से सिद्धान्त का निरुपण करने वाले हैं, ऐसे पवित्र नेमीश्वर भगवान को भली प्रकार नमस्कार करता हूँ।

(१३) पहिले पञ्च परमेष्ठियों को नमस्कार कर फिर जिनेन्द्रदेव के चरणों की शरण जाकर तथा निर्ग्रन्थ गुरु को भाव पूर्वक नमस्कार कर उनके प्रसाद से कविता करता हूँ।

द्वारिका नगरी का वर्णन

(१४) चारों ओर लवणसमुद्र से घिरा हुआ सुदर्शन पर्वत वाला जम्बूद्वीप है। इसके दक्षिण दिशा में भरतक्षेत्र है जिसके मध्य में सोरठ सौराष्ट्र देश बसा हुआ है।

(१५) उस देश में जो गांव बसे हुये हैं वे नगरों के सदृश लगते हैं। जो नगर हैं वे देव विमानों के समान सुन्दर हैं। उन नगरों में अनेक मंदिर धवल तथा ऊंचे हैं जिन पर सुन्दर स्वर्ण-कलश झलकते हैं।

(१६) समुद्र के मध्य में द्वारिका नगरी है मानों कुबेर ने ही उसे बनाकर रखी हो। जिसका बारह योजन का विस्तार है और जिसके दरवाजों पर स्वर्ण-कलश दिखाई पड़ते हैं।

(१७) चौबारों के विविध प्रकार के स्फटिक मणि के छज्जे चन्द्रमा की कान्ति के समान दिखाई देते हैं। वहां के किवाड़ मानों मरकत मणियों से जड़े हुये है तथा मोतियों की वंदनवार सुशोभित हो रही है।

(१८) जहां एक सौ उद्यान एवं स्वच्छ निवास स्थान है जिसके चारों ओर मठ, मन्दिर और देवालय हैं। जहां चौरासी बाजार (चौपड़) हैं जो अनेक प्रकार से सुन्दर दिखाई देते हैं।

(१९) जिसके चारों दिशा में खूब गहरा समुद्र हैं जिसका जल चारों ओर झकोला मारता है। जहां करोड़पति व्यापारी निवास करते हैं ऐसी वह द्वारिका नगरी है।

(२०) धर्म और नियम के मार्ग को जानने वाली जिसमें १८ प्रकार की जातियां रहती हैं, जिसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, एवं वैश्य तीनों वर्णों के लोग रहते हैं, जहां शूद्र भी रहते हैं, तथा जहां छत्तीसों कुल के लोग सुख पूर्वक निवास करते हैं उस नगरी का स्वामी (राजा) यादवराज है।

(२१) जिसके दल, बल और साधनों की कोई गणना नहीं है। जब वह गर्जना करता है तो पृथ्वी कांपने लगती है। वह तीन खण्ड का चक्रवर्ती राजा शत्रुओं के दल को पूर्ण रूप से नष्ट करने वाला है।

(२२) और उनका बलभद्र सगा भाई है। उनके समान पुरुषार्थी विरले ही दीख पड़ते हैं। ऐसे छप्पन करोड़ यादवों के साथ जो किसी से रोके नहीं जा सकते थे वे एक परिवार की तरह राज्य करते थे।

(२३) एक दिन श्रीकृष्ण पूरी सभा के साथ बैठे हुये थे। चतुरंगिणी सेना के कारण जहां खाली स्थान नहीं सूझ रहा था। अगर आदि सुगन्धित पदार्थों की गंध जहां चारों ओर फैल रही थी। सोने के दण्ड वाले चामर (चंवर) शिर पर डुल रहे थे।

(२४) जहां पांच प्रकार के (सितार, ताल, झांझ, नगाड़ा तथा तुरही) बाजे खूब बज रहे थे। अनेक प्रकार की सुंदर पायल पहने हुये भाव भरती हुई नृत्य करने वाली ताल, विनोद एवं कला का अनुसरण करती हुई पांव धर रही थी।

नारद ऋषि का आगमन

(२५) इतने में हाथ में कमंडल लिये हुए मुंडे हुये सिर पर चोटी धारण करने वाले, विमान पर चढ़े हुये प्रसन्न मन राजर्षि नारद वहां जा पहुँचे।

(२६) श्रीकृष्ण ने उनको नमस्कार करके बैठने के लिये स्वर्ण सिंहासन दिया। एकान्त पाकर नारायण ने उनसे पूछा कि आपका आगमन कहांसे हुआ।

(२७) हम आकाश में उड़ते हुये मर्त्य-लोक के जिन मन्दिरों की वन्दना करने गये थे। द्वारिका दीखने पर यह विचार उत्पन्न हुआ कि यादवराय से ही भेंट करते चलें।

(२८) तब नारायण ने विनय के साथ कहा कि अच्छा हुआ कि आप यहां पधारे। हे नारद ऋषि ? आपने हमारे ऊपर कृपा की। आज यह स्थान पवित्र हो गया।

(२९) बचनों को सुनकर नारद ऋषि मन ही मन हंसने लगे तथा उनने सत्यभामा की कुशलवार्ता पूछी। नारद जी आशीर्वाद देकर खडे हो गये और फिर रणवास में चले गये।

(३०) जहां सत्यभामा शृंगार कर रही थीं तथा आंखों में काजल लगा रही थी। चन्द्रमा के समान ललाट पर जब वह तिलक लगा रही थी उसी समय नारद ऋषि वहां पहुँचे।

(३१) हाथ में कमण्डल लिये हुये ऋषि रूप और कला को देखते फिरते थे। वे सत्यभामा के पीछे जाकर खड़े हो गये और सत्यभामा का दर्पण में रूप देखा।

(३२) सत्यभामा ने जब ऋषि का विकृत रूप देखा तो मन में बहुत विस्मित हुई। उस मंद-बुद्धि ने कुतर्क किया कि यहां पर कोई मार डालने वाला पिशाच आ गया है।

नारद का क्रोधित होकर प्रस्थान

(३३) बड़ी देर तक ऋषि खड़े रहे। सत्यभामा ने न तो दोनों हाथ जोड़े और न उनसे बैठने के लिये ही कहा। तब नारद ऋषि को क्रोध उत्पन्न हो गया और वे उसे सहन नहीं कर सके। तब नारदजी फटकारते हुये वापिस चले गये।

(३४) बिना ही बाजा के जो नाचने लगता है यदि उसको बाजा मिल जावे तो फिर कहना ही क्या ? एक तो शृगाल और फिर उसे बिच्छू खा जाय ? एक तो नारद और फिर वह क्रोधित होकर चलदे ।

(३५) नारद ऋषि क्रोधित होकर उसी क्षण चल पड़े तथा पर्वत के शिखर पर जाकर बैठ गये । वहां बैठे हुये मन में सोचने लगे कि सत्यभामा का किस प्रकार से मान भंग हो ?

(३६) जब नारद मुनि ये विचार करने लगे तो उनकी क्रोधाग्नि प्रज्वलित हो रही थी । मैं सत्यभामा का अभिमान कैसे खण्डित करूं ? या तो किसी से इसको भयभीत कराऊं अथवा इसको शिला के नीचे दाब कर छोड़ दूं लेकिन इससे तो श्रीकृष्ण को दुःख होगा । अन्त में यह विचार किया कि जो इससे भी सुन्दर स्त्री हो उसका श्रीकृष्ण के साथ विवाह करा दिया जावे ।

(३७) तब वे गांव गांव में फिरे और घूम घूम कर देश के सब नगर देख डाले ! एक सौ दस जो विद्याधरों की नगरियां थी उनको नारदजी ने क्षण भर में ही देख डाला ।

नारद का कुण्डलपुरी में आगमन

(३८) देशों में घूमते हुये मन में सोचने लगे कि अभी तक कोई रुपवती कुमारी दिखाई नहीं दी । फिर नारद ऋषि वहां आए जहां विद्याधर की नगरी कुण्डलपुरी थी ।

(३९) उस नगरी का राजा भीष्मराज था जो धर्म और नीति को खूब जानता था । जिसके अनेक लक्षणों से युक्त रुपवान पुत्र एवं पुत्री थी ।

(४०) दृष्टि फैलाकर मुनि कहने लगे कि इस कुमारी के यदि कोई योग्य वर हो और विधाता की कृपा से संयोग मिल जावे तो इसका नारायण से सम्बन्ध हो सकता है अर्थात् इसके लिये नारायण ही योग्य हैं ।

(४१) इस प्रकार मन में विचार करते हुए नारद ऋषि आशीर्वाद देकर रणवास में गए । उसी क्षण उनको सुरसुंदरी और कुमारी रुक्मिणी दिखाई पड़ीं ।

नारद से रुक्मिणी का साक्षात्कार

(४२) वह अत्यन्त रूपवती तथा अनेक लक्षणों से युक्त थी। चन्द्रमा के समान मुख वाली वह ऐसी लगती थी मानों चन्द्रमा ही उदय हो रहा हो। हंस के समान चाल वाली वह दूसरों के मन को लुभाने वाली थी। उसके समान कोई दूसरी स्त्री नहीं थी।

(४३) जब नारद को आता हुआ देखा तो सुरसुंदरी ने उन्हें नमस्कार किया। रुक्मिणी को देखकर वे बोले कि नारायण की पट्टरानी बनो।

(४४) भीष्म की बहिन सुरसुन्दरी ने कहा कि रुक्मिणी शिशुपाल को दे दी गयी है, इस सुन्दर नगरी में बहुत उत्सव हो रहे हैं, लग्न रख दी गयी है और विवाह निश्चित हो चुका है।

(४५) सुरसुन्दरी ने सत्यभाव से कहा कि अब आपके लिये ऐसा कहने का कोई अवसर नहीं है। जो शत्रु-राजाओं के मान को भंग करने के लिये काल के समान है ऐसा शिशुपाल सब कुटुम्बियों के साथ आ पहुँचा है।

(४६) उसके वचनों को सुनकर नारद ऋषि कहने लगे कि तीन खण्ड का जो चक्रवर्त्ति है तथा छप्पन करोड़ यादवों का जो स्वामी है ऐसे को छोड़कर दूसरे के साथ विवाह करोगी ?

(४७) पूर्व लिखे हुए को कोई नहीं मेट सकता जिसके साथ लिखा होगा उसी के साथ विवाह होगा। अपनी बात को छोड़ दो, नारायण ही रुक्मिणी को ब्याहेगा।

(४८) तब सुरसुन्दरी मन में प्रसन्न हुई कि मुनि ने जो बात कही थी वही मिल रही है। नारदजी ! सुनो और सत्यभाव से कहो। वह युक्ति बताओ जिससे विवाह हो जाय।

(४९) नारद ऋषि ने कहा कि तुम ऐसा करना कि पूजा के निमित्त मंदिर में चले जाना। नंदनवन को संकेत-स्थल बनाना, वहीं पर मैं तुमसे (श्रीकृष्ण) को लाकर भेंट कराऊंगा।

(५०) तब देवांगना सदृश रुक्मिणी ने कहा कि कृष्णमुरारी को कौन पहिचानेगा तब सुविज्ञ नारद ऋषि ने कहा कि मैं तुम्हें चिन्ह बतलाता हूँ।

(५१) जो शंख चक्र और गदा धारण करता है तथा बलिभद्र जिसका भाई है। अपने बाण से जो सात ताल वृक्ष को बींधता है, नारद ने कहा वही नारायण है।

(५२) (नारदजी ने) सुन्दर रत्नों से जड़ी हुई वज्र की अंगूठी दी और कहा कि जो उसे अपने कोमल हाथों से चकनाचूर कर दे वही गुणों से परिपूर्ण नारायण है।

नारद का श्रीकृष्ण के पास पुनः आगमन

(५३) इस प्रकार बात निश्चित करके रुक्मिणी का चित्रपट लिखवा कर उसे अपने साथ लेकर और विमान में चढ़ कर नारद ऋषि वहां आए जहां नारायण सभा में बैठे हुये थे।

(५४) महाराज बार बार चित्र पट दिखाने लगे उससे (श्रीकृष्ण) का मन व्याकुल हो गया। उनका शरीर कामबाण से घायल हो गया और वे बहुत विह्वल हो गये।

(५५) क्या यह कोई अप्सरा है अथवा वनदेवी है। अथवा कोई मोहिनी तिलोत्तमा है। क्या यह सुन्दर रूप वाली विद्याधरी है। इस स्त्री का यह रूप किसके समान है।

(५६) नारद ऋषि ने सत्यभाव से कहा कि कुण्डलपुर नामक एक नगर है। उसके राजा भीष्म से मैं तत्काल मिला और उसी की यह कन्या रुक्मिणी है।

(५७) उसको मैंने आपके लिये मांग लिया है। जाकर के विवाह करलो देर मत करो। कामदेव का मंदिर संकेत-स्थल है उसी स्थान पर लाकर भेंट कराऊंगा।

श्रीकृष्ण और हलधर का कुण्डलपुर के लिये प्रस्थान

(५८) तब श्रीकृष्ण बहुत संतुष्ट हुये। मन में हँस कर आनन्द मनाने लगे। रथ को सजवा कर एवं सारथी को बिठाकर अपने साथी (भाई) हलधर को बुला लिया।

(५६) तब सारथी ने क्षण भर में रथ को सजाया तथा वायु के वेग के समान कुण्डलपुर पहुँच गया। जहां वन में मन्दिर था वहीं पर कृष्ण एवं हलधर पहुँचे।

(६०) आपस में सलाह की। जरा भी देर नहीं लगायी। दूत के द्वारा समाचार भेज दिये। उस ने आकर सब बात कह दी कि नंदनवन में श्रीकृष्ण आ गए हैं।

(६१) वचनों को सुनकर रुक्मिणी हंसी। मोती एवं माणिक आदि से थाल भरा, बहुत सी सखी सहेलियों को साथ लेकर पूजा के निमित्त मन्दिर में चली गई।

श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का प्रथम मिलन

(६२) रुक्मिणी ने वहां जाकर श्रीकृष्ण से भेंट की और सत्यभाव से कहा कि हे यदुराज मेरे वचनों की ओर ध्यान देकर सात ताल वृक्षों को बाणों से बींधिये।

(६३) तब श्रीकृष्ण ने वज्र मूंदड़ी को लेकर हाथ से मसल डाला। मूंदड़ी फूट कर चून हो गई मानों गरहट के नीचे चांवलों के कण पिस गये हो।

(६४) तब नारायण ने धनुष लिया और हलधर ने आकर अंगूठा दबाया। दबाने से सातों सूखे हो गये और बाणों ने सातों ही ताल वृक्षों को बींध दिया।

(६५) तब रुक्मिणी के मन में स्नेह उत्पन्न हो गया और उसने मन में जान लिया कि यही नारायण हैं। उन्होंने रथ पर रुक्मिणी को चढाकर पुकारा और सब बात भीष्म राज को ज्ञात करा दी।

वनपाल द्वारा रुक्मिणी-हरण की सूचना

(६६) तब वनपाल ने आकर कहा कि पीछे कोई गर्व मत करना कि रुक्मिणी को चुराकर ले गये। जिसमें शक्ति हो वह आकर छुडाले।

(६७) रुक्मिणी को रथ पर चढा लिया तथा उसने (श्रीकृष्ण) पांचजन्य शंख को बजाया। शंख के शब्द को सुनकर सारा देवलोक शंकित हो गया तथा महिमंडल थर थर कांपने लगा। महिलाओं ने आकर यह पुकार की कि हे पृथ्वीपति सुनिये—देव मन्दिर में खड़ी हुई रुक्मिणी को श्रीकृष्ण हर ले गये।

(६८) तब भीष्मराव मन में कुपित हुए तथा स्थान स्थान पर नगाड़ा बजने लगा। घोड़ों पर काठी कसो, हाथियों को रवाना करो तथा काल रूप होकर सब चढ़ाई करो।

(६९) जब राजा शिशुपाल को पता चला कि रुक्मिणी चोरी चली गयी है तब बड़े गुस्से में आकर उस ने कहा कि शीघ्र ही सब घोड़ों पर जीन कसी जावे।

(७०) रथों को सजाओ, हाथियों को तैयार करो। सभी सुभट तैयार होकर आज रण में भिड़ पड़ो। सब सामंत अपने हाथों में तलवार ले लें तथा धनुषधारी धनुष की टंकार करें।

(७१) शिशुपाल एवं भीष्मराव दोनों के दल की सेना के कारण स्थान (मार्ग) नहीं दीखता था। घोड़ों के खुरों से इतनी धूल उछली कि मानों भादों के मेघ मँडरा रहे हों।

(७२) ढुलते हुये राज–चिन्ह चंवर ऐसे मालूम होते थे मानों सैनिक हाथ में आग लेकर प्रविष्ट हो रहे हो। अथवा ढुलते हुए राज–चिन्ह चँवर ऐसे मालुम होते थे मानों अग्नि में कमल खिल रहे हों। चारों प्रकार को सेना इकट्ठी होकर वायु–वेग के समान रणभूमि में आ पहुँची।

(७३) अपरिमित दल आता हुवा दिखाई दिया। धूल उड़ी जिससे सूर्य चन्द्रमा छिप गये। आश्चर्य के साथ डर कर रुक्मिणी कहने लगी कि हे महामहिम्न ! रण में कैसे जीतोगे ?

(७४) हे रुक्मिणी ? धैर्य रखो, कायर मत बनो। तुमको मैं आज अपना पुरुषार्थ दिखलाऊंगा। शिशुपाल को युद्ध में आज समाप्त कर दूंगा और भीष्मराव को बांध करके ले आऊंगा।

(७५) बात कहते हुये ही सेना आ पहुँची। शिशुपाल क्रोधित होकर बोला, हे सरदार लोगो, अपने हाथों में तलवार ले लो। आज मुठभेड होगी, कहीं ग्वाला भाग न जावे।

(७६) शिशुपाल और श्रीकृष्ण की इस प्रकार भेंट हुई जैसे अग्नि में घी पड़ा हो। हाथ में धनुषबाण संभाल लिया। अब संग्राम में पता पड़ेगा। अपने मन में पहिले के वचनों को याद करो। तुमने चोरी से रुक्मिणी को हर लिया यही तुमने उपाय किया। अब तुम मिल गये हो; कहां जाओगे ? अब मार कर ही रहूँगा।

(७७) जब दुष्ट ने दुष्टतापूर्ण वचन कहे तो श्रीकृष्ण को क्रोध आ गया और श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को मारने के लिये हाथ में धनुष उठाया ।

श्रीकृष्ण और शिशुपाल के मध्य युद्ध

(७८) हकाल और ललकार कर परस्पर दोनों वीर भिड़ गये और खूब बाण बरसने लगे मानों वर्षा हो रही हो । तब बलिभद्र ने हल नामक आयुध लिया और रथ को चूर्ण कर हाथी पर प्रहार किया ।

(७९) शिशुपाल ने हाथ में धनुष लिया और एक साथ पचास बाण छोड़े । तब नारायण ने सौ बाणों से उनका संहार किया तो शिशुपाल ने दो सौ बाणों से प्रहार किया ।

(८०) नारायण ने चार सौ बाणों से उस पर प्रहार किया तो उसने आठ सौ बाणों से उस पर वार किया । फिर नारायण ने सोलह सौ बाण धनुष पर रख कर चलाये तो उसने बत्तीस सौ बाणों से धावा किया जिसके कारण कोई स्थान नहीं सूझ रहा था ।

(८१) इस प्रकार दोनों शक्तिशाली वीर खड़े हुये एक दूसरे पर दूने दूने बाणों से आक्रमण करते रहे । युद्ध बढता ही गया बंद नहीं हुआ तथा बाणों से पृथ्वी आच्छादित हो गयी ।

श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध

(८२) तब नारायण ने सोचा कि धनुष बाण का अवसर नहीं है । तब हाथ में चक्र लेकर उसे घुमाया जिससे क्षण भर में ही शिशुपाल का सिर कट गया ।

(८३) शिशुपाल को मरा हुआ जानकर भीष्म राज उदास हो गया । रण में भयकर मार सही नहीं जा सकी इसलिये चतुरंगिणी सेना वहां से भागने लगी ।

(८४) तब रुक्मिणी ने सत्यभाव से कहा कि रूपचन्द और भीष्मराव की रक्षा करो । मन में वैर छोड़कर इनसे संधि करो तथा कुण्डलपुर नगर को वापिस चलो ।

(८५) तब नारायण ने कृपा करके बंधे हुए भीष्मराव को छोड़ दिया । रूपचन्द से गले मिले और फिर अपने नगर को प्रस्थान किया ।

श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का वन में विवाह

(८६) जब मुड़कर हलधर और कृष्ण चले तो वन में एक मंडप को देखा। जहां अशोक वृक्ष की छाया थी वहां वे तीनों पहुँचे।

(८७) तब उनके मन में बड़ी खुशी हुई। आज लग्न है इसलिये विवाह कर लें। भ्रमर की ध्वनि ही मानों मंगलाचार हो रहा है तथा तोते मानों वेद पाठ कर रहे हैं।

(८८) बांसों का मंडप बनाया तथा भाँवर देकर हथलेवा किया। पाणिग्रहण करके रुक्मिणी को परण लिया और उसके पश्चात् कृष्णमुरारी अपने घर रवाना हो गये।

श्रीकृष्ण का रुक्मिणी के साथ द्वारिका आगमन

(८९) जब नारायण वापिस पहुँचे तब छप्पन कोटि यादवों ने मिलकर उत्सव किया। घर घर में गुडियों को उछाला गया तथा तोरण एवं बंदनवार बांधी गयी।

(९०) रुक्मिणी एवं श्रीकृष्ण हंसते हुये नगर में प्रविष्ट हुए। स्थान स्थान पर बहुत से लोग खड़े थे और वे दोनों अपने महल में जा पहुँचे।

(९१) भोग विलास करते हुये कई दिन बीत गए। सत्यभामा की चिंता छोड़ दी। सौत के दुख के कारण वह अत्यन्त डाह से भरी हुई अपने नित्य प्रति के सुख को भी दुख रूप समझती थी।

सत्यभामा के दूत का निवेदन

(९२) सत्यभामा ने एक दूत को उस महल में भेजा जहां बलिभद्रकुमार बैठे हुये थे। शीश झुकाकर उसने निवेदन किया कि हे देव! मुझे सत्यभामा ने भेजा है।

(९३) दूत ने महल में हाथ जोड़कर कहा कि सत्यभामा ने कहा कि विचार कर कहो कि मुझसे कौनसा अपराध हुआ है जो कि कृष्णमुरारी मेरी बात भी नहीं पूछते।

(६४) वचनों को सुनकर हलधर वहां गये जहां नारायण बैठे हुये थे। हंस करके उन्होंने अत्यन्त विनय पूर्वक कहा कि तुमको सत्यभामा की सँभाल भी करनी चाहिये।

(६५) तब नारायण ने ऐसा किया कि रुक्मिणी का झूंठा उगाल गांठ में बांधा कर वहां पहुँचे जहां सत्यभामा का मन्दिर (महल) था।

(६६) सत्यभामा ने नेत्रों से श्रीकृष्ण को देखा और रुदन करती हुई बोली तथा अत्यन्त ईर्षा से भरे हुए वचन कहे कि हे कि हे स्वामी ! मुझे किस अपराध के कारण आपने छोड दिया है।

(६७) तब हंसकर कृष्णमुरारी बोले तथा मधुर शब्दों से उसे समझाया। फिर श्रीकृष्ण कपट निद्रा में सो गये और गांठ को झुलाकर खाट के नीचे लटका दी।

(६८) जब गठरी को झूलते हुए देखा तो सत्यभामा उठी और उसे खोला। गठरी से बहुत ही सुगंधित महक उठ रही थी। तब सुगंधित वस्तु को देखकर उसने अपने शरीर पर लगाली।

(६९) जब श्रीकृष्ण ने उसे अंग पर मलते देखा तो वे जगे और हंसकर कहने लगे यह तो रुक्मिणी का उगाल है। तुम अपने सब झंझटो को गया समझो।

सत्यभामा का रुक्मिणी से मिलाने का प्रस्ताव

(१००) सत्यभामा सत्यभाव से बोली कि मुझ से रुक्मिणी को लाकर मिलाओ। तब हंसकर श्रीकृष्णमुरारी ने कहा कि वन में उससे तुम्हारी भेंट कराऊंगा।

(१०१) नारायण उठकर महल में गये और रुक्मिणी के पास बैठ गये। और कहने लगे कि वन में बहुत सी फुलवाडियां है। चलो आज वहां क्रीमण करें।

(१०२) नारायण ने रुक्मिणी का जैसा रूप बना लिया और पालकी पर चढकर बगीची में गये। जहां बावडी के पास अशोक वृक्ष था वही रुक्मिणी को उतार दिया।

(१०३) श्वेत वस्त्र, उज्वल आभूषण तथा हाथों में कड़ों से सुशोभित रुक्मिणी को देवी का रूप बनाकर आले (ताक) में बैठा दिया। वह चुपचाप वहां बैठ गई और जाप जपने लगी। श्रीकृष्ण वहां से चले गये।

सत्यभामा और रुक्मिणी का मिलन

(१०४) फिर सत्यभामा को जाकर भेजा और कहा मैं रुक्मिणी को वहीं बुलवा लूंगा। तुम बावड़ी के पास जाकर खड़ी रहो जिससे तुम्हें रुक्मिणी से भेंट करा दूंगा।

(१०५) सत्यभामा बहुत सी सखी सहेलयों को साथ लेकर वाटिका में गयी जहां बावड़ी थी। तब अपनी आंखों से उसे देखकर सोचा कि क्या यह कोई वनदेवी बैठी है।

(१०६) दूध और चन्द्रमा के समान श्वेत कोई जल से ही निकलकर आई हो ऐसी उस देवी के उसने पैर छूए और बोली–हे स्वामिनी ! मुझ पर कृपा करो, जिससे मुझे श्रीकृष्ण मानने लगें।

(१०७) फिर वह देवी को मनाने लगी जिससे कि रुक्मिणी पति प्रेम से वंचित हो जावे। इस तरह अनेक प्रकार से वह अपनी बात प्रकट करने लगी, उसी समय हरि उसके सम्मुख आकर हंसने लगे।

(१०८) सत्यभामा तुम्हें क्या वाय लग गई है ? (तुम पागल हो गई हो क्या) बार बार क्यों पैर लग रही हो। इतनी अधिक भक्ति क्यों कर रही हो ? यह आले में (त.क) में रुक्मिणी ही तो बैठी है।

(१०९) सत्यभामा उसी समय कहने लगी मैंने इसके पैर छू लिये तो क्या हुआ। तुम बहुत कुचाल करते रहते हो, यह रुक्मिणी मेरी बहिन ही तो है।

(११०) तुम तो रात दिन ऐसे ही कुचाल किया करते हो ठीक ही है ग्वालवंश का स्वभाव कैसे जा सकता है। फिर सत्यभामा ने रुक्मिणी से कहा--चलो बहिन घर चलें।

(१११) यान (रथ) में बैठ कर वे महल में चली गईं। सब सुख भोगने लगे और विलास करने लगे। जब राजकाज करते कुछ दिन निकल गये तब दोनों रानियां गर्भवती हुईं।

(११२) तब सत्यभामा ने एक बात कही कि जिसके पहिले पुत्र उत्पन्न होगा वह जिसके पीछे पुत्र उत्पन्न होगा उसे हरा देगी। तथा वह उसके पुत्र के विवाह के समय सिर के केश भी मुंडवा देगी।

(११३) बलिभद्र आकर सत्यभामा और रुक्मिणी के लागना (साक्षी) बन गये। दोनों ने उनसे कह दिया तुम हमारा पक्ष मत करना। जो भी हार आवे उस ही के सिर आकर मूंड देना।

(११४) इधर कौरवों ने दूत भेजा वह नारायण के पास पहुँचा। उसने कहा कि आपके जो बड़ा पुत्र उत्पन्न हो उसके जन्म को सूचना दूत के हाथ भिजवा देना।

सत्यभामा और रुक्मिणी को पुत्र रत्न की प्राप्ति

(११५) इस प्रकार बहुत दिन बीतने पर दोनों ही रानियों के पुत्र उत्पन्न हुए। दोनों ही घरों में इस प्रकार लक्षणवान् एवं कला संयुक्त पुत्र हुए।

(११६) सत्यभामा का (दूत) बधावा लेकर गया और वह जाकर सिर की ओर खड़ा हो गया। रुक्मिणी का बधावा लेकर जाने वाला दूत पैरों की ओर जाकर बैठ गया।

(११७) नारायण जगे और बैठे हुये। उस समय रुक्मिणी के दूत ने बधाई दी। दूत हंसता हुआ हाथ जोड़ कर बोला—रुक्मिणी के घर पुत्र उत्पन्न हुआ है।

(११८) दूसरे दूत ने भी बधाई दी और नारायण से निवेदन किया कि हे स्वामिन्! मुझे तुम्हारे पास यह सूचना देने के लिये कि सत्यभामा के पुत्र उत्पन्न हुआ है, भेजा है।

(११९) तब श्रीकृष्ण ने हलधर को बुलाया और जो बात हुई थी वह उनसे बैठाकर कह दी। झूंठ बोलकर कैसे टाला जा सकता है। प्रद्युम्न ही बड़ा पुत्र है।

(१२०) दोनों रानियों के पुत्र उत्पन्न हुये। इससे घर घर बधावा गाये जाने लगे। सभी मंगलाचार गाने लगे और ब्राह्मण वेद मंत्रों का उच्चारण करने लगे।

(१२१) भेरी एवं तुरहि खूब बजने लगे। महुअर एवं शंख के लगातार शब्द होने लगे। घर घर में केशर अथवा रोली के चिन्ह लगाये गये तथा स्त्रियां अपने २ घरों में मंगल गीत गाने लगीं।

धूमकेतु द्वारा प्रद्युम्न का हरण

(१२२) छठी रात्रि का जागरण करते समय धू । केतु वहीं आ पहुँचा। जब क्षण भर में उसका विमान ठहर गया तब धूमकेतु मन में सोचने लगा।

(१२३) विमान से उतर करके प्रद्युम्न को देखा। यक्ष कहने लगा कि यह कौन क्षत्रिय है। उसी समय अपना पूर्व जन्म का बैर याद करके उसने कहा कि इसी ने मेरी स्त्री को हरा था।

(१२४) प्रछन्न रूप से उसने प्रद्युम्न को इस तरह उठा लिया जिससे नगर में किसी को पता ही न लगा। विमान में रखकर वह वहीं चला गया जहां वन में शिला रक्खी थी।

(१२५) धूमकेतु ने तब कई विचार किये कि क्या करूं। क्या इसे समुद्र में डालकर शीघ्र ही मार डालूं ? इतने में ही उसने एक ५२ हाथ लम्बी शिला देखी और सोचा कि इसे इसके नीचे रख दूं जिससे ये दुःख पाकर मर जावे।

(१२६) पहिले किये हुए को कोई नहीं मेट सकता। प्रद्युम्न अपने कर्मों को भोग रहा है। उसको शिला के नीचे दबाकर वह घर चला गया। तब रुक्मिणी जहां सो रही थी वहां जगी।

(१२७) छठी रात्रि को प्रद्युम्न हर लिया गया। तब रुक्मिणी को तीव्र वेदना हुई। अरे पहिरेदार तुम शीघ्र जागो और इस तरह खूब जोर से पुकारो कि नारायण एवं हलधर सुन लें। सत्यभामा को बड़ी खुशी हुई और उसने खूब शोर मचाया। जिसका पुत्र रात्रि को हर लिया गया था वह रुक्मिणी विलाप करने लगी।

(१२८) नगर में सूचना हो गई। यदुराज सोते हुए जाग उठे। छप्पन कोटि यादव पुकारते हुए देखने चले तो भी उसका (प्रद्युम्न) कहीं पता नहीं चला।

विद्याधर यमसंवर का भ्रमण के लिए प्रस्थान

(१२९) मेघकूट नामक एक स्थान था जहां यमसंवर राजा निवास करता था। जिसके पास बारह सौ विद्यायें थी। तथा जिसकी कंचनमाला स्त्री थी।

(१३०) उसका मन वन क्रीड़ा को हुआ तथा विमान पर चढ़कर अपनी स्त्री सहित गया। वे उस वन के मध्य पहुँचे जहां वीर प्रद्युम्न शिला के नीचे दबा हुआ था।

(१३१) वन के मध्य में रखी हुई पूरी बावन हाथ ऊंची (लंबी) शिला को देखी। वह क्षण में ऊंची तथा क्षण में नीची हो रही थी। वह विमान से उतर कर देखने लगा।

यमसंवर को प्रद्युम्न की प्राप्ति

(१३२) राजा ने विद्या के बल से शिला को उठाया। और अच्छी तरह देखा। जिसके शरीर पर बत्तीस लक्षण थे तथा जो सुन्दर था ऐसे कामदेव को यमसंवर ने देखा।

(१३३) कुमार को उठाकर गोद में लिया तथा लौट कर राजा विमान में गया। कचनमाला को पट्टरानी पद देकर उसे सौंप दिया।

(१३४) अत्यन्त रूपवान और अनेकों लक्षण वाले कुमार को कंचनमाला ने ले लिया। उसके समान रूप वाला अन्य कोई दिखाई नहीं देता था। वह राजा का धर्मपुत्र हो गया।

(१३५) वे विमान में चढ़कर वायु-वेग के समान शीघ्र ही (नगर में) पहुँच गये। नगर में सभी उत्सव मनाने लगे कि कचनमाला के प्रद्युम्न हुआ है।

(१३६) अत्यन्त रूपवान, गुणवान एवं लक्षणवान प्रद्युम्न सभी को प्रिय था। वह द्वितीया के चन्द्रमा के समान बढ़ने लगा और इस तरह १५ वर्ष का हो गया।

प्रद्युम्न द्वारा विद्याध्ययन

(१३७) फिर वह पढने के लिये उपाध्याय के पास गया तथा उसने लिखपढ़कर सब ज्ञान प्राप्त कर लिया। लक्षण छन्द एवं तर्क शास्त्र बहुत पढ़े तथा राजा भरत के नाट्यशास्त्र का भी पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लिया।

(१३८) धनुष एवं बाण-विद्या तथा सिंह के साथ युद्ध करना भी जान लिया। लड़ना, भिड़ना, निकलना तथा प्रवेश करने का सब ज्ञान प्रद्युम्न-कुमार को हो गया।

(१३९) प्रद्युम्न ऐसा वीर बन गया जिसके समान और कोई जानकार नहीं था। इस प्रकार वह यमसंवर के घर बढ़ रहा है। अब यह कथा द्वारिका आ रही है। (अब द्वारिका का वर्णन पढ़िये)

द्वितीय सर्ग

पुत्र वियोग में रुक्मिणी की दशा

(१४०) इधर द्वारिका में रुक्मिणी करुण विलाप कर रही थी। पुत्र संताप से उसका हृदय व्याकुल हो रहा था। वह प्रतिदिन कृष होती गयी एवं उदासीन रहने लगी। विधाता ने उसे ऐसी दुखी क्यों बनायी।

(१४१) कभी वह संतप्त होती थी तो कभी वह जोर से रोती थी। उसके नयनों में आंसू बहते हुये कभी थकते न थे। पूर्व जन्म में मैंने कौनसा पाप किया था। अब मैं किसे देखकर अपने हृदय को सम्हालूं ?

(१४२) क्या मैंने किसी पुरुष को स्त्री से अलग किया था ? अथवा किसी वन में मैंने आग लगायी थी ? क्या मैंने किसी का नमक, तेल और घी चुरा लिया था ? यह पुत्र संताप मुझे किस कारण से मिला है ?

(१४३) इस प्रकार जब वह रुक्मिणी सन्ताप कर रही थी उस समय नारायण एवं बलिभद्र वहां आकर बैठे और कहने लगे-हे सुन्दरि ! मन में दुखी न हो। हम बिना जाने क्या कर सकते हैं ?

(१४४) स्वर्ग और पाताल में से कोई भी यदि हमें प्रद्युम्न का पता बतादे तो वह हमसे मनचाही वस्तु प्राप्त कर सकता है। सम्पूर्ण शक्ति लगाकर उसे (ले जाने वाले को) मार डालेंगे तथा उसे श्मसान में से गीध उठावेंगे।

(१४५) जब वे इस तरह उसको समझाते रहे तो वह अपने मन के खेद को भूल गयी। इस प्रकार दुखित होते हुए कितने ही वर्ष व्यतीत हो गये तब नारद ऋषि द्वारिका में आये।

रुक्मिणी के पास नारद का आगमन

(१४६) जिसका सिर मुंडा हुआ है तथा चोटी उड रही है, हाथ में कमंडलु लिये राजर्षि नारद वहां आये जहां दुखित होकर रुक्मिणी बैठी हुई थी।

(१४७) जब नारद को आंखों से देखा तो व्याकुल रुक्मिणी उनसे कहने लगी—हे स्वामी ! मेरे प्रद्युम्न नामक पुत्र हुआ था पता नहीं उसे कौन हर ले गया ?

(१४८) हाथ जोड़कर रुक्मिणी बोली कि हे स्वामी तुम्हारे प्रसाद से तो मेरे ऐसा (पुत्र) हुआ था। किन्तु पेट का दाह देकर पुत्र चला गया उसकी तलाश कीजिये ।

(१४६) नारद ने तब हंसकर कहा कि प्रद्युम्न की सुधि लेने के लिये मैं अभी चला। स्वर्ग, पाताल, पृथ्वी अथवा आकास में जहां भी होगा वहां जाकर उसे ले आऊंगा ऐसा नारदजी ने कहा।

नारद का विदेह क्षेत्र के लिये प्रस्थान

(१५०) नारद ने समझाकर कहा कि शीघ्र ही पूर्व विदेह जाऊंगा जहां सीमंधर स्वामी प्रधान हैं और जिनको केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है।

(१५१) नारद ऋषि सीमंधर स्वामी के समवशरण में गये। वहां चक्रवर्त्ति को बहुत आश्चर्य हुआ। नारद से वृत्तांत सुनकर चक्रवर्त्ति ने जिनेन्द्र भगवान से पूछा कि ऐसे मनुष्य कहां उत्पन्न होते हैं।

सीमंधर जिनेन्द्र द्वारा प्रद्युम्न का वृत्तान्त बतलाना

(१५२) तब जिनेन्द्र ने कहा कि जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में सोरठ (सौराष्ट्र) देश है। वहां जैन धर्म पूर्ण रूप से चल रहा है।

(१५३) जहां सागर के मध्य में द्वारिका नगरी है वह ऐसी लगती है मानों इन्द्रलोक से आकर गिर पड़ी हो। जहां नारायणराय (श्रीकृष्ण) निवास करते हैं ऐसे मनुष्य वहां पैदा होते हैं।

(१५४) उनकी रुक्मिणी रानी है जो धर्म की बात को खूब जानती है। उसके प्रद्युम्न पुत्र हुआ जिसको धूमकेतु हर कर ले गया।

(१५५) जहां एक बावन हाथ लम्बी शिला थी उसके नीचे वीर प्रद्युम्न को दबा दिया। पूर्व जन्म का जो तीव्र वैर था, धूमकेतु ने उसे निकाल लिया।

(१५६) मेघकूट एक पर्वतीय प्रदेश है वहां विद्याधरों का राजा रहता है। कालसंवर राजा वहां आया और कुमार को देख कर उठा ले गया।

(१५७) वहीं पर प्रद्युम्न अपनी उन्नति कर रहा है। इसकी किसी को खबर नहीं है। वह बारह वर्ष वहां रहेगा, फिर वह कुमार द्वारिका आ जावेगा।

(१५८) वचनों को सुनकर नारद मन में बड़े प्रसन्न हुये और नमस्कार कर वापिस चले गये। विमान पर चढ़कर मुनि वहां आये जहां मेघकूट पर्वत पर कामदेव प्रद्युम्नकुमार था।

(१५९) कुमार को देखकर ऋषि मन में प्रसन्न हुये तथा फिर शीघ्र ही द्वारिका चले गये। वहां जाकर रुक्मिणी से मिले और उसको पुत्र की सूचना दी।

(१६०) हे रुक्मिणी। हृदय में संताप मत करो। वह प्रद्युम्न बारह वर्ष बाद आकर मिलेगा। मुझे ऐसा वचन केवली ने कहा है इसलिए प्रद्युम्न निश्चय से आकर मिलेगा।

प्रद्युम्न के आने के समय के लक्षण

(१६१) सूखे हुये आम के पेड़ तथा सेंवार फिर से हरे भरे हो जावेंगे! स्वर्ण-कलश जल से पूर्ण सुशोभित होने लगेंगे। कूप एवं बावड़ी जो पूर्ण रूप से सूख गये हैं वे स्वच्छ जल से भरे दिखाई देंगे।

(१६२) सब दूध वाले वृक्षों में फूल आ जावेंगे। जब तुम्हारे आंचल पीले पड़ जावेंगे तथा दोनों स्तनों से दूध झरने लगेगा तब वह साहसी और धीर वीर प्रद्युम्न आवेगा।

(१६३) इस प्रकार जब प्रद्युम्न के आने के लक्षण बता कर नारद मुनि वहां से चले गये तब रुक्मिणी के मन को सन्तोष हुआ। वह पक्ष, मास, दिन और वर्ष गिनने लगी अब कथा का क्रम प्रद्युम्न की ओर आता है।

तृतीय सर्ग

यमसंवर द्वारा सिंहरथ को मारने का प्रस्ताव

(१६४) वहां एक सिंहरथ नामका राजा रहता था उससे यमसंवर का बड़ा विरोध चलता था। यमसंवर ने उपाय सोचा कि इसको किस प्रकार समाप्त किया जावे।

(१६५) उसने पांच सौ कुमारों को बुलाया और उनसे कहा कि सिंहरथ को ललकार कर युद्ध में जीतो। जो सिंहरथ से युद्ध करने का भेद जानता है वह शीघ्र आकर युद्ध का बीड़ा ले ले।

(१६६) कोई भी कुमार पास नहीं आया। तब हंसकर प्रद्युम्न ने बीड़ा लिया। उसने कहा कि हे स्वामी मुझ पर कृपा कीजिये। मैं रण में सिंहरथ को जीतूंगा।

(१६७) तब राजा ने सत्यभाव से कहा कि हे कुमार तुम बच्चे हो अभी तुम्हारा अवसर नहीं है। तुम अभी युद्ध के भेदों को नहीं जानते जिससे कि मैं तुमको आज्ञा दूं।

(१६८) (प्रद्युम्न ने कहा)--बाल सूर्य आकाश में होता है लेकिन उससे कौन युद्ध कर सकता है। सर्प का बच्चा भी यदि डस ले तो उसके विष को दूर करने के लिये भी कोई मणिमंत्र नहीं है।

(१६९) सिंहनी बालसिंह को पैदा करती है वही हाथियों के झुंड को काल के समान है। यदि यूथ को छोड़कर अर्थात अकेलासिंह भी वन को चला आवे तो उसे कौन ललकार सकता है।

(१७०) अग्नि यदि थोड़ी भी हो तो उसका पता किसी को भी नहीं लगता। किन्तु जब वह रौद्र रूप धारण करके जलती है तो पृथ्वी को भी जलाकर भस्म कर डालती है।

(१७१) वैसे ही यद्यपि मैं बालक हूँ किन्तु राजा का पुत्र हूँ। मुझे युद्ध करने की शीघ्र आज्ञा दीजिए। मैं शत्रुओं के दल का डटकर नाश करूंगा। यदि युद्ध से भाग आऊं तो आपको लजाऊंगा।

(१७२) प्रद्युम्न के वचनों को सुनकर राजा सन्तुष्ट हुआ तथा मदनकुमार पर कृपा की। जब यमसंवर ने उसे बीड़ा दिया तो हाथ फैलाकर प्रद्युम्न ने उसे ले लिया।

प्रद्युम्न का युद्ध भूमि के लिए प्रस्थान

(१७३) आज्ञा मिली और प्रद्युम्न चतुरंगिनी सेना को सजा कर रवाना हो गया। बहुत से नगारे, भेरी और तुरही बजने लगे। कोलाहल मच गया एवं उछलकूद होने लगी तथा ऐसा लगने लगा कि मानों मेघ ही असमय में खूब गर्जना कर रहा हो। रथ सजा लिये गये। हाथी और घोड़ों पर हौदे तथा काठियां रख दी गयीं। जब तैयार होकर प्रद्युम्न चला तो आकाश में सूर्य भी नहीं दिख रहा था।

(१७४) अब प्रद्युम्न के चरित्र को ध्यान पूर्वक सुनिये कि जिस प्रकार उसने राजा सिंहरथ को जीता।

(१७५) कुमार प्रद्युम्न ने जब प्रयाण किया तो सारे जगत ने जान लिया। आकाश में रेत उछलने लगी। सजे हुये रथों के साथ जो बाजे बज रहे थे वे ऐसे लग रहे थे कि मानों भादों के मेघ ही गर्ज रहे हो। उसके प्रवल शत्रुओं के समूह को नष्ट करने वाले अनगिनत योद्धा चले। वे सब वीर एकत्र होकर समराङ्गण में जा पहुँचे।

(१७६) कुमार प्रद्युम्न को आता हुआ देखकर सिंहरथ कहने लगा यह बालक कौन है? इस बालक को रण में किसने भेज दिया है? मुझे इसके साथ युद्ध करने में लज्जा आती है।

(१७७) बार बार में मुड़ २ कर राजा ने कहा कि वह इस बालक पर किस प्रकार प्रहार करे। उसको देखकर उसके हृदय में ममता उत्पन्न हुई और कहा कि हे कुमार! तुम वापिस घर चले जाओ।

प्रद्युम्न एवं सिंहरथ में युद्ध

(१७८) राजा के वचन सुनकर प्रद्युम्न क्रोधित हुआ और कहने लगा मुझ को हीन वचन कहने वाले तुम कौन हो? बालक कहने से कोई लाभ नहीं है अब मैं अच्छी तरह से तुम्हारा नाश करूंगा।

(१७६) तब राजा ने तलवार निकाली। मेघ के समान निरन्तर बाणों की वर्षा होने लगी। सुभट आपस में हाथ में तलवार लेकर भिड गये। रथ नष्ट हो गये और हाथी लड़ने लगे।

(१८०) हाथियों से हाथी भिड गये तथा घोड़ों से घोड़े जा भिड़े। इस प्रकार उनको युद्ध करते हुये पांच दिन व्यतीत हो गये। वह युद्ध क्षेत्र श्मशान बन गया और वहां गृद्ध उड़ने लगे।

(१८१) जब सेना युद्ध करती हुई थक गयी तब दोनों वीर रण में भिड गये। दोनों ही वीर सावधान होकर खड़े हो गये। दोनों ही सिंह के समान जम कर लड़ने लगे।

(१८२) वे दोनों ही वीर मल्लयुद्ध करने लगे तथा दोनों वीरों ने उस स्थान को अखाड़ा बना दिया। अन्त में सिंहरथ बिल्कुल हार गया और प्रद्युम्न ने उसके गले में पैर डालकर बांध लिया।

(१८३) जब प्रद्युम्नकुमार ने विजय प्राप्त की तो उस समय देवता गण ऊपर से देख रहे थे। सिंहरथ को बांध कर जब कुमार रवाना हुआ तो (यमसंवर ने) गुणवान कामदेव को तुरन्त ही बुलवाया जिससे सज्जन लोग आनंदित हुये। राजा भी देखकर आनंदित हुआ और कहने लगा कि तुमने इस अवसर पर बड़ी कृपा की है। मेरे जो पांच सौ पुत्र हैं उनके ऊपर तुम राजा हो।

(१८४) ऐसे कामदेव के चरित्र को जिसे सोलह लाभ प्राप्त हुये हैं सब कोई सुनो। विद्याधर ने कृपा कर बंधे हुये सिंहरथ राजा को छोड दिया और उससे पट (दुपट्टा) देकर गले मिला तथा सिंहरथ भी भेंट देकर घर चला गया।

(१८५) कुमारों के मन में दुःख हुआ कि हमारे जीते हुये ही यह हमारा राजा हो गया। राजा को इतना मान नहीं देना चाहिये कि दत्तक पुत्र को हम पर प्रधान बना दे।

(१८६) तब कुमारों ने मिलकर सोचा कि अब इसको समाप्त करना चाहिये। अब इसको सोलह गुफाओं को दिखाना चाहिये जिससे हमारा राज्य निष्कंटक हो जावे।

कुमारों द्वारा प्रद्युम्न को १६ गुफाओं को दिखाना

(१८७) इस युक्ति को कोई प्रकट न करे। प्रद्युम्नकुमार को बुलाकर सब कुमारों ने मिलकर सलाह की और खेलने के बहाने से वन-क्रीडा को चले।

(१८८) कुमारों ने प्रद्युम्न से कहा कि हे प्रद्युम्न सुनो विजयागिरि के ऊपर जिन मन्दिर है जो मनुष्य उनकी पूजा करता है उसको पुण्य की प्राप्ति होती है ।

(१८९) प्रद्युम्न यह वचन सुनकर प्रसन्न हुआ और पहाड़ पर चढ़कर जिनमन्दिर को देखने लगा। परकोटे पर चढ़कर वीर प्रद्युम्न ने देखा तो एक भयंकर नाग फुंकारते हुये मिला।

(१९०) ललकार कर प्रद्युम्न नाग से भिड़ गया तथा पूंछ पकड़ कर उसका सिर उलटा कर दिया। उस पराक्रमी प्रद्युम्न को देखकर वह आश्चर्य चकित हो गया तथा यक्ष का रूप धारण कर खड़ा हो गया।

(१९१) वह दोनों हाथ जोड़कर कर सत्य भाव से कहने लगा कि तुम पहिले कनकराज थे। जब तुम (कनकराज) राज्य त्याग कर तप करने चले तो मुझे अपनी सोलह विद्याएं दे गये थे।

(१९२) (और कहा कि) कृष्ण के घर उसका अवतार होगा । तुम प्रद्युम्न को देख लेना। उस राजा की यह धरोहर है। इसलिये अपनी विद्यायें सम्भाल लो।

१६ विद्याओं के नाम

(१९३-१९६) १. हृदयावलोकनी २. मोहिनी ३. जलशोषिणी ४. रत्नदर्शिणी ५. आकाशगामिनी ६. वायुगामिनी ७. पातालगामिनी ८. शुभदर्शिनी ९. सुधाकारिणी १०. अग्निस्थंभिणी ११. विद्यातारणी १२. बहुरूपिणी १३. जलबंधिणी १४. गुटका १५. सिद्धिप्रकाशिका (जिसे सब कोई जानते हैं) १६. धार बांधने वाली धारा बंधिणी ये सोलह विद्यायें प्राप्त की तथा उसने अपूर्व रत्न जटित मनोहर मुकुट लाकर दिया। मुकुट सौंप कर फिर प्रद्युम्न के चरणों में गिर गया तथा प्रद्युम्न हंसकर वहां से आगे बढा। वह प्रद्युम्न वहां पहुँचा जहां पांच सौ भाई हंस रहे थे।

(१९७) उन कुमारों के पास जब प्रद्युम्न गया तो मन में उनको आश्चर्य हुआ। वे ऊपर से प्रेम प्रकट करने लगे तथा उसे लेजा कर दूसरी गुफा दिखाई ।

(१९८) उस गुफा का नाम काल गुफा था। कालासुर दैत्य वहां रहता था। पूर्व जन्म की बात को कौन मेट सकता है प्रद्युम्न उससे भी जाकर भिड़ गया।

(१६६) कुमार ने उसे ललकार कर जमीन पर गिरा दिया फिर वह हाथ जोड़ कर खड़ा हो गया। प्रद्युम्न के पराक्रम को देखकर वह मन में बहुत डर गया तथा छत्र चँवर लेकर उसके आगे रख दिये ।

(२००) हंसकर प्रद्युम्न को सौंपते हुये किंकर बन कर उसके पैरों में गिर गया । फिर वह प्रद्युम्न आगे चला और तीसरी गुफा के पास आया ।

(२०१) उस वीर ने नाग गुफा को देखा। उस साहसी तथा धैर्यशाली ने उस गुफा का निरीक्षण किया। एक भयंकर सर्प घनघोर गर्जना करता हुआ आकर प्रद्युम्न से भिड़ गया।

(२०२) प्रद्युम्न ने मन में उपाय सोचा और वह सर्प को पकड़ कर खूब मारने लगा तब उसका अतुल बल देखकर वह शंकित हो गया और हाथ जोड़कर खड़ा हो गया।

(२०३) प्रद्युम्न को बलवान जानकर चन्द्रसिंहासन लाकर सौंप दिया। नागशय्या, वीणा और पावड़ी ये तीन विद्याएं उसके सामने रख दी।

(२०४) सेना का निर्माण करने वाली, गेहकारिणी, नागपाश तथा विद्यातारिणी इन विद्याओं का उसे वहां से लाभ हुआ। फिर वहां से वह स्नान करने के लिए सरोवर पर चला गया।

(२०५) उसे स्नान करते हुये देखकर वहां के रक्षक दौड़े और कहा कि तुम कौन पुरुष हो जो मरना चाहते हो? जिस सरोवर की रक्षा करने के लिए देवता रहते हैं उस सरोवर में नहाने वाले तुम कौन हो ?

(२०६) वह वीर क्रोधित होकर बोला कि आते हुये वज्र को कौन झेल सकता है ? वही मुझ से युद्ध करने में समर्थ हो सकता है जो सर्प के मुख में हाथ डाल सकता है।

(२०७) अन्त में रक्षक कहने लगे कि यह भयंकर योद्धा है मानेगा नहीं। वे चुपचाप उसके मुख की ओर देखकर उसको मगर से चिन्हित एक ध्वजा दी।

(२०८) इसके पश्चात् जब वह वीर हृदय में साहस धारण कर अग्नि-कुण्ड में गया तो वहां का रहने वाला देव संतुष्ट होकर उसके पास आया और अग्नि का जिन पर प्रभाव न पड़े ऐसे कपड़े दिये।

(२०६) इनको लेकर वह वीर आगे चला और फलों वाला एक आम का वृक्ष देखा। उसके लगे हुये आम को तोड़कर खाने लगा तो वहां रहने वाला देव बंदर का रुप धारण कर वहां आ पहुँचा।

(२१०) आम तोड़ने वाला तू कौन वीर है ? मेरे से आकर पहिले युद्ध करो। तब प्रद्युम्न क्रोधित होकर उसके पास गया और उससे जूझकर बड़ा भारी युद्ध किया।

(२११) प्रद्युम्न ने उसे पछाड़ कर जीत लिया तो वह हाथ जोड़कर प्रार्थना करने लगा और दोनों हाथों में पुष्पमाला लेकर पावड़ी की जोड़ी उसे दी।

(२१२) तब वे कामदेव को कपित्थ वन में ले गये और उसको वहां भेज कर वे खड़े रह गये। जब वह वीर वन के बीच में गया तो एक उद्दण्ड हाथी चिंघाड़ कर आया।

(२१३) वह हाथी विशालकाय एवं मदोन्मत्त था। शीघ्र ही हाथी कुमार से भिड़ गया। प्रद्युम्न ने उसको पछाड़ कर दांत और सूंड तोड दिये और स्वयं कंधे पर चढ़ कर उसके अंकुश लगाने लगा।

(२१४) इसके पश्चात् प्रद्युम्न को वे बावड़ी में ले गये जहां काल के समान सर्प रहता था। वह वीर उसकी बंबी पर जा कर चढ़ गया जिससे वह सर्प उसमें से निकल कर प्रद्युम्न से भिड़ गया।

(२१५) वह उस सर्प की पूंछ पकड़ कर फिराने लगा जिससे वह सर्प व्याकुल हो गया। उस विषधर (व्यंतर) ने प्रद्युम्न की सेवा की और काम मूंदड़ी एवं छुरी दी।

(२१६) मलयागिरि पर्वत पर जब वह गया तो आश्चर्य से वहां खड़ा हो गया। अमरदेव वहां दौड़कर आया और अपने देह से संघात (वार) करने लगा।

(२१७) वह देव हार गया और उसकी सेवा करने लगा। उसने कंकण की जोड़ी लाकर सामने रख दी तथा सिर का मुकुट और गले का हार दिया।

(२१८) वरहासेन नामक जहां गुफा थी वहां उन कुमारों ने प्रद्युम्न को भेजा। वहां कोई व्यंतर देव था जिसने क्षण भर में वराह का रुप धारण कर लिया।

(२१६) वह बराह रूप धारी देव प्रद्युम्न से भिड़ गया। प्रद्युम्न भी उसकेदांतों से भिड़ गया तथा घात करने लगा। देव ने फूलों का धनुष एवं विजयशंख लाकर प्रद्युम्न को उस स्थान पर दिया।

(२२०) तब मदनकुमार उस वन में जाकर बैठ गया जहां दुष्ट जीव निवास करते थे। वन के मध्य में पहुँच कर उसने देखा कि एक वीर मनोज (विद्याधर) बंधा हुआ था।

(२२१) बंधे हुये वीर मनोज को उसने छोड़ दिया तथा मुड़ कर वह वन के मध्य में गया। जिस विद्याधर को प्रद्युम्न ने बांध लिया।

(२२२) फिर वह मनोज विद्याधर मन में प्रसन्न होकर मदनकुमार के पैरों पर पड़ गया। उसने हाथ जोड़ कर प्रद्युम्न से प्रार्थना की तथा इन्द्रजाल नाम की दो विद्यायें दी।

(२२३) तब बसंतराज के मन में बड़ा उत्साह हुआ। उसने अपनी कन्या विवाह में उसे दे दी। उस विद्याधर ने बहुत भक्ति की एवं उसके पैरों में गिर गया।

(२२४) जब वह वीर अर्जुन-वन में गया तब वहां एक यक्ष आ पहुँचा। उससे उसका अपूर्व युद्ध हुआ और फिर उसने कुसुम-बाण नामक बाण दिया।

(२२५) फिर वह विपुल नामक वन में गया तथा वृक्षलता के समान वह वहां खड़ा हो गया। जहां तमाल के वृक्ष थे प्रद्युम्न क्षण भर में वहां चला गया।

(२२६) उस वन के मध्य में स्फटिक शिला पर बैठी हुई एक स्त्री जाप जप रही थी। तब विद्याधर से प्रद्युम्न ने पूछा कि यह वन में रहने वाली स्त्री कौन है।

(२२७) बसंत विद्याधर ने मन में सोचकर कहा कि यह रति नाम की स्त्री है। यह अत्यन्त रूपवान एवं कमल के समान सुन्दर नेत्र वाली है, हे कुमार ! आप इसके साथ विवाह कर लीजिए।

(२२८) तब प्रद्युम्न को बड़ी खुशी हुई तथा कुमार का उससे विवाह हो गया। फिर वह प्रद्युम्न वहां गया जहां उसके पांच सौ भाई खड़े थे।

(२२६) वे कुमार आपस में एक दूसरे का मुंह देख कर कहने लगे कि यह मानना पड़ता है कि यह असाधारण वीर है। हमने प्रद्युम्न को सोलह गुफाओं में भेजा किन्तु वहां भी उसे वस्त्राभरण मिले।

(२३०) प्रद्युम्न का अपार बल देख कर कुमारों ने अहंकार छोड़ दिया। सब ने मिलकर उस स्थान पर सलाह की कि पुण्यवान के सब पांवों पड़ते हैं।

(२३१) भगवान अरिहन्तदेव ने कहा है कि इस संसार में पुण्य बड़ा बलवान है। पुण्य से ही सुर असुर सेवा करते हैं। पुण्य ही सफल होता है। कहां तो उसने रुक्मिणी के उर में अवतार लिया; कहां धूमकेतु राक्षस ने उसे सिला के नीचे दबा दिया और कहां यमसंवर उसे ले गया और कनकमाला के घर बढ़ा और महान् पुण्य के फल से सोलह विद्याओं का लाभ हुआ तथा सिद्धि की प्राप्ति हुई।

(२३२) पुण्य से ही पृथ्वी में राज्य-सम्पदा मिलती है। पुण्य से ही मनुष्य देव लोक में उत्पन्न होता है। पुण्य से ही अजर अमर पद मिलता है। पुण्य से ही जीव निर्वाण पद को प्राप्त करता है।

प्रद्युम्न द्वारा प्राप्त सोलह विद्याओं के नाम

(२३३ से २३६) सोलह विद्याओं को उसने बिना किसी विशेष प्रयत्न के ही प्राप्त कर लिया। चमर, छत्र, मुकुट, रत्नों से जटित नागशय्या, वीणा, पावड़ी, अग्निवस्त्र, विजयशंख, कौस्तुभमणि, चन्द्रसिंहासन, शेखर हार, हाथ में सुशोभित होने वाली काम मुद्रिका, पुष्प धनुष, हाथ के कंकण, छुरी, कुसुमबाण, कानों में पहिनने के लिये युगल कुण्डल, दो राजकुमारियों से विवाह, सामने आये हुये हाथी को चढ़ कर वश में करना, रत्नों के युगल कंकण, फूलों की दो मालायें, इनके अतिरिक्त अन्य छोटी वस्तुओं को कौन गिने। इन सब को लेकर प्रद्युम्न चला।

(२३७) प्रद्युम्न शीघ्र ही अपने घर को चल दिया और क्षण भर में मेघकूट पर जा पहुँचा। वहां जाकर यमसंवर से भेंट की और विशेष भक्तिपूर्वक उसके चरणों में पड़ गया।

(२३८) राजा से भेंट करके फिर खड़ा हो गया और रणवास में भेंट करने चल दिया। कनकमाला से शीघ्र ही जाकर भेंट की और बहुत भक्ति-पूर्वक उसके चरण स्पर्श किये।

कनकमाला का प्रद्युम्न पर आसक्त होना

(२३६) उस श्रेष्ठ वीर प्रद्युम्न के अत्यधिक मनोहर रूप को देखकर कामबाण ने उसके (कनकमाला के) शरीर को छेद दिया। फिर उसने दौड़कर उसे अपनी छाती से लगाया किन्तु वह छुड़ाकर चला गया।

प्रद्युम्न का मुनि के पास जाकर कारण पूछना

(२४०) प्रद्युम्न फिर वहां पहुँचा जहां उद्यान में मुनीश्वर बैठे हुये थे। उनको नमस्कार कर पूछा कि जो उचित हो सो कहिये।

(२४१) कनकमाला मेरी माता है लेकिन वह मुझे देखकर काम रस में डूब गयी। उसने अपनी मर्यादा को तोड़कर मुझे आंचल में पकड़ लिया। इसका क्या कारण है यह मैं जानना चाहता हूँ।

(२४२) तब मुनिराज ने उसी समय कहा कि मैं वही बात कहूँगा जो तुम्हारे जन्म से सम्बन्धित है। सोरठ देश में द्वारिका नगरी है वहां यदुराज निवास करते हैं।

(२४३) उनकी स्त्री रुक्मिणी है जिसकी प्रशंसा महीमंडल में व्याप्त है। उसके समान और कोई स्त्री नहीं है। हे मदन, वही तुम्हारी माता है।

(२४४) धूमकेतु ने तुम्हें वहां से हर लिया और शिला के नीचे दबाकर वह चला गया। यमसंवर ने तुम्हें वहां से लाकर पाला। तुम वही प्रद्युम्न हो यह अपने आपको जान लो।

(२४५) कनकमाला ने जो तुम्हें अंचल में पकड़ना चाहा था वह तो पूर्व जन्म का सम्बन्ध है। यदि वह तुम्हारे प्रेमरस में डूबी हुई है तो छलकर उससे तीन विधायें प्राप्त करलो।

(२४६) मुनि के वचनों को सुनकर वह वहां से लौट गया तथा कनकमाला के पास जाकर बैठ गया और कहने लगा कि यदि तुम मुझे तीनों विद्याएं दे दो तो मैं तुम्हें प्रसन्न करने का उपाय कर सकता हूँ।

(२४७) कुमार से प्रेमरस की बात सुनकर वह प्रेम लुब्ध होकर व्याकुल हो गयी। उसने यमसंवर का कोई विचार नहीं किया और तीनों विद्यायें उसको दे दी।

(२४८) कुमार का मन दांव पूरा पड़ जाने के कारण बड़ा खुश हुआ। फिर वह विद्याओं को लेकर वापिस चल दिया। (उसने कहा) मैं तुम्हारा लड़का हूँ तथा तुम मेरी माता हो। अब कोई युक्ति बतलाओ जिससे मैं तुम्हें प्रसन्न कर सकूं।

(२४६) तब कनकमाला का हृदय बैठ गया और उसने सोचा कि मुझ से इसने कपट किया है। एक तो मेरी लज्जा चली गयी दूसरे कुमार विद्याओं को अपने हाथ लेकर चलता बना।

(२५०) कनकमाला मन में दुःखी हुई। वह सिर को कूटने एवं कुचेष्टा करने लगी। अपने ही नखों से स्तन एवं हृदय को कुरेच लिया तथा केश बिखेर कर बेसुध हो गयी।

(२५१) वह रोने और पुकारने लगी तथा उसने यमसंवर को सारी बात बतलाई। तभी पांच सौ कुमार वहां आये और कनकमाला के पास बैठ गये।

(२५२) कालसंवर से उसने कहा कि देखो इस दत्तक पुत्र ने क्या कार्य किया है? जिसको धर्मपुत्र करके रखा था वही मुझे बिगाड़ कर चला गया।

कालसंवर द्वारा प्रद्युम्न को मारने के लिये कुमारों को भेजना

(२५३) वचनों को सुनकर राजा उसी प्रकार प्रज्वलित हो गया मानों अग्नि में घी ही डाल दिया हो। पांच सौ कुमारों को बुलाकर कहा कि शीघ्र जाकर प्रद्युम्न को मार डालो।

(२५४) तब कुमारों की मन की इच्छा पूरी हुई। इससे राजा भी विरुद्ध हो गया। सब कुमार मिलकर इकट्ठे हो गये और वे मदन को बुलाकर वन में गए।

(२५५) तब आलोकिनी विद्या ने कहा कि हे प्रद्युम्न! तुम असावधान क्यों हो रहे हो। यह बात मैं तुमसे सत्य कहती हूँ कि इन सबको राजा ने तुम्हें मारने भेजा है।

(२५६) तब साहसी और धीर वीर कुमार क्रुद्ध हो गया और सब कुमारों के नागपाश डाल दी। ४६६ कुमारों को आगे रख कर शिला से बांध करके लटका दिया।

(२५७) उसने एक कुमार को छोड दिया कि जाकर राजा को सारी बात कह दे और कहला दिया कि अगर तुम में साहस हो तो सभी दलबल को लेकर आ जावो।

(२५८) यमसंवर राजा बैठा हुआ था वहां वह कुमार भाग कर पुकारने लगा कि सभी कुमारों को बावड़ी में डालकर ऊपर से वज्र शिला डाल दी है।

जमसंवर और प्रद्युम्न के मध्य युद्ध

(२५९) वचनों को सुनकर राजा बड़ा क्रोधित हुआ तथा उसने विचार किया कि आज प्रद्युम्न को समाप्त कर दूंगा। रथ हाथी को सजा लिया गया तथा घोड़ों पर काठी एवं हाथी पर झूल रख दी गयी।

(२६०) धनुषधारी, पैदल चलने वाले, खड्गधारी तथा अन्य सारी फौज को चलने में जरा भी देर नहीं लगी। प्रद्युम्न ने सेना को आते हुये देखकर मायामयी सेना तैयार करली।

(२६१) यमसंवर की बलशाली सेना वहां जा पहुँची तथा एक दूसरे को ललकारते हुये मदोन्मत्त होकर परस्पर भिड गई। युद्ध में राजा से राजा भिड गये तथा पैदल से पैदल लड़ने लगे।

(२६२) यमसंवर हार गया तथा उसकी चतुरंगिनी सेना को मार कर गिरा दिया गया। तब विद्याधर राजा बड़ा दुःखी हुआ और अपना रथ मोड करके नगर की ओर चल दिया।

(२६३) जब वह अपने महल में पहुँचा तो कालसंवर ने कनकमाला से जाकर यह बात कही कि तीनों विद्यायें मुझे दे दो।

(२६४) वचन सुनकर वह स्त्री बड़ी दुःखी हुई तथा ऐसी हो गई मानों सिर पर वज्र गिर गया। हे स्वामी! उन विद्याओं का तो यह हुआ कि मुझ से प्रद्युम्न छीन ले गया।

(२६५) स्त्री के वचन सुनकर उसका हृदय कांप गया और उसके होश उड गये तथा हृदय विदीर्ण हो गया। मुझ जैसे व्यक्ति से भी इसने झूंठ बोली। वास्तव में प्रेम रस में डूबने के कारण इसने तीन विद्याएं उसको दे दी और मुझ से अब छल कर रही है कि कुमार छीन कर ले गया।

(२६६) उसका चरित्र देखकर राजा बोला कि अब उसकी (राजा की) मृत्यु का कारण बन गया। जो मनुष्य स्त्री में विश्वास करता है वह बिना कारण ही मृत्यु को प्राप्त होता है। स्त्री का चरित्र सुनकर वह विद्याधरों का राजा व्याकुल हो गया।

स्त्री चरित्र वर्णन

(२६७) स्त्री झूंठ बोलती है और झूंठ ही चलती है (आचरण करती है) वह अपने स्वामी को छोडकर दूसरे के साथ भोग विलास करती है स्त्री का साहस दुगुना होता है अतः स्त्री का चरित्र कभी भुलाने योग्य नहीं है।

(२६८) उसके मन में सदैव नीच बुद्धि रहती है। उत्तम संगति को छोडकर नीच संगति में जाती है। उसकी प्रकृति और देह दोनों ही नीच हैं। स्त्री का स्वभाव ही ऐसा है।

(२६९) उज्जैनी नगरी जो एक उत्तम स्थान था वहां पहिले बिंब नामका राजा स्त्री पर खूब विश्वास करता था इस कारण उसे अपना जीवन ही समर्पण करना पड़ा।

(२७०) दूसरे यशोधर राजा हुए जो कि अपनी पटरानी महादेवी से नाश को प्राप्त हुये। उसने राजा को विष पूर्ण लड्डू देकर मार दिया और स्वयं कुबडे से जाकर रमने लगी।

(२७१) अब तीसरी स्त्री की बात सुनिये। पाटन नामका एक स्थान था उस काल में वहां 'हया' नामका सेठ था जिसके 'तीनि' नाम की सुन्दर स्त्री थी।

(२७२) एक बार वह सेठ व्यापार को गया हुआ था। तब किसी ने उसे जीभ के वशीभूत कर लिया। सेठ की मर्यादा छोडकर उसने एक धूर्त्त को अपने यहां लाकर रख लिया।

(२७३) अपने पति के प्यार को छोडकर उस आये हुये धूर्त को उसने भर्त्तार बना लिया। इस प्रकार स्त्रियों के साहस का कोई अन्त नहीं है। इन स्त्रियों का चरित्र कितना कहा जाय।

(२७४) अभया रानी की नीचता के कारण सुदर्शन पर संकट आया तथा उसी के कारण महायुद्ध हुआ और अन्त में सुदर्शन को तपस्या के लिये जाना पड़ा।

(२७५) राम रावण में जो लड़ाई बढ़ी थी वह सूपनखा को लेकर ही बढ़ी। सीता को हरण करने के कारण ही लंका नष्ट हुई तथा रावण का संपूर्ण परिवार नष्ट हुआ।

(२७६) कौरव और पांडवों में महाभारत हुआ और कुरुक्षेत्र में महायुद्ध ठहरा। उसमें अठारह अक्षौहिणी सेना नष्ट हो गयी। उसका कारण दोनों दल द्रौपदी को बतलाते थे।

(२७७) फिर कालसंवर ने उससे कहा कि कनकमाला यह तेरा अपराध नहीं है। पूर्व कृत कर्मों को कोई नहीं मेट सकता। यही कारण है कि इन विद्याओं को प्रद्युम्न ले गया।

(२७८) अशुभ कर्म को कोई नहीं मेट सकता। सज्जन भी वैरी हो जाते हैं। हे कनकमाला ! तुम्हारा दोष नहीं है। अपने भाग्य में यही लिखा था।

गाथा

पुरुष के उल्टे दिन आने पर गुण जल जाते हैं, प्रेमी चलायमान हो जाते हैं तथा सज्जन बिछुड जाते हैं। व्यवसाय में सिद्धि नहीं होती है।

(२७९) कालसंवर के प्रवाह में कौन बच सकता है ? फिर वह राजा वापिस मुडा और उसने अपनी चतुरंगिणी सेना को एकत्रित किया तथा दुबारा जाकर फिर लड़ने लगा।

यमसंवर एवं प्रद्युम्न के मध्य पुनः युद्ध

(२८०) राजा ने मन में बहुत क्रोध किया तथा धनुष चढाकर हाथ में लिया। जब उसने धनुष को टंकार की तो ऐसा लगा कि मानों पर्वत हिलने लग गये हों।

(२८१) जब दोनों वीर रण में आकर भिडे तो विमानों में चढ़े हुये देवता गण भी देखने लगे। निरन्तर बाण बरसने लगे तथा ऐसा लगने लगा कि असमय में बादल खूब गर्ज रहे हों।

(२८२) तब प्रद्युम्न बड़ा क्रोधित हुआ तथा उसने नागपाश को फेंका। पूरा दल-नागपाश द्वारा दृढता से बांध लिया गया और राजा अकेला खड़ा रह गया।

(२८३) ऐसा करके प्रद्युम्न कहने लगा कि मैंने कालसंवर की सम्पूर्ण सेना को नष्ट कर दिया। जब प्रद्युम्न इस प्रकार कह रहा था तो नारद ऋषि वहां आ पहुँचे।

नारद का आगमन एवं युद्ध की समाप्ति

(२८४) प्रद्युम्न से उन्होंने कहा कि बस रहने दो। पिता और पुत्र में कैसी लडाई ? जिस राजा ने तुम्हारी प्रतिपालना की थी उससे तुम किस प्रकार लड रहे हो ?

(२८५) नारद ने सारी बात समझा करके कही तथा दोनों दलों की लड़ाई शान्त कर दी। कालसंवर तुम्हारे लिये यह उचित नहीं है क्योंकि यह प्रद्युम्न तो श्रीकृष्ण का पुत्र है।

(२८६) नारद के वचन सुनकर मन में विचार उत्पन्न हुआ। राजा का दिल भर आया तथा उसका सिर चूम लिया। राजा को बहुत पछतावा हुआ कि अपनी चतुरंगिनी सेना का संहार हो गया।

(२८७) तब प्रद्युम्न ने क्रोध छोड दिया। मोहिनी विद्या को हटा कर सब की मूर्च्छा को उतार दिया। नागपाश को जब वापिस छुडा लिया तो चतुरंगिनी सेना फिर से उठ खड़ी हुई।

(२८८) सेना के उठ खड़े होने से राजा प्रसन्न हुआ तथा प्रद्युम्न के प्रति बहुत कृतज्ञता प्रकट करने लगा। नारद ऋषि ने उसी समय कहा कि तुम्हारी घर प्रतीक्षा हो रही है।

(२८९) यदि हमारे वचनों को मन में धारण करो तो शीघ्र ही घर की ओर मुंह करलो। वायु के वेग के समान तुम द्वारिका चलो। आज तुम्हारा विवाह है।

(२९०) प्रद्युम्न ने नारद से कहा कि तुमने सच्ची बात कही है। मुझे जो केवली भगवान ने कही थी सो मिल गयी है। तब हंसकर के प्रद्युम्न बोला कि हमको कौन परणावेगा ?

नारद एवं प्रद्युम्न द्वारा विद्या के बल विमान रचना

(२९१) नारद ने क्षण भर में विमान रच दिया किन्तु प्रद्युम्न ने उसे हंसी में तोड डाला। मुनि ने विमान को फिर जोड दिया किन्तु प्रद्युम्न ने उसे फिर तोड़ दिया।

(२६२) जब नारद दुःखित मन हुये तो मदन ने हंस करके उपाय किया और माणिक और मणियों से सज्जित एक विमान क्षण भर में तैयार कर दिया।

(२६३) प्रद्युम्न ने जिस विद्या बल से विमान को रचा था उस विमान ने अपनी कान्ति से सूर्य और चन्द्रमा की कान्ति को भी फीका कर दिया। वह ध्वजा, घंटा एवं झालर संयुक्त था। उस पर नारायण का पुत्र प्रद्युम्न चढा।

(२६४) चढने के पूर्व कालसंवर को बहुत समझा करके अति भक्ति भाव से उसके चरणों का स्पर्श किया। कुमार ने तब क्षमा याचना की और कंचनमाला के घर गया।

(२६५) कुमार प्रद्युम्न एवं नारद मुनि विमान पर चढ़ कर आकाश में उड़े। बहुत से गिरि एवं पर्वतों को लांघ करके जिन मन्दिरों की वन्दना की।

(२६६) फिर वे वन मध्य पहुँचे तो उस स्थान पर उदधि माला दिखाई दी। प्रद्युम्न को मार्ग में बरात मिली जो भानुकुमार के विवाह के लिये द्वारिका जा रही थी।

(२६७) नारद ने प्रद्युम्न से बात कही कि यह कुमारी पहिले तुम्हीं को दी गयी थी। तुमको जब धूमकेतु हर ले गया तो उसे अब भानुकुमार को दे दी गई है।

(२६८) नारद ने कहा कि इसमें मुझे दोष कोई नहीं मालूम होता है। यदि तुम्हारे में शक्ति है तो इसको जबरन ले लो। ऋषिराज के वचनों को मन में धारण करके उसने अपना भील का भेष कर लिया।

प्रद्युम्न द्वारा भील का रूप धारण करना

(२६६) हाथ में धनुष तथा विपाक बाण ले लिया और उतर कर उनके साथ मिल गया। पवन के वेग के समान आगे जाकर उनका मार्ग रोक कर खड़ा हो गया।

(३००) मैं नारायण की ओर से कर लेने वाला हूँ इसलिये मेरी अधिक लाग है वह मुझे दो। जो मेरे योग्य अच्छी चीज है वही मझे दे दो जिससे मैं सब लोगों को जाने दूं।

(३०१) महिलाओं ने कहा कि हमारी बात सुनो तुम कौनसी बड़ी वस्तु मांगते हो। धन सम्पत्ति सोना जो चाहे सो ले लो और हमको आगे जाने दो।

(३०२) भील ने क्रोधित होकर उनको जाने दिया तथा कहा कि ऐसे जाने से क्या लाभ है। जो भली वस्तु तुम्हारे पास है वही मुझे दे दो और आगे बढो।

(३०३) तब महिलाओं ने उसका मुंह देख कर कहा कि एक कुमारी जो हमारे पास है उसको तो हरि के पुत्र भानु से सगाई कर दी गयी है। अरे भील ! तुम और क्या मांग रहे हो।

(३०४) उस भील वीर ने कहा यही (कुमारी) मुझे दे दो जिससे मैं आगे तुमको मार्ग दूं। महिलाओं ने क्रोधित होकर कहा कि अरे भील यह कहना तुझे उचित नहीं है।

(३०५) महिलाओं के वाक्यों को सुनकर विचार करके कहने लगा कि मैं नारायण का पुत्र हूं इन वाक्यों में तुम सन्देह मत करो और उदधि माला को मुझे दे दो।

(३०६) महिला ने कहा कि हे नटखट तुम झूंठ बोलने में बहुत आगे हो। जो तीन खंड पृथ्वी का राजा है क्या उसके पुत्र का ऐसा भेष होता है ?

(३०७) तब वे सीधे मार्ग को छोड़कर टेढे मेढे मार्ग से चले तो उधर भी दो कोडी (४०) भील मिल गये। सधारु कवि कहता है कि तब भील ने कहा कि यदि मैं कन्या को बल पूर्वक छीन लूं तो मेरा दोष मत समझना।

प्रद्युम्न द्वारा उदधिमाला को बलपूर्वक छीन लेना

(३०८) तब उसने कुमारी को छीन लिया और मुड करके विमान पर चढ़ गया। भील को देखकर वह कुमारी मन में बहुत डरी और करुण विलाप करने लगी।

(३०९) पहिले मेरी प्रद्युम्न के साथ सगाई हुई फिर भानुकुमार के साथ विवाह करने के लिये चलो। हे नारद मेरी बात सुनो अब मैं भील के हाथ पड़ी हूँ।

(३१०) उदधि माला ने कहा अब मुझे पञ्च परमेष्ठियों की शरण है। यदि मृत्यु न होगी तो मैं सन्यास ले लूंगी। तब नारद के मन में संदेह हुआ कि इसने बहुत बुरी बात कही है।

(३११) नारद ने उसी समय कहा कि यह कामदेव अपनी कलाएं दिखा रहा है। तब प्रद्युम्न ने बत्तीस लक्षण वाले एवं स्वर्ण के समान प्रतिभा वाले शरीर को धारण कर लिया और जिससे उसका शरीर कामदेव के समान हो गया।

(३१२) उस सुंदरी उदधिमाला को समझा कर वे विमान से शीघ्र चलने लगे। विमान के चलने में देर नहीं लगी और वे द्वारिका के बाहर पहुँच गये।

(३१३) नगर को देखकर प्रद्युम्न बोले कि जो मोतियों और रत्नों से चमक रही है, धन धान्य एवं स्वर्ण से भरी हुई है। हे नारद! यह कौनसी नगरी है?

नारद द्वारा द्वारिका नगरी का वर्णन

(३१४) नारद ने कहा कि हे प्रद्युम्न सुनो यह द्वारिकापुरी है जो सागर के मध्य में दृढ़ता से बसी हुई है यह तुम्हारी जन्मभूमि है। शुद्ध स्फटिक मणियों से जड़ी हुयी उज्ज्वल है। कुवे, बावड़ी तथा सुन्दर भवन, बहुत प्रकार के जिनेंद्र भगवान केमन्दिर, चारों ओर परकोट एवं दरवाजे से वेष्टित यह द्वारिका नगरी है।

(३१५) यह सुनकर वीर प्रद्युम्न ने कहा कि हे नारद मेरे वचन सुनो। मुझे स्पष्ट कहो तथा कुछ भी मत छिपाओ। हे प्रद्युम्न ध्यान पूर्वक देखो जो जिसका महल है (वह मैं तुमको बतलाता हूँ।)

(३१६) नगर मध्य जो श्वेत वर्ण वाला एवं पांचों वर्णों की मणियों से जड़ा हुआ तथा सुन्दर महल है जिस पर गरुड़ की ध्वजा अत्यन्त सुशोभित है वह नारायण का महल है।

(३१७) जिसके चारों ओर सिंह ध्वजा हिल रही है उसे बलभद्र का महल जानो। जिसकी ध्वजा में मैंढे का चिन्ह है वह वसुदेव का महल है।

(३१८) जिसकी ध्वजा पर विद्याधर का चिन्ह है जहां ब्राह्मण बैठे हुये पुराण पढ रहे हैं तथा जहां बहुत कोलाहल हो रहा है वह सत्यभामा का महल है ।

(३१९) जिस महल पर सोने की मालायें चमक रही हैं जिस पर बहुत सी ध्वजायें फहरा रही हैं, जिसके चारों ओर मरकत मणियां चमक रही हैं वह तुम्हारी माता का महल है ।

(३२०) इन वचनों को सुनकर प्रद्युम्न जिसके कि चरित्र को कौन नहीं जानता बड़ा हर्षित हुआ। विमान से उतर करके वह खड़ा हो गया और नगर में चल दिया।

प्रद्युम्न का भानुकुमार को आते हुये देखना

(३२१) चतुरंगिणी सेना से सुसज्जित उसने भानुकुमार को आते हुए देखा। तब प्रद्युम्न ने विद्या से पूछा कि यह कोलाहल के साथ कौन आ रहा है ?

(३२२) हे प्रद्युम्न ! सुनो मैं तुम्हें विचार करके कहती हूँ। यह नारायण का पुत्र भानुकुमार है। यह वही कुमार है जिसका विवाह है। इसी कारण नगर में बहुत उत्सव हो रहा है।

प्रद्युम्न का मायामयी घोड़ा बनाकर वृद्ध ब्राह्मण का भेष धारण करना

(३२३) वहां प्रद्युम्न ने मन में उपाय सोचा कि मैं इसको अच्छी तरह पराजित करुंगा। उसने एक बूढे विप्र का भेष बना लिया तथा मायामयी चंचल घोड़ा भी बना लिया ।

(३२४) वह घोड़ा बड़ा चंचल था तथा जोर से हिनहिना रहा था। जिसके चारों पांव उज्ज्वल एवं धुले हुये दिखते थे। जिसके चार चार अंगुल के कान थे। जो लगाम के इशारे को पहिचानता था ।

(३२५) जिस पर स्वर्ण की काठी रखी हुई थी। वह ब्राह्मण उसकी लगाम पकड़ करके आगे चल रहा था। अकेले भानुकुमार ने उसको देखा कि ब्राह्मण वृद्ध है किन्तु घोड़ा सुन्दर है ।

(३२६) घोड़े को देखकर भानुकुमार के मनमें यह आया कि चल कर ब्राह्मण से पूछना चाहिये। फिर उसने ब्राह्मण से पूछा कि यह घोड़ा लेकर कहां जाओगे ?

(३२७) ब्राह्मण ने कहा कि घोड़ा अपना है। समंद जाति का ताजी बलख घोड़ा है। भानुकुमार का नाम सुन कर मैं घोड़े को उनके यहां लाया हूँ।

(३२८) भानुकुमार के मन में विचार हुआ और उसने ब्राह्मण को बहुत प्रसन्न करना चाहा। हे विप्र सुनो ! मैं कहता हूँ कि तुम जो भी इसका मोल मांगोगे वही मैं तुमको दे दूंगा।

(३२९) तब विप्र ने सत्यभाव से जो कुछ मांगा वह भानुकुमार के मन को अच्छा नहीं लगा। भानुकुमार बहुत दुखी हुआ कि इस विप्र ने मेरा मान भंग किया है।

(३३०) विप्र ने भानुकुमार को कहा कि मैंने तो मांग लिया है यदि तुम उतना नहीं दे सकते हो तो न देओ। मैंने तो तुमसे सत्य कह दिया। यदि इसे हंसी समझते हो तो इसे दौड़ा करके देख लो।

भानुकुमार का घोड़े पर चढना

(३३१) ब्राह्मण के वचन सुन कर कुमार (भानु) मन में प्रसन्न हुआ और घोड़े पर चढ़ गया। लेकिन वह उस घोड़े को सम्हाल नहीं सका और उस घोड़े ने भानुकुमार को गिरा दिया।

(३३२) भानुकुमार गिर गया यह बड़ी विचित्र बात हुई इससे सभा में उपस्थित लोगों ने उसकी हंसी की। वे कहने लगे यह नारायण का पुत्र है और इसके बराबर कोई दूसरा सवार नहीं है।

(३३३) विप्र ने कहा कि तुम क्यों चढ़े ? इन तरुण से तो हम वृद्ध ही अच्छे हैं। मैं बहुत दूर से आशा करके आया था किंतु हे भानुकुमार ! तुमने मुझे निराश कर दिया।

(३३४) हलधर ने विप्र से कहा डरो मत। तुम ही इस घोड़े पर क्यों नहीं चढते हो ? हे ब्राह्मण यदि तुम इसका ठहराव (बेचना) चाहते हो तो अपना कुछ पुरुषार्थ दिखलाओ।

प्रद्युम्न का घोड़े पर सवार होना

(३३५) कुमार ने दस बीस लोगों को ब्राह्मण को घोड़े पर चढाने के लिये भेजा तब ब्राह्मण बहुत भारी हो गया और उनके सरकाने से भी नहीं सरका।

(३३६) तब ब्राह्मण को घोड़े पर चढाने के लिये भानुकुमार आया। लेकिन वह लटक गया और उसे चढा नहीं सका। जब दस बीस ने जोर लगाया तो वह भानुकुमार के गले पर पांव रख कर चढ गया।

(३३७) जब ब्राह्मण घोड़े पर सवार हुआ तो वह घोड़ा आकाश में घूमने लगा। सभा के लोगों ने देखकर बड़ा आश्चर्य किया कि यह तो उसका चमत्कार ही है कि वह ऊपर उड़ गया।

प्रद्युम्न का मायामयी दो घोड़े लेकर उद्यान पहुँचना

(३३८) फिर उसने अपना रूप बदल लिया और दो घोड़े पैदा कर लिये। राजा का जहां उद्यान था वहां वह घोड़ों को लेकर पहुँच गया।

(३३९) जब प्रद्युम्न उस उद्यान में पहुँचा तो वहां के रक्षक क्रोधित होकर उठे और कहा कि इस उद्यान में कोई नहीं चरा सकता। यदि घास का टोगे तो किरकिरी होगी।

(३४०) प्रद्युम्न ने अपने क्रोधित मन को बड़ी कठिनता से सम्हाला और रखवालों से ललकार करके कहा, भूखे घोड़ों को क्यों नहीं चरने देते हो। घास का कुछ मुझ से मोल ले लेना।

(३४१) तब उनकी बुद्धि फिर गई और उनको प्रद्युम्न ने काम मूंदड़ी उतार कर दे दी। रखवाले हँसकर के बोले कि दोनों घोड़े अच्छी तरह चर लेवें।

(३४२) घोड़े फिर फिर के उद्यान में चरने लगे और नीचे की मिट्टी को खोद कर ऊपर करने लगे। तब रखवाले छाती कूटने लगे कि इन दोनों घोड़ों ने तो उद्यान को चौपट कर दिया।

(३४३) उन्होंने वह काम मूंदड़ी प्रद्युम्न को लौटा दी जिसको उसने अपने हाथ में पहनली। तब वह वीर वहां पहुँचा जहां सत्यभामा की बाड़ी थी।

(३४४) प्रद्युम्न बाड़ी में पहुँचा तो उस स्थान पर बहुत से वृक्ष दिखलायी दिये। वे कब के लगे हुए थे यह कोई नहीं जानता था। फुलवारी विविध प्रकार से खिली हुई थी।

उद्यान में लगे हुये विभिन्न वृक्ष एवं पुष्पों का वर्णन

(३४५) जिसमें चमेली, जुही, पाटल, कचनार, मोलश्री की बेल थी। कणवीर का कुंज महक रहा था। केवड़ा और चंपा खूब खिले हुये थे।

(३४६) जहां कुंद, अगर, मंदार सिन्दूर एवं सरीष आदि के पुष्प महक रहे थे। मरुवा एवं केलि के सैकड़ों पौधे थे तथा उस बगीचे में कितने ही नीबुओं के वृक्ष सुगंधि फैला रहे थे।

(३४७) आम जंभीर एवं सदाफल के बहुत से पेड़ थे। तथा जहां बहुत से दाड़िम के वृक्ष थे। केला, दाख, बिजौरा, नारंगी, करणा एवं खीप के कितने ही वृक्ष लगे हुए थे।

(३४८) पिंडखजूर, लौंग, छुहारा, दाख, नारियल एवं पीपल आदि के असंख्य वृक्ष थे। वह वन कैथ एवं आंवलों के वृक्षों से युक्त था।

प्रद्युम्न का दो मायामयी बन्दर रचना

(३४६) इस प्रकार की बाड़ी देख कर उस वीर को बहुत आश्चर्य हुआ। उसने धैर्य और साहस पूर्वक विचार कर के दो बंदरों को उत्पन्न किया जिनको कोई भी न जान सका।

(३५०) फिर उसने दोनों बंदरों को छोड दिया जिन्होंने सारी बाडी को खा डाला। जो फूलबाडी अनेक प्रकार से फूली हुई थी उसे उन बंदरों ने नष्ट कर डाला।

(३५१) फिर उन बंदरों को मुला कर दूसरी ओर भेजा जिन्होंने वहां के सब वृक्ष तोड डाले। फूलबाड़ी का संहार करके सारी वाटिका को चौपट कर दिया।

(३५२) जिस प्रकार हनुमान ने लंका की दशा की थी वैसे ही उन दोनों बंदरों ने बाडी की हालत कर दी। तब माली ने जहां भानुकुमार बैठा हुआ था वहां जाकर पुकार की।

(३५३) माली ने हाथ जोड़कर कहा कि हे स्वामी मुझे दोष मत देना। दो बन्दर वहां आकर बैठे हैं जिन्होंने सारी बाड़ी को खा डाला है।

(३५४) ज्यों ही माली ने पुकार की, भानुकुमार हथियार लेकर रथ पर चढ गया तथा पवन के समान वहां दौड़ करके आया जहां बन्दरों ने बाड़ी को चौपट कर दिया था।

प्रद्युम्न द्वारा मायामयी मच्छर की रचना

(३५५) तब प्रद्युम्न ने एक मायामयी मच्छर की रचना की। जहां भानुकुमार था उस स्थान पर उसे भेज दिया। मच्छर के काटने से भानुकुमार वहां से भाग गया।

(३५६) भानुकुमार भाग करके अपने मन्दिर में चला गया। उस समय दिन का एक पहर बीत गया था। प्रद्युम्न को बहुत सी स्त्रियां मिली जो भानुकुमार के तेल चढ़ाने जा रही थी।

प्रद्युम्न द्वारा मंगल गीत गाती हुई स्त्रियों के मध्य विघ्न पैदा करना

(३५७) तेल चढा करके उन्होंने शृंगार किया और वे भले मंगल गीत गाने लगी। कुमार रथ पर चढा तथा स्त्रियां खड़ी हो गई और फिर कुम्हार के यहां (चाक) पूजने गई।

(३५८) तब प्रद्युम्न ने एक कौतुक किया और रथ में एक घोड़ा और एक ऊंट जोत कर चल दिया। ऊंट और घोड़ा अरडा करके उठे और भानुकुमार को गिरा कर घर की ओर भाग गये।

(३५९) भानुकुमार के गिरने पर वे स्त्रियां रोने लगी तथा जो गाती हुई आयी थीं वे रोती हुई चली गयीं। जब ऊंट और घोड़ा अरड़ा कर उठे उससे बड़ा अपशुकुन हुआ जिसको कहा नहीं जा सकता।

प्रद्युम्न का वृद्ध ब्राह्मण का भेष बनाकर सत्यभामा की बावड़ी पर पहुँचना

(३६०) फिर प्रद्युम्न ने ब्राह्मण का रूप धारण कर लिया और धोती पहिन कर कमंडलु हाथ में ले लिया। स्वाभाविक रूप से लकड़ी टेकता हुआ चलने लगा और कुछ देर पश्चात् बावड़ी पर जा पहुँचा।

(३६१) वहां जाकर वह खड़ा हो गया जहां सत्यभामा की दासी खड़ी थी। वह कहने लगा कि भूखे ब्राह्मण को जिमाओ तथा जल पीने के लिये कमंडलु को भर दो।

(३६२) उसी क्षण दासी ने कहा कि यह सत्यभामा की बावड़ी है यहां कोई पुरुष नहीं आ सकता है। हे मूर्ख ब्राह्मण तुम यहां कैसे आ गये ?

(३६३) तब ब्राह्मण उसी समय क्रोधित हो गया। उसने किसी का सिर मूंड लिया, किसी का नाक और किसी के कान काट लिये। फिर उसने बावड़ी में प्रवेश किया।

विद्या बल से बावड़ी का जल सोखना

(३६४) उसने अपनी बुद्धि से कोई उपाय सोचा और जल सोषिणी विद्या को स्मरण किया। वह ब्राह्मण कमंडलु को भर कर बाहर निकल आया जिससे बावड़ी सूख कर रीती हो गई।

कमंडलु से जल को गिरा देना

(३६५) बावड़ी को सूखी देख कर स्त्रियों को बड़ा आश्चर्य हुआ। वह ब्राह्मण बाजार के चौराहे पर चला गया। दासी ने दौड़ करके उसका हाथ पकड़ लिया जिससे कमंडलु फूट गया और उसका जल नदी के समान बहने लगा।

(३६६) पानी से बाजार डूब गया और व्यापारी लोग पानी २ चिल्लाने लगे। नगर के लोगों के लिए एक कौतुक करके वह वहां से चल दिया।

प्रद्युम्न का मायामयी मेंढा बनाकर वसुदेव के महल में जाना

(३६७) फिर उस प्रद्युम्न ने मन में सोचा और उसने एक मायामयी मेंढा बना लिया। उसे वह वसुदेव के महल पर लेकर पहुँचा। तब काठीया (पहरेदार) ने जाकर सूचना दी।

(३६८) वसुदेव ने प्रसन्नता से उससे कहा कि उसे शीघ्र ही भीतर बुलाओ। काठीया ने जाकर सन्देश कहा और वह मेंढा लेकर भीतर चला गया।

(३६९) उसने मेंढे को बिना शंका के खड़ा कर दिया। राजा ने हंस कर अपनी टांग आगे कर दी। तब प्रद्युम्न ने कहा कि इस प्रकार टांग फैलाने का क्या कारण है ?

(३७०) प्रद्युम्न ने हंस कर कहा कि मैं परदेशी ब्राह्मण हूँ। हे देव। यदि तुम्हारी टाँग में पीड़ा हो आवेगी तो मैं कैसे जीवित बचूंगा।

(३७१) फिर वसुदेव ने हंसकर उससे यह बात कही कि तुम्हारा दोष नहीं है तुम अपने मन में शंका मत करो। मेरी टाँग कैसे टूट जावेगी!

(३७२) तब उसने मेंढे को छोड़ दिया। सभा के देखते देखते उसने वसुदेव की टांग तोड दी। टांग तोड़ कर मेंढा वापिस आ गया और वसुदेव राजा भूमि पर गिर पड़े।

(३७३) जब वसुदेव भूमि पर गिर पड़े तो छप्पन कोटि यादव हँसने लगे। फिर वह उस पूरी सभा को हंसा करके सत्यभामा के घर की ओर चल दिया।

प्रद्युम्न का ब्राह्मण का भेष धारण कर सत्यभामा के महल में जाना

(३७४) पीली धोवती तथा जनेउ पहिन कर चन्दन के बारह तिलक लगाये। चारों वेदों का जोर से पाठ पढ़ता हुआ वह ब्राह्मण पटरानी के घर पर जा पहुँचा।

(३७५) वह सिंह द्वार पर जाकर खड़ा हो गया तो द्वारपाल ने अन्दर जा कर सूचना दी। सत्यभामा ने अपने अन्य ब्राह्मणों को (वेद पाठ आदि क्रियाओं से) रोक दिया।

(३७६) सत्यभामा ने जब उसको पढ़ता हुआ सुना तो उसके हृदय में भाव उत्पन्न हुआ और उसको अन्दर बुला लिया। जब रानी का बुलावा आया तो वह लकड़ी टेकता हुआ भीतर चला गया।

(३७७) हाथ में अक्षत एवं जल लेकर रानी को उसने आशीर्वाद दिया। रानी प्रसन्न होकर कहने लगी कि हे विप्र! कृपा करो और जिस वस्तु पर तुम्हारा भाव हो वही मांग लो।

(३७८) फिर सिर हिलाते हुये ब्राह्मण ने कहा कि तुम्हारी बोली सच्ची हो। मैं तुमसे एक ही सार बात कहता हूँ कि भूखे ब्राह्मण को भोजन दो।

(३७९) रानी ने पटायत से कहा कि यह भूखा खड़ा चिल्ला रहा है। इसे अपनी रसोईघर में ले जाओ और जो भी मांगे वही खिलादो।

(३८०) उसने वहां एकत्रित अन्य ब्राह्मणों से कहा कि तुम बहुत से हो और मैं अकेला हूँ। वेद और पुराण में जिसको अच्छा बतलाया गया है उस एक उत्तम आहार को तुम बतलादो।

(३८१) वहां ब्राह्मणों को लड़ते हुये देख कर सत्यभामा ने कहा कि अरे तुम व्यर्थ ही क्यों लड़ रहे हो। एक तो तुम एक दूसरे के ऊपर बैठे हो और फिर आपस में लड़ने हो ?

(३८२) अब प्रद्युम्न की बात सुनो। उसने अपनी जूंभणी विद्या को भेजा जिससे ब्राह्मण आपस में लड़ने लगे तथा एक दूसरे का सिर फोड़ने लगे।

(३८३) रानी ने बात समझ करके कहा कि इन लड़ने वालों को वायु लग गई है जो दूर हो जावें उसे भोजन डाल दो नहीं तो उसे बाहर निकाल दो।

(३८४) तब प्रद्युम्न ने कहा कि भूखे साधुओं की भूख शान्त कर दो। सुनो हमें भूख लग रही है हमको एक मुट्ठी आहार दे दो।

(३८५) सत्यभामा ने तब क्या किया कि एक स्वर्ण थाल उसके आगे रख दिया। हे ब्राह्मण ! बैठ कर भोजन करो तथा उनकी सब बातों की ओर ध्यान मत दो।

(३८६) वह ब्राह्मण अर्द्धासन मार कर बैठ गया और अपने आगे उसने चौका लगाया। हाथ धोने के लिये लौटा दिया। थाल परोस दिया तथा नमक रख दिया।

प्रद्युम्न का सभी भोजन का खा जाना

(३८७) चौरासी प्रकार के बनाये हुये बहुत से व्यञ्जन उसने परोसे। बड़े बड़े थाल के थाल परोस दिये और वह एक ही ग्रास में सबको खा गया।

(३८८) चावल परोसे तो चावल खा गया। स्वयं रानी भी वहां आकर बैठ गयी। जितना सामान परोसा था वह सब खा गया। बड़ी कठिनता से वह पत्तल बची।

(३८९) उस ब्राह्मण ने कहा कि हे रानी सुनो। मेरे पेट में अधिक ज्वाला उत्पन्न हुई है। उन लोगों को परोसना छोड़ कर मेरे आगे लाकर सामान डाल दो।

(३६०) जितने लोग जीमन के लिये आमंत्रित थे उन सबका भोजन उस ब्राह्मण को परोस दिया गया। नारायण के लिये जो लड्डू अलग रखे हुये थे वे भी उसने खा लिये।

(३६१) तब रानी मन में बड़ी चिन्ता करने लगी कि इसने तो सभी रसोई खा डाली है। यह ब्राह्मण तो अब भी तृप्त नहीं हुआ है और भूखा भखा कह कर चिल्ला रहा है।

(३६२) उस वीर ने कहा कि यह तो बड़ी बुरी बात है कि तूने नगर के सब लोगों को निमंत्रित किया है। वे आकर क्या जीमेंगे। तू एक ब्राह्मण को भी तृप्त नहीं कर सकी।

(३६३) रानी के चित्त में विचार पैदा हुआ कि अब इसको कहां से क्या लाकर परोसूंगी अब भूखे ब्राह्मण ने क्या किया कि अपने मुंह में अंगुली डाल कर उल्टी कर दी।

(३६४) उस ब्राह्मण ने क्या कौतुक किया कि सब खाली बर्तनों को उल्टी से भर दिया। इस प्रकार वह रानी का मान भंग करके वहां से खड़ा हो गया।

प्रद्युम्न का विकृत रुप धारण बनाकर रुक्मिणी के घर पहुँचना

(३६५) मूंड मुंडा कर तथा कमंडलु हाथ में लेकर झुका हुआ वह कुबड़ा बन गया। वह वहां से लौटा। उसके बड़े बड़े दांत थे तथा कुरूप देह थी। वह अपनी माता के महल की ओर चला।

(३६६) रुक्मिणी क्षण क्षण में अपने महल पर चढती थी और क्षण क्षण में वह चारों ओर देख रही थी कि मुझ से नारद ने यह बात कही थी कि आज तेरे घर पुत्र आवेगा।

(३६७) मुनि ने जिन जिन बातों को कही थी वे सब चिन्ह पूरे हो रहे हैं। मनोहर आम्र के वृक्ष फले हुये देखे तथा उसका आंचल पीला दिखाई देने लगा।

(३६८) सूखी बावड़ी नीर से भर गयी। दोनों स्तनों में दूध भर आया तब रुक्मिणी के मन में आश्चर्य हुआ इतने ही में एक ब्रह्मचारी वहां पहुँचा।

(३९९) तब रुक्मिणी ने नमस्कार किया तथा उस खोड़े ने धर्म वृद्धि हो ऐसा कहा। विनय पूर्वक उसने उस ब्रह्मचा ी का आदर किया तथा स्वर्ण सिंहासन बैठने के लिये दिया।

(४००) रुक्मिणी ने तो समझा करके क्षेमकुशल पूछा किन्तु वह भूखा भूखा चिल्लाता रहा। रुक्मिणी ने अपनी सखी को बुलाकर सब बात बता दी तथा इसका जीमन कराओ और कुछ भी देर मत लगाओ ऐसा कहा।

(४०१) तत्काल वह जीमन कराने के लिये उठी तो प्रद्युम्न ने अग्नि स्तंभिनी विद्या को याद किया। उस कारण न तो भोजन ही पक सका और चूल्हा धुआं धार हो गया तथा वह भूखा भूखा चिल्लाता रहा।

(४०२) मैं सत्यभामा के घर गया था लेकिन वहां भी खाना नहीं मिला तथा उल्टा भूखा रह गया। जो दिया वह भी छीन लिया। इस प्रकार मेरे तीन लंघन हो गये हैं।

(४०३) रुक्मिणी ने चित्त में सोचा और उसको लड्डू लाकर परोस दिये। एक मास तक खाने के लिये जो लड्डू रखे हुये थे वे सब कुबड़े रूप धारी प्रद्युम्न ने खा लिये।

(४०४) जिस आधे लड्डू को खा लेने पर नारायण पांच दिन तक तृप्त रहते थे। तब रुक्मिणी ने मन में विचारा कि कुछ कुछ समझ में आता है कि यही वह है अर्थात मेरा पुत्र है।

(४०५) तब रानी के मन में आश्चर्य हुआ कि इस प्रकार का पुत्र किस घर में रह सकता है। ऐसा पुत्र उत्पन्न हो सकता है यह कहा नहीं जा सकता। नारायण को कैसे विश्वास कराया जाय।

(४०६) तब रुक्मिणी के मन में संदेह पैदा हुआ कि यह कालसंवर के घर बड़ा हुआ है वहां उसने कितनी ही विद्याएँ सीख ली है यह उसी विद्या बल का प्रभाव है।

(४०७) यह विचार कर रुक्मिणी ने उससे पूछा कि हे महाराज आपका स्थान कौनसा है। आपका आगमन कहाँ से हुआ है तथा किस गुरु ने आपको दीक्षा दी है।

(४०८) आपकी कौनसी जन्मभूमि है तथा माता पिता के सम्बन्ध में मुझे प्रकाश डालिये। फिर उसने विनय के साथ पूछा कि आपने यह भ्रन किस कारण ले रखा है ?

(४०९) तब वह क्रोधित होकर बोला कि बाह्य गुरु के देखने से क्या होगा। गोत्र नाम तो उससे पूछा जाता है जिसका विवाह मंगल होने वाला होता है।

(४१०) हम परदेशी हैं देश देशान्तर में फिरते रहते हैं। भिक्षा मांग करके भोजन करते हैं। तू प्रसन्न होकर हमको क्या दे देगी और रूठ जाने पर हमारा क्या ले लेगी।

(४११) जब वह खोडा क्रोधित हुआ तो उससे रुक्मिणी मन में उदास हो गयी। वह हाथ जोड़कर उसे मनाने लगी। मेरी भूल हो गयी थी आप दोष मत दीजिये।

(४१२) तब प्रद्युम्न ने उस समय कहा कि हे माता मुझे मन से क्यों भूल गयी हो। मुझे सच्चा प्रद्युम्न समझो तथा मैं पूछूं जिसका जवाब दो।

(४१३) तब मन में प्रसन्न होकर उसने (रुक्मिणी) जिस प्रकार अपना विवाह हुआ था तथा जिस प्रकार प्रद्युम्न हर लिया गया था सारा पीछे का कथान्तर कहा।

(४१४) उसे धूमकेतु हर ले गया था फिर उसे यमसंवर घर ले गया। मुझे यह सब बात नारद ने कही थी तथा कहा था कि आज तुम्हारा पुत्र घर आवेगा।

(४१५) और जो मुनि ने वचन कहे थे उसके अनुसार सब चिह्न पूरे हो रहे हैं। लेकिन अब भी पुत्र नहीं आवे तो मेरा मन दुखित हो जावेगा।

(४१६) सत्यभामा के घर पर बहुत उत्सव हो रहा है क्योंकि आज भानुकुमार का विवाह है। मैं आज होड़ में हार गयी हूँ तथा कार्य की सिद्धि नहीं हुई है। इसी कारण मेरा मस्तक आज मूंडा जावेगा।

(४१७) प्रद्युम्न माता के पास पूरी कथा सुनकर हाथ से पकड़ कर अपना माथा धुना। मन में पछतावा मत करो तथा मुझे ही तुम अपना पुत्र मिला हुआ जान लो।

(४१८) उसी समय प्रद्युम्न ने विचार किया और बहु रूपिणी विद्या को स्मरण किया। अपनी माता को उसने ओझल कर दिया और दूसरी मायामयी रुक्मिणी बना दी।

सत्यभामा की स्त्रियों का रुक्मिणी के केश उतारने के लिये आना

(४१९) इतने में सत्यभामा की ओर से बहुत सी स्त्रियां मिल कर तथा नाई को साथ लेकर चली और जहां मायामयी रुक्मिणी थी वहां वे आ पहुँची।

(४२०) पांव पडकर उससे निवेदन किया कि उन्हें सत्यभामा ने उसके पास भेजी हैं। हे स्वामिनी तुम अपने मन में हीनतामत लाओ तथा भंवरों के समान अपने काले केशों को उतारने दो।

(४२१) वचनों को सुनकर सुंदरी ने कहा कि तुम्हारा बोल सच्चा हो गया है। अब कामदेव (प्रद्युम्न) का चरित्र सुनो कि नाई ने अपना ही सिर मूंड लिया।

प्रद्युम्न द्वारा उनके अंग काट लेना

(४२२) उस नाई ने अपने हाथ की अंगुली को काट लिया और साथ की स्त्रियों को भी मूंड लिया। उनके नाक कान खोड़े कर दिये फिर वे सब वापिस अपने घर की ओर चल दीं।

(४२३) वे स्त्रियां गाती हुई नगर के बीच में से निकलीं। किस पुरुष ने इन स्त्रियों को विकृत रूप कर दिया है? सबको यह बड़ा विचित्र अचंभा हुआ और नगर के लोग हँसी करने लगे।

(४२४) उसी क्षण वे रणवास में गयीं और सत्यभामा के पास जाकर खड़ी हो गयीं। उनका विपरीत रूप देखकर वह बोली कि किसने तुम्हारा विकृत रूप कर दिया है?

(४२५) तब वे दुःखित होकर कहने लगी कि हम रुक्मिणी के घर गयी थीं। जब उन्होंने टटोल कर अपने नाक कान देखे तो वे नाई की तरह रोने लगीं।

(४२६) इस घटना को सुनकर खबर देने वाले गुप्तचर वहां आये जहां रणवास में रुक्मिणी बैठी हुई थी तथा कहने लगे कि बहुत सी स्त्रियों के सिर मूंडकर और नाक कान काट कर विकृत रूप बना दिया है, ऐसा हमने सुना है।

(४२७) इस बात को सुनकर रुक्मिणी ने कहा कि निश्चय रूप से यही प्रद्युम्न है। हे वीरों में श्रेष्ठ एवं साहस तथा धैर्य को रखने वाले सब कार्य छोड़कर प्रकट हो जाओ।

प्रद्युम्न का अपने असली रूप में होना

(४२८) तब प्रद्युम्न प्रकट हो गया जिसके समान रूप वाला दूसरा कोई नहीं था। वह अत्यन्त सुंदर एवं लक्षण युक्त था। तब रुक्मिणी ने समझा कि यह उसका पुत्र है।

(४२९) जब रुक्मिणी ने प्रद्युम्न को देखा तो उसका सिर चूम लिया और गोद में ले प्रसन्न मुख होकर उसे कंठ से लगा लिया तथा कहा कि आज मेरा जीवन सफल है। आज का दिन धन्य है कि पुत्र आ गया। जिसे १० मास तक हृदय में धारण कर बड़ा दुःख सहन किया था, मुझे यह पछतावा सदैव रहेगा कि मैं उसका बचपन नहीं देख सकी।

(४३०) माता के वचन सुनकर वह पांच दिन का बच्चा हो गया। फिर वह क्षण भर में बढ़ कर एक महीने का हो गया तथा फिर वह प्रद्युम्न बारह महीने का हो गया।

(४३१) कभी वह लौटने लगा, कभी हठ करने लगा और कभी दौड़कर आंचल से लगने लगा। वह कभी खाने को मांगता था और इस प्रकार उसने बहुत भेष उत्पन्न किये।

(४३२) वहां इतना चरित करने के पश्चात् फिर वह अपने रूप में आ गया। उसने कहा कि हे माता तुम्हें मैं एक कौतुक दिखलाऊंगा।

सत्यभामा का हलधर के पास दूती को भेजना

(४३३) अब दूसरी ओर कथा आ रही है। सत्यभामा ने स्त्रियों को बलराम के पास भेजा और कहलाया कि हे बलराम रुक्मिणी के ऐसे कार्य के लिये आप साक्षी बने थे।

(४३४) स्त्रियां जाकर वहां पहुँची जहां बलराम कुमार बैठे हुये थे। बड़ी ही युक्ति के साथ विनय पूर्वक कहा कि रुक्मिणी ने ऐसे काम किये हैं।

हलधर के दूत का रुक्मिणी के महल पर जाना

(४३५) बलराम ने क्रोधित होकर दूत को भेजा और वह तत्काल पवन-वेग की तरह रुक्मिणी के पास पहुँचा। सिंह-द्वार पर जाकर खड़ा हो गया और रुक्मिणि को इसकी सूचना भेज दी।

(४३६) तब मदन (प्रद्युम्न) ने फिर विचार किया और मूंडे हुये ब्राह्मण का भेष धारण किया। उसने स्थूल पेट एवं विकृत रूप धारण कर लिया तथा वह आड़ा होकर द्वार पर गिर गया।

(४३७) तब दूत ने उससे कहा कि हे ब्राह्मण उठो जिससे हम भीतर जा सके। फिर उत्तर में ब्राह्मण ने कहा कि वह उठ नहीं सकता। लौट करके फिर आना।

(४३८) उसके वचनों को सुनकर वे क्रोधित होकर उठे और उसका पैर पकड़ कर एक ओर डाल दिया। तब उसने कहा कि ऐसा करने से यदि ब्राह्मण मर गया तो उनको गोहत्या का पाप लगेगा।

प्रवेश न प्राप्त कर सकने के कारण दूत का वापिस लौटना

(४३९) इस प्रकार जानकर वह वापिस चला गया तथा बलभद्र के पास खड़ा हो गया। द्वार पर एक ब्राह्मण पड़ा हुआ है वह ऐसा लगता है मानों पांच दिन से मरा पड़ा हो।

(४४०) हम उन तक प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके क्योंकि वह पोल(द्वार) को रोक कर पड़ा हुआ है यदि उसके पैर पकड़ कर एक ओर डाल दिया जावे और वह मर जावेगा तो ब्राह्मण हत्या का पाप लगेगा।

स्वयं हलधर का रुक्मिणी के पास जाना

(४४१) बात सुनकर बलभद्र क्रोध से प्रज्वलित होकर चले। तथा उनके साथ दस बीस आदमी गए और वे पवन-वेग की तरह रुक्मिणी के घर पहुँच गए।

(४४२) वे सिंह द्वार पर आकर खड़े हो गये और ब्राह्मण को द्वार पर पड़ा हुआ देखा तब बलभद्र ने उसे निवेदन किया कि हे ब्राह्मण उठो भीतर जावेंगे।

(४४३) तब ब्राह्मण ने बलभद्र (बलराम) से कहा कि वह सत्यभामा के घर जीमने गया था। उसने उदर को सरस आहार से इतना भर लिया है कि पेट अफर गया है और वह उठ भी नहीं सकता।

(४४४) तब बलभद्र (बलराम) हंस कर कहने लगे कि तुम एक ही स्थान पर बैठ कर खाते रहे। ब्राह्मण खाने में बड़े लालची होते हैं तथा बहुत खाते हैं यह सब कोई जानते हैं।

(४४५) तब वह ब्राह्मण क्रोधित होकर बोला कि बलराम तुम बड़े निर्दयी हो। दूसरे तो ब्राह्मण की सेवा करते हैं लेकिन तुम दुःख की बात कैसे बोलते हो ?

(४४६) तब बलभद्र क्रोधित होकर उठे और उसके पैर पकड़ कर निकालने के लिये चले। ब्राह्मण ने कहा कि मुझे गाली क्यों देते हो ? आओ मुझे बाहर निकाल दो।

(४४७) तब हलधर उसे निकालने लगे तो प्रद्युम्न ने अपनी माता रुक्मिणी से कहा। एक बात मैं तुमसे पूछता हूँ यह कौन वीर है, मुझे कहो।

रुक्मिणी द्वारा हलधर का परिचय

(४४८) यह छप्पनकोटि यादवों के मुख मंडल की शोभा है और इन्हें बलभद्रकुमार कहते हैं। यह सिंह से युद्ध करना खूब जानते हैं। यह तुम्हारे पितृव्य (बड़े पिता) है यह मैं तुम से कहती हूँ।

(४४९) पैर पकड़ कर वह (बलराम) बाहर खैंच ले गया किंतु वह (प्रद्युम्न) पैर बढ़ाकर धड़ सहित वहीं पड़ा रहा। यह आश्चर्य देखकर बलभद्र ने कहा कि यह गुप्त वीर कौन है ?

प्रद्युम्न का सिंह रुप धारण करना

(४५०) पांव टेक कर वह भूमि पर खड़ा हो गया और उसी क्षण उसने सिंह का रुप धारण कर लिया। तब हलधर ने अपने आयुध को सम्हाला। फिर वे दोनों वीर ललकार कर भिड़ गये।

(४५१) युद्ध करने लगे, भिड़ने लगे, अखाड़े बाजी करने लगे दोनों वीर मल्ल युद्ध करने लगे। सिंह रूप धारी प्रद्युम्न संभल कर उठा और बलभद्र के पैर पकड़ कर अखाड़े में डाल दिया।

(४५२) जहां छप्पन कोटि यादवों के स्वामी नारायण थे वहां जाकर हलधर गिरे। सभी लोग आश्चर्य चकित हो गये और कृष्ण भी कहने लगे कि यह बड़ी विचित्र बात है।

चतुर्थ सर्ग

रुक्मिणी के पूछने पर प्रद्युम्न द्वारा अपने बचपन का वर्णन

(४५३) इतनी बात तो यहां ही रहे। अब यह कथा रुक्मिणी के पास के प्रारम्भ होती है। वह अपने पुत्र से पूछने लगी कि इतना बल पौरुष कहां से सीखा ?

(४५४) मेघकूट नामक जो पर्वतीय स्थान है वहां यमसंवर नामका राजा निवास करता है। हे माता रुक्मिणी ! सुनो मैंने वहीं से अनेक विद्यायें सीखी हैं।

(४५५) मैं आपसे कहता हूँ कि मेरे वचन सुनो। नारद ऋषि मुझे यहां लाये हैं। फिर प्रद्युम्न हाथ जोड़ कर बोला कि मैं उदधि माला को ले आया हूँ।

(४५६) तब माता रुक्मिणी ने हंसकर कहा कि भैया, नारद कहां है। हे पुत्र सुनो मैं तुमसे कहती हूँ कि उदधिमाला कहां है उसे मुझे दिखलाओ।

प्रद्युम्न द्वारा रुक्मिणी को यादवों की सभा में ले जाने की स्वीकृति लेना

(४५७) तब प्रद्युम्न ने रुक्मिणी से कहा कि हे माता मैं तुमसे एक वचन मांगता हूँ। मैं तुम्हें तुम्हारी बाँह पकड़ कर के सभा में बैठे हुये यादवों को ललकार करके ले जाऊंगा।

यादवों के बल पौरुष का रुक्मिणी द्वारा वर्णन

(४५८) माता ने उस साहसी की बात सुनकर कहा कि ये यादव लोग बड़े बलवान हैं बलराम और कृष्ण जहां है उनके सामने से तुम कैसे जाने पाओगे।

